@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 29 मई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 189 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.37 फीसदी मतदान: चुनाव आयोग

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 28 मई। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में हुए मतदान के आखिरी आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, छठे चरण में कुल मिलाकर 63.37त्न मतदान दर्ज किया गया। इसमें 61.95 फीसदी पुरुष, 64.95 फीसदी महिला और 18.67 फीसदी थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। भारत के चुनाव आयोग ने मंगलवार को बताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 11.13 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के पहले छह चरणों में 87.54 करोड़ मतदाताओं में से 57.77 करोड़ मतदाता वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे हैं। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ है। चुनाव आयोग (ईसी) के अनुसार, 20 मई को हुए पांचवें चरण के मतदान में 62.2 प्रतिशत वोटिंग हुई। चौथे चरण में मतदान 69.16 प्रतिशत रहा, जो 2019 के आम चुनाव में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अधिक है। तीसरे चरण में मतदान का आंकड़ा 65.68 फीसदी रहा। 2019 चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 फीसदी मतदान हुआ था। 2024 के चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था। दरअसल, लोकसभा चुनाव के छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग हुई। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी था, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी, निरहुआ, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में बंद हुआ। छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल थीं। वहीं, सबसे कम जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोग वोट डाले गए थे। 2019 में इन 58 में से 40 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं दूसरे स्थान पर बसपा के खाते में चार सीटें गई थीं जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। पिछले चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22त्न फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 84.59 फीसदी मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं, सबसे कम 8.98 फीसदी मतदान जम्मू-कश्मीर में दर्ज किया गया था।




## गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करें अस्पताल

नई दिल्ली, 28 मई। देश की बीमा कंपनियों और आयुष अस्पताल संचालकों की बैठक में केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि गुणवत्ता मानकों का अस्पताल प्रबंधन सख्ती से पालन करें। मरीजों को आयुष बीमा का लाभ देने के लिए गुणवत्ता और नियमों का पालन की जिम्मेदारी अस्पतालों पर है। वहीं, बीमा कंपनियों से कहा गया कि मरीजों के लिए ज्यादा किफायती आयुष पैकेज तैयार किए जाएं। सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित इस बैठक में दो अलग अलग सत्र के दौरान अस्पताल, बीमा कंपनी और आयुष मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य बीमा से जुड़े कई बिंदुओं पर चर्चा की। केंद्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई क्षेत्रों में एक साथ कार्य कर रही है। मौजूदा समय में करीब 275 से अधिक पैकेज के साथ आयुष बीमा की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन सरकार इसे व्यापक बनाना चाहती है जिसके लिए बैठक में सभी संबंधित लोगों को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य परियोजना के तहत आयुष पैकेज का लाभ भी मिल सकेगा। इस योजना के तहत पांच लाख रुपये सालाना का स्वास्थ्य बीमा लाभ मिल रहा है। उन्होंने यहां तक कहा है कि आयुष चिकित्सा को बेहतर बनाने के लिए हाल ही में स्वास्थ्य महानिदेशालय के साथ मिलकर गुणवत्ता मानकों के दिशा निर्देश जारी हुए हैं जिसका पालन देश के सभी अस्पतालों को करना है।

## मिजोरम में मरने वालों की संख्या हुई 15

आइजोल, 28 मई। चक्रवात रेमल से मिजोरम में भारी बारिश के चलते मंगलवार सुबह आइजोल जिले के अलग-अलग इलाकों में हुए भूस्खलन से करीब 15 लोगों की मौत हो गई। चक्रवात की वजह से राज्य में तेज हवाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने आपात बैठक कर हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा है कि राज्य में 15 लोगों की जान चली गई है। इनमें पत्थर की खदान ढहने से 11 लोग शामिल हैं। जिले के मेल्युम और हीमेन हॉस्पिटल; के बीच एक खदान से 11 शव निकाले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलबे में और शव दबे हो सकते हैं। राहत और बचाव कार्यों के लिए मुख्यमंत्री ने 15 कोरड़ रुपए मंजूर किए हैं। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपदा से हुए नुकसान की भरपाई एवं राहत कार्यों के लिए सरकार ने 15 करोड़ रुपए की मंजूर किए हैं। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को मदद देने का भी भरोसा दिया है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। एक अधिकारी ने बताया कि बारिश के कारण राज्य में कई स्थानों पर भूस्खलन भी हुआ है। उन्होंने बताया कि हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से अलग हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।

## 30 मई को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद कन्याकुमारी जाएंगे पीएम मोदी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली/चेन्नई, 28 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। यहां वे स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे। भाजपा नेताओं ने मंगलवार को बताया कि वह 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। माना जाता है कि यहां विवेकानंद को भारत माता के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ गुफा में इसी तरह का ध्यान लगाया था। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि अपने आध्यात्मिक प्रवास के लिए कन्याकुमारी में स्थान चुनने का पीएम मोदी का फैसला देश के लिए विवेकानंद के दृष्टिकोण को साकार करने की उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। देश में आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होना है। चुनाव के लिए प्रचार अभियान चुनाव से दो दिन पहले समाप्त हो जाता है। नतीजे चार जून को आएंगे। उन्होंने बताया कि जिस चट्टान पर प्रधानमंत्री ध्यान करेंगे, उसका विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव था और यह भिक्षु के जीवन में गौतम बुद्ध के लिए सारनाथ के समान ही महत्व रखता है। पूरे देश में घूमने के बाद विवेकानन्द यहीं पहुंचे थे और तीन दिनों तक ध्यान किया था। उन्होंने यहां विकसित भारत का सपना देखा था। एक भाजपा नेता ने बताया कि उसी स्थान पर ध्यान करना स्वामी जी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को जीवन में लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस स्थान को पवित्र ग्रंथों में भगवान शिव के लिए देवी पार्वती के ध्यान के स्थल के रूप में भी जाना जाता है। यह स्थान भारत का सबसे दक्षिणी छोर है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह वह जगह है, जहां पूर्वी और पश्चिमी तटरेखाएं मिलती हैं। यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है। एक नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी कन्याकुमारी जाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दे रहे हैं। यह तमिलनाडु के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और स्नेह को भी दर्शाता है।



## आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल बढ़ाने पर राजनीति: ओवैसी

नई दिल्ली, 28 मई। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव के बीच में थलसेना अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाने की जरूरत नहीं थी। ओवैसी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सत्ताधारी पार्टी को सशस्त्र बलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने रविवार को ही थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के कार्यकाल को एक माह यानी कि 30 जून तक बढ़ाने का फैसला किया। लोकसभा चुनाव के बीच में सरकार के इस कदम की आलोचना हो रही है। जनरल मनोज पांडे 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे थे। ओवैसी ने लिखा कि केंद्र सरकार को पहले से ही जनरल मनोज पांडे की सेवानिवृत्ति की तारीख पता होगी, ऐसे में सरकार को पहले ही नए थलसेना प्रमुख की नियुक्ति कर देनी चाहिए थी। हैदराबाद के एआईएम आईएम सांसद ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी को हमारे सशस्त्र बलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए, लेकिन बीते एक दशक में हमने देखा है कि मोदी सरकार में हमारे सैनिकों को चुनावी फायदे के लिए इस्तेमाल किया गया। हमने देखा कि चीन की सीमा पर हमारे सैनिक पेट्रोलिंग नहीं कर पा रहे हैं। ओवैसी ने लिखा जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल सिर्फ एक महीने के लिए बढ़ाया गया है, मतलब ये एक अस्थायी उपाय है, इससे सरकार में प्रशासन की साफ कमी दिखती है। अगर ये अक्षमता नहीं है तो इसमें कोई साजिश भी हो सकती है।

## वाराणसी लोकसभा सीट से भी इंडी गठबंधन की जीत होगी: अखिलेश यादव

**कौमी संवाददाता**

लखनऊ, 28 मई। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक मैं उत्तर प्रदेश में एक सीट को छोड़कर सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा कर रहा था, लेकिन आज मैं कह सकता हूं कि जहां भाजपा के लोग क्योटो को अपनी सीट मान रहे थे ये भी सीट वो हारने जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि ये जोश इस बार परिवर्तन के लिए मतदान करने जा रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि काशी की जनता इस बार इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना एक-एक मत देकर न केवल जिताने का काम करेंगी बल्कि रिकॉर्ड मतों से जिताने का काम करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि मैं जब भी आपके शहर में आता हूं तो मैं सोचता हूं कि मैं काशी में आया हूं कि क्योटो में। कहा कि मैं पहले चरण से जनता के बीच भाजपा के लिए जो गुस्सा देख रहा हूं, वह सातवें चरण में सातवें आसमान पर पहुंच जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि हम



लोग डबल ताकत हो गए हैं, वो डबल जीरो हो गए हैं। जो कहते थे कि हम डबल इंजन की सरकार हैं उन्होंने यहां के लोगों के साथ धोखा करने का काम किया है। डबल इंजन का यहां धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। जो घबराए हुए लोग हैं, हम लोगों को शहजादा बोल रहे हैं, वो सुन लें दोनों शहजादे इस बार शह देने जा रहे हैं, मात भी देने का काम भी करेंगे। जिन्होंने मां गंगा की कसम खा करके कहा था मां गंगा साफ हो जाएंगी, मां गंगा तो साफ नहीं हुई लेकिन जितना भी बजट आया था सब साफ हो गया। जिस गांव को गोद लिया था, उसका कोई नाम भी नहीं ले रहा है। उस गांव का कोई नाम भी जानता है।

## ताज होटल और मुंबई हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की मिली धमकी

मुंबई, 28 मई। मुंबई पुलिस को सोमवार को धमकी भरा फोन कॉल आया। पुलिस के मुताबिक कॉल करने वाले शख्स ने फोन पर कहा कि शहर के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। पुलिस ने परिसर में तलाशी ली लेकिन उसे कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, फोन कॉल उत्तर प्रदेश से आई थी और पुलिस अब फोन करने वाले की तलाश कर रही है। आगे की जांच चल रही है। यह मामला तब सामने आया है, जब कुछ दिन पहले मुंबई पुलिस के नियंत्रण कक्ष को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दादर स्थित मैकडॉनल्ड्स को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि पुलिस ने कहा था कि उन्हें मौके पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। दिल्ली-एनसीआर, जयपुर, उत्तर प्रदेश और बेंगलुरु के कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई थी।

## 'रेमल से बेपरवाह टीएमसी ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ा': अधीर रंजन चौधरी

कोलकाता, 28 मई। पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि राज्य सरकार चक्रवाती तूफान रेमल के लिए पहले से तैयार नहीं थी। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उनके हाल पर छोड़ दिया गया। मुर्शिदाबाद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने दावा किया कि टीएमसी सरकार लोकसभा चुनाव में व्यस्त रही और रेमल से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए पहले से पर्याप्त तैयारियां नहीं कीं। उन्होंने कहा कि पूरा पश्चिम बंगाल जानता है कि ममता बनर्जी लोगों की मदद के लिए कभी तैयार नहीं रहतीं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जिस समय तूफान से प्रभावित लोगों को मदद की जरूरत थी, उस समय राज्य सरकार ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया। बता दें कि चक्रवाती तूफान रेमल ने पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में रविवार रात को असर डाला था और इससे वहां काफी नुकसान हुआ। राज्य सरकार के एक अधिकारी का कहना है कि चक्रवाती तूफान की वजह से 2,07,060 लोगों को विस्थापित किया गया। इसके अलावा 29,500 घरों को इस तूफान से नुकसान पहुंचा है। मुख्य रूप से तटीय क्षेत्रों में इस तूफान ने तबाही मचाई है।

## भारत को मजबूत नेता, स्थिर सरकार की जरूरत: विदेश मंत्री

**सौरभ शर्मा**

शिमला, 28 मई। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया तनावपूर्ण स्थिति में है और चल रहे संघर्षों के जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है और इस परिदृश्य में भारत को एक स्थिर सरकार और नेटवर्किंग, प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ एक मजबूत और शक्तिशाली नेता की जरूरत है। यहां उन्होंने मीडियाकर्मियों के एक समूह से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन और इजराइल-गाजा-ईरान में संघर्ष चल रहे हैं और भारतीय सीमाओं पर भी मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि भारत के पास एक मजबूत नेतृत्व है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, दुनिया तनावपूर्ण स्थिति में है और चल रहे संघर्ष इतनी जल्दी खत्म नहीं होंगे और इसलिए भारत को एक स्थिर सरकार, नेटवर्किंग, प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ एक मजबूत और शक्तिशाली नेता की जरूरत है। जयशंकर ने पूछा, अगर आपका परिवार रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन में होता, तो आप राष्ट्र के शीर्ष पर किसे चाहते होते - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या कोई और चेहरा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं आगे चार-पांच साल का कठिन समय देख रहा हूं और मतदाताओं को समझदारी से मतदान करना चाहिए, क्योंकि हमारी सीमाओं पर भी इसी तरह के संघर्ष हो सकते हैं। चीन सीमा पर 1962 में ली गई जमीन पर सड़क, पुल और मॉडल गांव का निर्माण कर रहा है और उसने पाकिस्तान और भारत के समन्वय से सियाचिन तक सड़क भी बनाई है, सीमा पर सेनाएं तैनात की हैं, रसद में सुधार किया है और भारत-चीन के लिए बजट भी तैयार किया है। विदेश मंत्री ने कहा कि सीमा के लिए बजट को 3000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। 1986 में जब अरुणाचल प्रदेश में चीन ने अतिक्रमण किया था तो इस विवाद को सुलझाने में करीब नौ साल लग गए। उस समय का विपक्ष आज सरकार में है। 1962 में भी चीन के साथ लड़ाई के दौरान अच्छे विपक्ष का भी परिचय दिया। आज विपक्ष का व्यवहार वैसा नहीं है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। एस. जयशंकर ने कहा कि आयात शुल्क की सीमा पिछली यूपीए सरकार के वक्त में ही तय की गई थी। यह आनंद शर्मा से पूछा जाना चाहिए। उसी वक्त आयात शुरू किया गया। सेब की पैदावार में बहुत बड़ा परिवर्तन आ रहा है। आने वाले वक्त में यह उत्पादकता बढ़ जाएगी। अमेरिका के साथ आयात शुल्क बढ़ाया गया था। उन्हें यह जानकारी मिली है कि कुछ और देशों से भी सेब आता है। यह विदेश, वाणिज्य और वित्त मंत्रालयों का संयुक्त विषय है। इसकी समीक्षा की जा रही है। अगर लगा कि यह गलत रूट से आ रहा है और कानून का दुरुपयोग हो रहा है तो इस पर कार्रवाई होगी। एस. जयशंकर ने कहा कि अग्निवीर मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री बोले कि इस योजना पर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जबकि केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों में भी तो इनकी भर्तियां की जानी हैं।



## मुख्यमंत्री पद को लेकर एनसीपी 2004 में ही दो फाड़ हो जाती: अजित पवार

मुंबई, 28 मई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार ने अपने चाचा और एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार पर निशाना साधा। उन्होंने शरद के उस दावे को सरासर झूठ बताया, जिसमें कहा था कि यदि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए दांव लगाया होता तो अविभाजित पार्टी 2004 में विभाजित हो गई होती। अजित पवार ने सोमवार को अपने नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, वह और वरिष्ठ नेता छगन भुजबल, सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल चाहते थे कि 2004 में एनसीपी (अविभाजित) को सीएम पद मिले। बता दें कि 1999 और 2014 के बीच कांग्रेस और अविभाजित एनसीपी ने संयुक्त रूप से महाराष्ट्र सरकार चलाई, जिसमें मुख्यमंत्री हमेशा कांग्रेस का रहा। जबकि, दोनों दलों के बीच सहमति के चलते उप-मुख्यमंत्री का पद आमतौर पर राकांपा के पास रहा। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश नहीं करने पर निराशा व्यक्त की थी। दिलचस्प बात यह है कि 2004 के विधानसभा चुनाव में एनसीपी (अविभाजित) ने 288 सदस्यीय सदन में अपनी सहयोगी कांग्रेस (69) की तुलना में अधिक सीटें (71) जीती थीं। हालांकि, 1999 में कांग्रेस को विभाजित करने के बाद, शरद पवार ने कांग्रेस को सीएम पद की पेशकश की और अपनी पार्टी के लिए राज्य के साथ-साथ केंद्र में भी अधिक कैबिनेट विभाग हासिल किए। शरद ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि एनसीपी (अविभाजित) 2004 में ही विभाजित हो गई होती। इस दौरान उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भी अनुभवहीन बताया था। उनके इस दावे से पता चलता है कि मुख्यमंत्री पद के लिए कई दावेदार थे। इस मुद्दे पर पहली बार अजित पवार ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, उनका मानना था कि छगन भुजबल को 2004 में शीर्ष पद के लिए चुना जाएगा, क्योंकि, 1999 में एनसीपी के गठन के बाद, उन्होंने राज्य के सभी कोनों में पार्टी का प्रसार किया। कोई भी इससे इन्कार नहीं कर सकता, क्योंकि हम सभी उनके प्रयासों के गवाह रहे हैं। अजीत पवार ने अनुभवहीन नेतृत्व के दावे पर कहा, 1991 में, जब राकांपा कांग्रेस से अलग नहीं हुई थी, तब शरद पवार को दिल्ली जाना पड़ा, क्योंकि उन्हें रक्षा विभाग दिया गया था।

## हिमाचल सरकार से केंद्र की ओर से दिए गए बजट का लूंगा पूरा हिसाब: जेपी नड्डा

**नरेश मल्होत्रा**

भावानगर/रोहडू, 28 मई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को अलग-अलग चुनावी जनसभाओं में प्रदेश की कांग्रेस सरकार और इंडी गठबंधन पर जोरदार जुबानी हमला बोला। नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। इनके कई नेता जेल में हैं तो कई बेल पर। उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि केंद्र की ओर से आपदा, सड़कों के निर्माण और रखरखाव व आवास निर्माण के लिए जो बजट दिया है, उसका पूरा हिसाब लूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है। नड्डा ने शिमला के रोहडू, ननखड़ी और किन्नौर के छोलतू में जनसभाएं कीं। नड्डा ने कहा कि पहले जाति, धर्म और इलाके के नाम पर वोट डाले जाते थे, लेकिन अब नेताओं के काम के रिपोर्ट कार्ड को देखकर लोग वोट डालते हैं। आपदा में कांग्रेस सरकार को केंद्र ने 1,782 करोड़ रुपये राहत कार्यों के लिए दिए, लेकिन इन पैसों की बंदरबांट हुई। इसके अलावा सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने 2,500 करोड़ और नए मकान बनाने के लिए 11,000 करोड़ रुपये दिए। राहुल व प्रियंका गांधी का बिना नाम लिए आरोप लगाया कि आपदा में न भाई हिमाचल आए, न बहन, जबकि वह खुद तीन बार आए हैं। मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के लिए मतदान की अपील करते हुए नड्डा ने कहा कि मंडी से प्रतिभा सिंह तीन बार सांसद रहीं, लेकिन उन्होंने अपने गृहक्षेत्र में भी विकास नहीं करवाया। लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह रामपुर उपमंडल में ही खस्ताहाल सड़कें दुरुस्त नहीं करवा पाए, तो वह मंडी संसदीय क्षेत्र का क्या विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने राजनीति ही बदल दी है। अब धर्म, जाति, इलाके और ऊपर-नीचे की राजनीति नहीं होती। 10 साल पहले देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था, हर कहीं कमीशन की बात होती थी, अब केंद्र की मोदी सरकार में यह सब देखने को नहीं मिलता है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी ने कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, चावल घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, 2-जी और 3-जी घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड, हेलिकॉप्टर घोटाला, चीनी घोटाला, चारा घोटाला, नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया है। इनके नेताओं और नौकरों के घरों से करोड़ों रुपये बरामद किए गए। मोदी सरकार ने देश की सीमाओं तक सड़कें पहुंचाने का काम किया है। भारत के हर गांव में इंटरनेट की सुविधा दी है। कांग्रेस जनजातीय क्षेत्र का आरक्षण खत्म करने में लगी है। आप लोगों के आरक्षण पर डाका डालकर देश में धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। उन्होंने कहा कि कंगना ने फिल्मी दुनिया में देश-विदेश में नाम कमाकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है, इसलिए उनका हक बनता है कि उनको भी राजनीति में स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने शिमला संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप के लिए भी वोट मांगे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दमदार नेतृत्व में भारत का पूरे विश्व में डंका बज रहा है। ऐसे में इस बार देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को फिर देश की बागडोर सौंपने का मन बनाया है। कांग्रेस शासन में देश की सीमाओं में आए दिन हमले हुआ करते थे, लेकिन आज पड़ोसी देश आंख उठाकर देखने में डरते हैं।



## बांग्लादेश में चक्रवात रेमल का कहर,तबाही के कारण सात लोगों की मौत

**एजेंसी**

**ढाका ।** बांग्लादेश में चक्रवात रेमल की तबाही के कारण सात लोगों की मौत हो गई। देश के दक्षिण और दक्षिणपूर्वी पांच तटीय जिलों से मौतों की सूचना मिली है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार रात बताया कि भीषण चक्रवात के कारण दो लोगों के लापता होने की भी सूचना है।



बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग (बीएमडी) में चक्रवात चेतावनी केंद्र के उप निदेशक मोहम्मद शमीम अहसन ने शिन्हुआ को बताया कि रविवार रात रात 8 बजे तट पर आए तूफान के बाद दक्षिणी बांग्लादेश और भारत के पश्चिम बंगाल के तटों पर तेज हवाएं चलीं और तूफान आया। चक्रवात ने लगभग एक दर्जन तटीय जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचाया।

10 सबसे संवेदनशील जिलों से आठ लाख लोगों को लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा चुका है। कॉक्स बाज़ार, चट्टोग्राम, पटुआखाली और अन्य तटीय जिलों में बाढ़ का व्यापक असर है।

बांग्लादेश में तटीय इलाकों में तेज़ हवाओं के कारण बिजली के खंभे उखड़ गए और तार टूटकर गिर पड़े। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। चक्रवात के कारण डेढ़ करोड़ लोग बिजली से वंचित रहे। बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

## नौसेदा फिर बने लिथुआनिया के राष्ट्रपति

**विनियस ।** निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा रविवार को हुए चुनाव में इंग्रिडा सिमोनीटे को हराकर एक बार फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति चुने गए।समाचार एजेंसी देश के चुनाव आयोग के हवाले से बताया है कि नौसेदा को 74.43 प्रतिशत मत मिले, वहीं सिमोनीटे 24.06 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



नौसेदा ने विनियस में बाल्टिक न्यूज सर्विस (बीएनएस) से कहा, लिथुआनिया के लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उनके विश्वास को संजोकर रखूंगा। अपनी इस जीत के साथ नौसेदा एक बार फिर पांच साल तक लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने रहेंगे।बीएनएस ने बताया कि वर्तमान प्रधानमंत्री सिमोनीटे ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और नौसेदा को उनकी जीत पर बधाई दी है। इसके पहले 12 मई को हुए चुनाव में पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक मत नहीं मिला था। इसके बाद दोबारा मतदान कराया गया।

## पाकिस्तान में मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म, उंगलियां जला दी गईं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के तुलंबा इलाके से दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है। यहां मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म ढाया गया। इसके बाद उनकी उंगलियां जला दी गईं। यह खुलासा पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने किया है। यह रिपोर्ट सोमवार को प्रसारित की गई है। पीड़ित लड़कियों की मां ने आरोप लगाया कि मुदस्सिर और मकसूद नाम के व्यक्तियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी बेटियों पर अत्याचार किया। लड़कियों को एक तंबू में ले जाया गया। रस्सियों से बांधकर लटका दिया गया। महिला का दावा है कि हमलावरों ने बाद में उसे और लड़कियों को पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित लड़कियों की मां ने दावा किया, पुलिस ने मुझे और मेरी बेटियों को गैर-मेडिकल जांच की गारंटी पर रिहा कर दिया। महिला ने पुलिस अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया है और जोर दिया है कि उनकी बेटियों की मेडिकल जांच और न्याय जरूरी है। डीएसपी सलीम रथ ने पुष्टि की है कि लड़कियों पर मदरसे से किताबें चुराने और उन्हें किसी और को देने का आरोप है। उन्होंने उल्लेख किया कि घटना कुछ दिन पहले हुई थी और आश्वासन दिया कि वह फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन के कारण 2000 लोग हुए जिंदा दफन, सरकार ने लगाई अंतरराष्ट्रीय मदद की गुहार

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी सरकार ने कहा है कि हुए भूस्खलन के कारण ''2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन'' हो गए है। सरकार ने बताया कि उसने राहत कार्यों के लिए औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी। सरकार का आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी के आंकड़ों से करीब तिगुना है।

संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक को रविवार को लिखे गए एक पत्र में दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय आपदा केंद्र के कार्यवाहक निदेशक ने कहा कि भूस्खलन में ''2000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए'' और ''बड़ा विनाश'' हुआ। भूस्खलन के बाद से हताहत हुए लोगों की संख्या का अनुमान व्यापक रूप से अलग-अलग है और अभी यह स्पष्ट



नहीं है कि अधिकारियों ने पीड़ितों की संख्या कैसे गिनी। ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन स्थल पर मदद के लिए विमान और अन्य उपकरण भेजने की सोमवार को तैयारी की। पापुआ न्यू गिनी के पहाड़ी इलाकों में रात भर हुई बारिश के बाद यह आशंका पैदा हो गई है कि जिस कई टन मलबे में सैकड़ों ग्रामीण दबे हैं, वह खतरनाक रूप से अस्थिर हो सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि उनके अधिकारी शुक्रवार से पापुआ न्यू गिनी के अपने समकक्षों के साथ बात कर रहे हैं। देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन हुआ था। इस भूस्खलन में मारे गए छह लोगों के शव बरामद हुए हैं।

पापुआ न्यू गिनी में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। स्थिति खराब है, क्योंकि भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित बचे लोगों दोनों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि एक संयुक्त सरकारी टीम ने रविवार को प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (लगभग 128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

## रफा हमले के बाद इजरायल से कोई बातचीत नहीं - हमास

**एजेंसी**

**गाजा।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर इजरायल के हमले के बाद हमास ने कथित तौर पर मध्यस्थों को बता दिया है कि वह युद्ध विराम या कैदी विनिमय समझौते पर कोई बातचीत नहीं करेगा।

समाचार एजेंसी ने हमास के एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह निर्णय इजरायली सेना द्वारा रफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों को निशाना बनाने और दर्जनों को मारने और घायल करने के जवाब में लिया गया है।



सूत्र ने यह भी कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के बारे में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों नेएक प्रेस बयान में कहा कि रफा शहर के पास विस्थापित लोगों के टेंट पर इजरायली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम इजरायली बंधकों को नहीं छोड़ेंगे और अगर छोड़ेंगे तो अपनी शर्त पर। हमदान ने कहा कि स्थायी युद्ध विराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगा।

# चीन के सैन्य अभ्यास के बाद अमेरिकी सांसदों ने नए राष्ट्रपति को समर्थन देने का किया वादा

**एजेंसी**

**ताइपे।** ताइवान में नये राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में चीन द्वारा आस-पास के क्षेत्र में सैन्य अभ्यास करने के तुरंत बाद अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नये नेता से मुलाकात कर अपना समर्थन जाहिर किया। अमेरिकी कांग्रेस में ताइवान कॉकस के सह-अध्यक्ष प्रतिनिधि एंडी बार्र ने कहा कि अमेरिका, ताइवान की सेना, कूटनीति और अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

केंटकी के प्रतिनिधि ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका, ताइवान में यथास्थिति और शांति बनाए रखना चाहता है और इसको लेकर अमेरिका, ताइवान या



फिर दुनिया में कहीं भी किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं होना चाहिए चीन ताइवान को एक विश्वासघाती प्रांत मानता है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर वह बलपूर्वक अपने नियंत्रण में ले सकता है। अधिकांश देशों की तरह, अमेरिका के ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं लेकिन वह द्वीप को उसकी रक्षा के साधन प्रदान करने के लिए अपने खुद के कानूनों का हवाला देता है। चीनी सरकार ने अमेरिकी सांसदों की यात्रा पर कड़ा विरोध व्यक्त किया और कहा कि इस दौरे ने चीन-अमेरिका संबंधों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को कमजोर किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा, अमेरिकी सांसदों की यात्रा ताइवान के साथ केवल अनौपचारिक संबंध बनाए रखने की अमेरिकी सरकार की राजनीतिक प्रतिबद्धता के खिलाफ है। यह दौरा ताइवान की स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकत का गंभीर रूप से गलत संकेत भेजता है।

ताइवान के नये विदेश मंत्री लिन चिया-लुंग ने हाल ही में चीन द्वारा किये गये सैन्य अभ्यासों पर गौर करते हुए इस महत्वपूर्ण समय में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से एकजुटता का संकेत दिखाने के लिए मुलाकात करने का आह्वान किया था। प्रतिनिधिमंडल में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। पिछले वर्ष अप्रैल में ताइवान की यात्रा के बाद रिपब्लिकन पार्टी के टेक्सास प्रतिनिधि पर चीन ने प्रतिबंध लगा दिया था।

## पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए तैयार

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह (पाकसेट-एमएम-1) के प्रक्षेपण के लिए तैयार है। इसे चीन के जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 30 मई को लॉन्च किया जाएगा। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस पर व्यापक चर्चा की है। अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग (सुपारको) के प्रवक्ता के अनुसार मल्टी-मिशन संचार उपग्रह पाकसेट-एमएम-1 सुपारको और चीनी एयरोस्पेस उद्योग का संयुक्त प्रयास है। इसे पाकिस्तान की संचार और कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## चुनाव संबंधी अपराधों के लिए 27 दक्षिण अफ्रीकी गिरफ्तार : पुलिस

**एजेंसी**

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका में पिछले सप्ताह चुनाव संबंधी विभिन्न अपराधों के लिए कुल 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा के उप राष्ट्रीय आयुक्त टेबेलो मोसिकिली ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि 19 से 25 मई तक 27 अतिरिक्त मामले दर्ज किए गए हैं और जांच की जा रही है, जिनमें से 17 मामले लिम्पोपो प्रांत में दर्ज किए गए हैं। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, देश की प्रशासनिक राजधानी प्रिटोरिया में आगामी चुनावों के लिए पुलिस की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई।

संदिग्धों को चुनावी अधिनियम का उल्लंघन करने, हत्या का प्रयास, बर्बरता और पोस्टरों को अवैध रूप से हटाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मोसिकिली ने कहा, पुलिस ट्रेसिंग ऑपरेशन, नाकेबंदी, रोक-तलाशी और गश्त जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, हम इस अवसर का उपयोग मतदाताओं और विभिन्न दलों के सदस्यों के बीच



राजनीतिक सहिष्णुता का आह्वान करने के लिए करते हैं।

हम अब अपने 2024 के राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनाव परिचालन योजना के दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए हम जिम्मेदार नागरिकों, विशेष रूप से सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को फर्जी खबरें फैलाने से बचने के लिए कहते हैं। आप सभी से आग्रह किया जाता है कि किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले तथ्यों को सत्यापित कर लें, क्यों ये अक्सर अनावश्यक भ्रम फैलाने और घबराहट का कारण बनता है।मोसिकिली ने चेतावनी दी कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिंसा भड़काने वालों को गिरफ्तार करेंगे, क्योंकि खुफिया समुदाय और साइबर अपराध इकाइयां ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को राष्ट्रीय सरकार और स्थानीय प्रशासन के लिए चुनाव होने हैं।

## यूक्रेन संकट के समाधान के लिए अमेरिका अपनी जिम्मेदारी समझे, चीन ने दी नसीहत

**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन ने यूक्रेन संकट का समाधान खोजने के लिए स्विट्जरलैंड में शिखर सम्मेलन का समर्थन किया है और अमेरिका को नसीहत दी है कि वह यूक्रेन रूस संकट के लिए अपनी जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के बारे में गहन चिंतन करे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन ने अमेरिका से यूक्रेनी संकट के पैदा होने और इस संकट के विकराल रूप धारण के लिए अपनी जिम्मेदारी के बारे में गहराई से सोचने का आह्वान किया है।

चीनी प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, ÷चीन अमेरिका से यूक्रेनी संकट के पैदा होने और लंबा खिंचने के लिए अपनी जिम्मेदारी पर गहराई से विचार करने और सही ढंग से आकलन करने, बदनामी और दबाव बंद करने और अंधाधुंध अवैध एकतरफा प्रतिबंध लगाने से रोकने का आग्रह करता है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की द्वारा रूस यूक्रेन संघर्ष के समाधान खोजने के मकसद में




स्विट्जरलैंड में शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को निमंत्रण के बारे में पूछे जाने पर चीनी प्रवक्ता ने कहा कि चीन यूक्रेन संकट को हल करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन बुलाये जाने का समर्थन करता है, जिसे रूस एवं यूक्रेन दोनों द्वारा मान्यता प्राप्त हो। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने रविवार को चीनी राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपने व्यक्तिगत नेतृत्व और भागीदारी के साथ स्विट्जरलैंड में शिखर सम्मेलन का समर्थन करने का अनुरोध किया।

## प्रधानमंत्री प्रचंड की दौड़धूप बेकार, विपक्षी दल को नहीं मना पाए

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में चल रहे राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' को आज भी निराशा हाथ लगी। विपक्षी दल और सत्ताधारी दलों के बीच सहमति नहीं हो पाने के कारण संसद में बिना किसी गतिरोध के बजट पेश करने का प्रयास विफल होता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने आज सत्ताधारी दल और विपक्षी दलों के साथ अलग-अलग और एक साथ बैठक कर सहमति जुटाने का प्रयास किया, लेकिन सहकारी घोटाले पर बनने वाली संसदीय जांच समिति के कार्यादेश को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। विपक्षी दलों का कहना है यदि कार्यादेश में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम नहीं लिखा जाता है तो कम से कम उस मीडिया हाउस का नाम लिखा जाना चाहिए, जिसमें सहकारी से पैसे लेकर निवेश किया गया है। प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार बताते हैं कि विपक्षी दलों की इस मांग पर खुद प्रधानमंत्री



सकारात्मक हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और नेकपा एमाले विरोध में हैं। स्वतंत्र पार्टी से संसदीय जांच समिति के कार्यादेश बनाने वाली समिति में रहे शिशिर खनाल ने कहा कि रवि लामिछाने का नाम लिखना या उनके द्वारा संचालित गोरखा मीडिया का नाम लिखना दोनों एक ही बात है। अगर ऐसा होता है तो इस पर सहमति होने का सवाल ही नहीं उठता है। उधर सत्ताधारी एमाले पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा कि विपक्षी दलों की नाजायज माग पर सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने नेपाली कांग्रेस पर राजनीतिक चरित्र नहीं दिखाने और लोकतांत्रिक अभ्यास के विपरीत व्यवहार करने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री के करीबी लोगों का कहना है कि विपक्षी दल और सत्तापक्ष के जाल में प्रधानमंत्री इस कदर उलझ गए हैं कि वो चाह कर भी सहमति नहीं करवा पा रहे हैं। इनका विश्लेषण है कि विपक्षी की मांग पर ओके बोल चुके प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार गिरने के डर से सत्तापक्ष की नाजायज बातों को मानना पड़ रहा है।

# पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में ईसाइयों पर हमले में 33 हमलावरों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए ईसाई समुदाय के लोगों पर व्यापक हमला किया गया है। यह हमला पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में हुआ। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की फैक्ट्री और घर जलाया गया। इस हमलों में आरोपित 33 संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। इस हिंसा में अभी तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस हमले और हिंसा के विरोध में ईसाई समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन किया।

इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कट्टरपंथियों ने शनिवार को लाहौर से 200 किमी दूर पंजाब के सरगोधा जिले की मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के लोगों पर हमला कर दिया। इन हमलावरों ने ईसाई समुदाय



के लोगों की घरों और संपत्तियों को तहस-नहस करके आगजनी की।

इस दौरान ईसाई समुदाय के दो लोग घायल हो गए और दस पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए। पंजाब पुलिस के सोमवार को दिए बयान के अनुसार सरगोधा की हिंसा में अब तक 44 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 33 लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस की दर्ज की एफआईआर के अनुसार एक बुजुर्ग ईसाई नाजिर मसीह के निवास और जूता फैक्टरी के आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने उन पर कुरान के अपमान का आरोप लगाया।

हिंसक भीड़ ने उनकी जूता फैक्टरी को आग लगा दी और आसपास की कुछ दुकानों और घरों को भी आग के हवाले कर दिया। उन्होंने मसीह को भी जला दिया लेकिन उसी बीच पुलिस बल आ गया और मसीह और उनके परिवार के अन्य दस सदस्यों की जान बचा ली गई। मसीह के परिवार ने कुरान के अपमान के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि भीड़ उनके परिवार पर जानलेवा हमला करना चाहती थी।

हिंसक भीड़ ने पुलिस बल पर भी पत्थरबाजी की। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पाकिस्तान की पुलिस ने 450 लोगों के खिलाफ आतंकवाद समेत कई आरोप लगाए हैं।

## गण्डकी प्रदेश के मुख्यमंत्री बर्खास्त, सत्तारूढ़ गठबन्धन कोलगा बड़ा झटका

**एजेंसी**

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने गण्डकी प्रदेश के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर दिया है। कोर्ट का यह फैसला सत्तारूढ़ गठबन्धन के लिए एक बड़ा झटका है।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# 'आतंक अब खत्म होना चाहिए', राफा में इस्राइल के हमले में 45 लोगों की मौत पर बिफरे यूएन प्रमुख

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने इस्राइली सेना के राफा शहर में किए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हमले में कई बेगुनाह नागरिक मारे गए, जो सिर्फ युद्ध से बचने के लिए शरण लिए हुए थे। उन्होंने कहा कि अब ये आतंक खत्म होना चाहिए। हाल ही में इस्राइल के राफा पर किए गए हमले में 45 लोगों की मौत हुई है और 200 अन्य घायल हुए हैं।

**यूएन चीफ ने इस्राइली हमले की कड़ी निंदा की**

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने लिखा मैं इस्राइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें कई बेगुनाह आम नागरिक मारे गए, जो सिर्फ युद्ध के हालात में शरण लिए हुए थे। गाजा में अब कोई जगह सुरक्षित नहीं है और अब ये आतंक बंद होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रमुख वोल्कर टर्क ने भी इस्राइली हमले की निंदा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि शरणार्थी कैंप से आ रहीं तस्वीरें भयावह हैं और इस्राइली के लड़ाई के तरीकों में कोई बदलाव नहीं आया है। इस्राइल हमास युद्ध में अब तक बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत हुई है।



**इस्राइल का दावा-हमास के दो शीर्ष कमांडर मारे**

वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हमले में हमास के दो शीर्ष अधिकारी मारे गए हैं। इस्राइली सेना ने दोनों की पहचान भी उजागर की है। इस्राइल ने बताया है कि उसके हमले में मारे गए हमास के शीर्ष नेताओं की पहचान यासीन राबिया और खालेद नज्जर के रूप में हुई है। यासीन राबिया जुडेया और सामारी में हमास की आतंकी गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालता था। वहीं नज्जर भी जुडेया और सामारी में आतंकी गतिविधियों से जुड़ा शीर्ष नेता था। इस्राइल का यह हमला हमास के तेल अवीव पर रॉकेट हमले के बाद सामने आया, जिसमें हमास ने तेल अवीव पर आठ रॉकेट दागे थे।

**इस्राइली पीएम ने मानी गलती**

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राफा पर हुए हमले को गलती माना है और उन्होंने इसकी जांच की बात कही। सोमवार को इस्राइली संसद नेसेट को संबोधित करते हुए पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा हमारी कोशिश रहती है कि जो बेगुनाह हैं, उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे, लेकिन दुर्भाग्य से बीती रात यह दर्दनाक गलती हुई और हम मामले की जांच कर रहे हैं।

## मोदी ने नौसेदा को पुनः राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिथुआनिया के राष्ट्रपति गितानस नौसेदा को पुनः इस पद पर चुने जाने पर बधाई दी। श्री मोदी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह दोनों देशों के बीच करीबी द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा महामहिम को बधाई , गितानस नौसेदा लिथुआनिया गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर मैं भारत और लिथुआनिया के बीच घनिष्ठ सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। श्री नौसेदा को रविवार को दूसरे दौर के मतदान में 90 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ 74.6 प्रतिशत मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रधानमंत्री इंग्रिडा सिमोनिटे को 23.8 प्रतिशत वोट मिले।



## इंडियन ऑयल हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली बसें देगा सेना को

**नई दिल्ली।** सेना ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता किया है जिसके तहत हाईड्रोजन ईंधन से चलने वाली एक बस सेना को सौंपी गई। सेना



प्रमुख जनरल मनोज पांडे और इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एस एम वैद्य की मौजूदगी में बस की चाबी सेना को सौंपी गई और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस बस की क्षमता 37 यात्रियों की है और यह 30 किलोग्राम हाइड्रोजन ईंधन में एक बार में 250 से 300 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। इस मौके पर जनरल पांडे ने कहा कि सेना पर्यावरण का संरक्षण करते हुए अपनी संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए नई प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार



**नई दिल्ली ।** सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है।केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## आयुष में नवाचार और प्रौद्योगिकी की संभावना पर होगा चिंतन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद आयुष में नवाचार और प्रौद्योगिकी पर चिंतन के लिए 'प्रगति-2024' कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें देशभर के जाने माने विशेषज्ञ और विद्वान भाग लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) 28 मई को आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में औषधि अनुसंधान (प्रगति- 2024) कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। यह कार्यक्रम सीसीआरएएस और आयुर्वेद औषधि उद्योग के बीच अनुसंधान के अवसरों की खोज करने और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कार्यक्रम में देश की 35 दवा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल लेंगे। इसमें हिमालय, इमामी, बैद्यनाथ, डाबर, आईएमपीसीएल, आर्य वैद्य शाला, औषधि और आईएमपीसीओपीएस जैसी प्रसिद्ध कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी हिस्सा लेंगे।




## वोट के आंकड़ों पर संदेह को फिर खारिज किया आयोग ने, कहा न्यायालय से मिला बल

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मतदान के आंकड़ों को लेकर फैलाये जा रहे अविश्वास को खारिज करते हुये पिछले पांच चरणों में संपन्न पूरे मतदान के आंकड़े जारी किये हैं। आयोग ने आकड़े जारी करने की प्रक्रिया पर उच्चतम न्यायाय के निर्णय और टिप्पणियों को शक्ति बढ़ाने वाला करार देते हुये कहा है कि कोई गड़बड़ी की किसी भी तरह की कल्पना कर ले, किसी भी तरह वोटिंग के आंकड़ों से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। आयोग ने दोहराया है कि मतदान के दिन फॉर्म 17 सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ साझा किये गये वोटों के डेटा को कोई नहीं बदल सकता। आयोग ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से पांच चरणों में प्रत्येक राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या, डाले गये वोट और मत प्रतिशत के आंकड़े जारी किये हैं।

## मोदी ने पापुआ न्यू गिनी को की हर संभव सहायता देने की पेशकश

**एजेंसी**

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन के कारण हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशांत महासागर के इस द्वीपीय देश को हर संभव सहायता की पेशकश की है।

श्री मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, पापुआ न्यू गिनी में विनाशकारी भूस्खलन के कारण हुई जानमाल की हानि और क्षति से गहरा दुख हुआ। प्रभावित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना। भारत हर संभव सहयोग और सहायता देने के लिए तैयार है।

पापुआ न्यू गिनी में शनिवार को राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत में एक पहाड़ी पर हुए भूस्खलन में 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए हैं। वहां की सरकार ने राहत कार्यों के लिए औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है।



## दिल्ली हवाई अड्डा पर विमान में बम की सूचना से मची अफरातफरी

**एजेंसी**

**दिल्ली।** दिल्ली से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की सुबह एक उड़ान के पहले विमान में बम होने की अफवाह के कारण आनन फानन में यात्रियों को आपातकालीन निकास से उतार कर विमान की जांच की गई।

एयरलाइन के प्रतिनिधि ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि सुबह पांच बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 से वाराणसी जाने वाली उड़ान संख्या 6ई2211 को हवाई अड्डे पर एक विशिष्ट बम की धमकी मिली थी।

प्रतिनिधि के अनुसार धमकी मिलने पर सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को सुदूर स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को




आपातकालीन निकास के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रतिनिधि ने कहा कि फिलहाल फ्लाइट का गहन निरीक्षण चल रहा है। सभी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, विमान को वापस टर्मिनल क्षेत्र में उड़ान के लिए तैनात किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विमान के शौचालय में एक टिश्यू पेपर पर बम शब्द लिखा पाया गया था। इसके बाद विमान को पार्किंग बे से दूर ले जाया गया। आपातकालीन द्वार खोल कर यात्रियों को निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और विमानन सुरक्षा अधिकारियों ने विमान की गहनता से जांच की और अब तक की सूचना के अनुसार यह अफवाह लग रही है।

# भारत इस कठिन समय में पापुआ न्यू गिनी के साथ खड़ा है : जयशंकर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दक्षिण प्रशांत महासागर द्वीप राष्ट्र पापुआ न्यू गिनी में हाल ही में हुई भूस्खलन त्रासदी में बड़ी संख्या में जानमाल के नुकसान होने पर भारत की ओर से दुख व्यक्त किया और संकट की इस घड़ी देश वहां के लोगों के साथ है।

श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया एक पोस्ट में कहा, भारत की संवेदनाएं पापुआ न्यू गिनी की सरकार और लोगों के साथ हैं, इस कठिन समय में भारत अपने दोस्तों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

इस बीच, पापुआ न्यू गिनी सरकार के एक अधिकारी ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को बताया कि भूस्खलन में 2,000 से अधिक लोग जिंदा है और सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सहायता की गुहार लगायी है। डॉ जयशंकर ने कहा, पापुआ न्यू गिनी में



हाल ही में हुई भूस्खलन की दुर्घटना है, हमारी संवेदनाएं वहां सरकार और जनता के साथ है। भारत इस कठिन समय में अपने दोस्तों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा था कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर भूस्खलन में 670 से अधिक लोग मारे गए हैं। आपातकालीन कर्मचारियों और पीड़ितों के रिश्तेदारों ने किसी के जीवित बचे रहने की उम्मीद छोड़ दी थी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़कर 2000 से अधिक हो गयी है। ऑस्ट्रेलिया से लगभग 2,300 किमी उत्तर में दक्षिण प्रशांत द्वीप के इस देश में अपादा प्रभावित क्षेत्र में दुर्गम परिस्थितियों के में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

पापुआ न्यू गिनी में आईओएम के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मृतकों की संख्या स्थानीय और प्रांतीय अधिकारियों की गणना पर आधारित है कि भूस्खलन से 150 से अधिक घर जमीदोज हो गए हैं और आसपास के 60 घर मलबे में दब गए हैं।

श्री एक्टोप्राक ने एक बयान में कहा, अभी भी इस क्षेत्र में भूस्खलन हो रहा है, चट्टानें गिर रही हैं, तथा जलधारा में मिट्टी जमा होने से बाढ़ का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

एजेंसी ने कहा कि एंगा प्रांत के यमबाली गांव के प्रभावित क्षेत्र के पास 250 से अधिक घरों के लगभग 1,250 लोग विस्थापित हो गए हैं, उनमें से कई लोग अस्थायी शिवरों में

## इंडिया गठबंधन की बैठक में एक जून को शामिल नहीं होगी ममता




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने एक जून को बैठक बुलाई है और इसमें तृणमूल कांग्रेस की नेता तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शामिल नहीं हो रही हैं। सुश्री बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के बड़ा बाजार क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आज कहा कि इंडिया गठबंधन की एक जून को बैठक होने की उन्हें सूचना मिली है लेकिन उस दिन राज्य में कई सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के अलावा पश्चिम बंगाल इस समय चक्रवात से पीड़ित है। इसकी चपेट में आकर अब तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है और उनके लिए राहत तथा बचाव का काम ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए वह बैठक में शामिल नहीं होगी। बताया जा रहा है की एक जून को आखिरी चरण के मतदान के दिन इंडिया गठबंधन ने 04 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद की रणनीति पर विचार करने के

## सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड द्वारा एसजेवीएन के निदेशक( कार्मिक ) के रूप में अजय कुमार शर्मा का चयन

**-चन्द्रकान्त पाराशर**
**एनसीआर दिल्ली**

शिमला/दिल्लीः सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने दिनांक 24 मई,2024 को आयोजित साक्षात?कार में 11 उम्?मीदवारों में से एसजेवीएन के निदेशक(कार्मिक) के रूप में अजय कुमार शर्मा के नाम की सिफारिश कर चयन किया है ।वह वर्तमान में एसजेवीएन के कारपोरेट मानव संसाधन विभाग में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। ज्ञातव्य है कि शर्मा ने अक?तूबर 2009 से एसजेवीएन के मानव संसाधन विभाग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे जनशक्ति आयोजना, प्रशासन, औद्योगिक संबंध एवं कल्याण, मानव संसाधन नीति, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास तथा प्रापण में अपना बहुमूल?य योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, वह निगम के उच्च प्रबंधन वर्ग के साथ सीधे तौर पर संबद्ध रहे हैं, जो कंपनी की नेतृत्व टीम में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इससे पूर्व, शर्मा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में वर्ष 1996 से 2009 तक कार्यरत रहे।



दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, उन्होंने मानव संसाधन और औद्योगिक प्रचालन में वृहद अनुभव तथा विशेषज्ञता अर्जित की है। अजय कुमार शर्मा का जन्?म 08 अप्रैल, 1974 को जिला चंबा के सिहुंता उपखंड के खरगट गांव में हुआ। इन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री, इग्नू से मानव संसाधन में एमबीए तथा मानव संसाधन प्रबंधन में एक्सएलआरआई जमशेदपुर से एक?जीक?यूटिव डेवल?पमेंट पाठ्यक्रम किया है। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरगट से हासिल की। इनके माता-पिता अपने गांव खरगट में रहते हैं, जहां इनके पिता की एक दुकान है और उनकी मां गृहिणी हैं। अजय शर्मा छह भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। इनकी चार बड़ी बहनें और एक बड़ा भाई है, जो ओएनजीसी में महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में कार्यरत है। इनके परिवार में पत?नी श्रीमती शैली शर्मा और दो बेटियाँ हैं।


**NAME CHANGE**

I, hitherto known as CHANDA KUMARI alias CHANDA GOYAL W/O DEEPAK GOYAL D/O NEPAL PRASAD R/O C-231, D.D.A. FLATE POCKET-3, BINDA PUR, UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059 have changed my name and shall hereafter be known as CHANDA GOYAL.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all public that my clients Jagmer Singh S/o Sh MamChand and Smt Urmila Devi W/o Jagmer Singh both R/o H.no - M-106-A,Saurabh Vihar Jaitpur, Badarpur South Delhi-110044, has severed all relations with their son namely Deepak Daughter-in-law namely Anu and daughter namely Jyoti and disowned all three of them from all their (my clients) immoveable and moveable properties due their disobedience and bad behaviour. My Clients are not responsible for any illegal acts or deeds of Deepak, Anu And Jyoti, in any manner in present or future whatsoever.

**RAJNI RASTOGI ADVOCATE**
CHAMBER NO-505 LAWYERS
BLOCK SAKET COURT
NEW DELHI-110017

**NAME CHANGE**

I, Harvinder Pal Singh s/o Tajinder Singh R/o A-50, Tagore Garden Extn, New Delhi-110027 have changed my name to Harvinder Singh for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, Ramesh Prasad S/o Kishori Prasad R/o House No-29, A1Block, Near Ryan International School, Ryan Enclave, Bhondsi(168), Gurgaon, Haryana-122102, Have Changed My Name To Ramesh Kumar Prasad For All Purpose.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, NEERAJ KUMAR S/o BALKISHAN, R/o WB-176,Gali No.9, Ganesh Nagar, Delhi-110092, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as NEERAJ KUMAR GOLA and MANJESHWARI GOLA in my minor daughter DHANISHKA GOLA aged 14 year in her School Record. The actual name of mine and my wife are NEERAJ KUMAR and MANJU KUMARI, which may be amended accordingly

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, नाजमा बेगम पत्नी स्व0 श्री उमर फारुक, निवासी: मकान नं0 2880, बुलबुली खाना सीता राम बाजार, दिल्ली-110006 शपतपूर्वक कथन करती हु कि मेरा बेटा जिसका नाम मो0 आदिल पुत्र श्री स्व0 उमर फारूक एवं बहू अरीशा रहीस पत्नी मो0 आदिल का व्यवहार मेरे मेरे परिवार के साथ खराब आक्रामक षडयंत्रकारी लालची प्रवृत्ति है जिसकी हरकतों के कारण मैं अपने बेटे एवं बहू व उनके परिवार से अपने सारे पारिवारीक संबंध रिश्तेनाते समाँप्त करके उनको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा मेरे परिवार का मेरे बेटे बहू व उनके परिवार से कोई लेना देना. संबंध वास्ता नही है अगर ये किसी को नुक्सान पहुंचाते है कोई लेन देन करते है तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होंगें ।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि श्री विजय प्रकाश और श्रीमती विनीता गैरोला श्राइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और एसएससी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के एससीसी सफायर ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में ब्लॉक-ए में तीसरी मंजिल पर फ्रीहोल्ड आवासीय इकाई/फ्लैट संख्या ए-403 के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 1395 वर्ग फुट है। ग्राम नूर नगर परगना लोनी तहसील और जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के खसरा नंबर 1010, 1011 और 1012 पर राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में स्थित भूमि के एक हिस्से पर निर्मित। विक्रय विलेख के आधार पर दिनांक 17.07.2020 को दस्तावेज़ संख्या 4785, खंड संख्या 16919 पृष्ठ संख्या 293-412 SR- GZB-II के रूप में। और इसे हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस से खो दिया गया है, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और उसी संपत्ति को वर्तमान में हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस द्वारा वित्तपोषित किया जाता है और अब उसे फिर से वित्तपोषित किया जाएगा। आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड द्वारा। शाखा राजिंदर प्लेस, दिल्ली। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार@स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, BALWINDER S/O JAGAR SINGH R/O H NO. 328, Gali No 4, DEV NAGAR SONIPAT, HARYANA-131001 have changed my name to BALVINDER SINGH for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, MOHD ASLAM S/O JAFRUDDIN residing at H NO-C-7, GALI NO-2, CHAND BAGH, KARAWAL NAGAR, DELHI-110094 have changed my name to MOHAMMED ASLAM for all future purposes

**PUBLIC NOTICE**

I Nikita Sharma Daughter of Roop Chand Sharma residing at H.No.E-34/2, Bhoop Singh Enclave, Near Chattarpur, Rajpur Khurd, Maidan Garhi, Delhi-110068 hereby undertake that I Nikita Sharma want to change my name to Nikhil Sharma and gender as MALE. I, Nikita Sharma henceforth be known as Nikhil Sharma Son of Roop Chand Sharma.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my clients namely (1) SH. SANTOSH KUMAR SINGH S/O SH. TRIBHUWAN SINGH AND (2) SMT. DEWANTI DEVI W/O SH. SANTOSH KUMAR SINGH, both R/o H.No.40, Gali No.10, Block-C-5, Nangli Vihar Extension, Najafgarh, District South West Delhi-110043, have disowned, debarred their son namely PANKAJ KUMAR SINGH S/O SH. SANTOSH KUMAR SINGH and daughter-in-law namely PRIYANKA KUMARI W/O SH. PANKAJ KUMAR SINGH R/o H.No.40, Gali No.10, Block-C-5, Nangli Vihar Extension, Najafgarh, District South West Delhi-110043 from all their moveable and immoveable properties because all of them above named are out of control of my clients. My clients have severed all relations with them. Anyone dealing with them may do so at his/her own risks, costs and consequences.

**Ravi Ranjan Pandey Advocate**
Chamber No.835,
Lawyers Chamber Complex, District Courts Dwarka, Sector 10,
New Delhi-110075

**NAME CHANGE**

I hitherto known as SHIVNATH VIJAYRAO RANE alias SHIVNATH VIJAYRAO RANE SARDESSAI S/O VIJAYRAO RANE, R/O 806, ????? SINGH BLOCK, ASIAN GAMES VILLAGE Sahpurjat, South Delhi, Delhi, 110049 have changed my name and shall hereafter be known as SHIVNATH VIJAYRAO RANE.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, HARI PRAKASH ARYA S/O CHANDAN PRAKASH ARYA R/O HOUSE NO A-159, STREET NO-7, QUTAB VIHAR, PO: CHHAWLA, DIST: SOUTH WEST DELHI, DELHI-110071 declare that name of mine and my wife has been wrongly written as HARI PRAKASH AARYA and RADHA in my minor daughter VANSHIKA aged 17 years in her 10th and 12th class educational documents. The actual name of mine and my wife are HARI PRAKASH ARYA and RADHA ARYA, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, FARZANA PARVEEN W/O SHAMIM AHMAD R/O M-24, 3RD FLOOR, BATLA HOUSE, SALIING CLUB ROAD, JAMIA NAGAR, NEW DELHI-110025 have changed my name from FARZANA PARWEEN to FARZANA PARVEEN and be known for all purpose in future.

**NAME CHANGE**

I, DEEPAK S/O BALVINDER SINGH R/O FLAT NO 1604 TOWER-D SAMRIDHI LUXURIYA AVENUE, SECTOR-150, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201310 have changed my name to DEEPAK KALRA for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, RATNAKAR MAHANA S/O MADHUSUDAN MAHANA R/O H.NO. D-4/205, SHIV DURGA VIHAR LAKKARPUR, SURAJKUND FARIDABAD, HARYANA-121009 have changed the name of my minor son DIVYORANJAN MAHANA aged 16 years and he shall hereafter be known as DIVYO RANJAN MAHANA.

**NAME CHANGE**

I, VIJAY SINGH alias SATANAM SINGH S/o GAMA SINGH residing at Araji Basdila, Kushmhi Bazar, Dist. Gorakhpur, Uttar Pradesh - 273002 have changed my name and shall hereafter be known as SATANAM SINGH.

**NAME CHANGE**

I, JC-472999P Rank-NB SUB Name-ANIL KUMAR S/o SHIVPAL SINGH R/o VILL-TEETANWAR, PO-TITANWAR, DISTT-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333012 have changed my daughter's name from RIYA KUMARI MAHALA to RIYA KUMARI for all future purposes vide Affidavit Dated 28/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, Km Kavita Rani w/o Vikas Bhardwaj R/o 1/4585 A, Gali No.3, Ram Nagar Extn., Mandoli Road, Shahdara, Delhi-110032 have changed my name to Kavita Sharma permanently

**NAME CHANGE**

I, Moh Hashim S/o Mohd Ayyub R/o T-504/B, 3rd Floor, Gali No-12, Gautampuri, Delhi-110053 have changed my name to Mohd Hashim for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Kumari Manju Sinha W/o Ramesh Kumar Prasad R/o House No-29, Block-A1, Near Ryan International School, Ryan Enclave, Bhondsi(168), Gurgaon, Haryana-122102, Have Changed My Name To Manju Prasad For All Purpose.



**Delhi Branch**

**BOMBAY MERCANTILE COOPERATIVE BANK LTD. (SCHEDULED BANK)**

36, NETAJI SUBHASH MARG, DARYA GANJ, NEW DELHI-110002 PH:23273786, 23266869, 47199100, FAX: 2325979

**Ref.No.49/BMC/REC/DEL/54** — **28th May, 2024**

**1. Mr. Kamal Batra S/o Mr. Suresh Batra**
**Prop. of M/s Mehar Overseas**
House No. A-76, IInd Floor,
Group Wazirabad Industrial Area, Delhi-110052
**Also at**
**Mr. Kamal Batra S/o Mr. Suresh Batra**
**Prop. of M/s Mehar Overseas**
Flat No. 62-B, Type LIG, Pocket B-4,
Ashok Vihar, Phase-II, Delhi-110052
**Also at : Mr. Kamal Batra S/o Mr. Suresh Batra**
**Prop. of M/s Mehar Overseas**
C-31, C- Block, Mahendru Enclave,
Azadpur, Delhi- 110033

**2. Mrs. Mahima Batra W/o Mr. Kamal Batra**
House No. A-76, IInd Floor,
Group Wazirpur Industrial Area, Delhi - 110052
**Also at :**
**Mrs. Mahima Batra W/o Mr. Kamal Batra**
Flat No. 62-B, Type LIG, Pocket B-4,
Ashok Vihar, Phase-II, Delhi-110052
**Also at : Mrs. Mahima Batra W/o Kamal Batra**
C-31, C- Block, Mahendru Enclave,
Azadpur, Delhi- 110033

**3. Mr. Suresh Batra S/o Mr. L.R. Batra**
House No. A-76, IInd Floor,
Group Wazirabad Industrial Area, Delhi-110052
**Also at :**
**Mr. Suresh Batra S/o Mr. L.R. Batra**
Flat No. 62-B, Type LIG, Pocket B-4, Ashok Vihar,
Phase-II, Delhi-110052
**Also at : Mr. Suresh Batra S/o L.R. Batra**
C-31, C- Block, Mahendru Enclave,
Azadpur, Delhi- 110033

**4. Deepak Mandhani S/o Shri Kishan Pal Mandhani**
Pocket-256,B-block VP Pitampura, New Delhi-110034

**POSSESSION NOTICE**
**[RULE 8 (1)]**

**WHEREAS**

The undersigned being the Authorized Officer of the **Bombay Mercantile Cooperative Bank Ltd.** Delhi Branch under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under section 13 (12) read with rule 3 of the security interest (Enforcement) Rules, 2002 issued demand notice dated 08.03.2024 calling upon the borrower **Mr. Kamal Batra S/o Mr. Suresh Batra Prop. of M/s Mehar Overseas** and its Guarantors/ mortgagors to repay the amount mentioned in the notice being **Rs.1,02,18,220.96 (Rupees One Crore Two Lakh Eighteen Thousand Two Hundred Twenty & Ninety Six Paisa Only) due as on 06.03.2024 with future interest thereon** within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower, guarantors and the public in general that the undersigned has taken **SYMBOLIC POSSESSION** of the property described here-in-below in exercise of powers conferred on him/her under section 13 (4) of the said Act 2002 read with rule 8, of the said rule on this **28th day of May, 2024.**

The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the Bombay Mercantile Cooperative Bank Ltd. for an amount of **Rs.1,02,18,220.96 (Rupees One Crore Two Lakh Eighteen Thousand Two Hundred Twenty & Ninety Six Paisa Only) due as on 06.03.2024 with future interest thereon** till realization.

The borrower's attention is invited to provision section 13 (8) of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

**Description of the Immovable Properties**

All that part and parcel of the Properties bearing Pvt. No. 133-A, Block QU consist of 1 hall (Shop) having covered area of the (Shop) plot No. 237, 31.03 Sq. Mtr. Out of four storeyed building, situated at Pitampura, Delhi owned by you the addressee No. 3 Mr. Suresh Kumar Batra, vide Sale Deed Reg. No. 11603, Block No. 1, Volume No. 6495 on pages 33 to 45 in the office of Sub- Registrar VI-A, New Delhi dated 03.09.2016 **AND** Residential property bearing Pvt. No. 62-B, Type LIG, Pocket B-4, alongwith (Scooter garage) consisting of 2 Bedroom, 1 Drawing / Dining, 1 Kitchen, 1 Toilet/bathroom at first floor area of the flat is 60 Sq. Mtr. Out of two and half story residential building (DDA Alloted Double Storey building )Situated at Ashok Vihar, Phase -11, Delhi-110052 owned by you the addressee No. 2, Mrs. Mahima Batra W/o Mr. Kamal Batra, vide Sale Deed registration No. 8950, Book No. 1, Volume No. 9319 on pages 12 to 19 in the office of Sub-Registrar VI-A, New Delhi dated 6/10/2020

On the following date and time.

**Place : Delhi**
**Date : 28.05.2024**

**(AZIZUR REHMAN KHAN)**
**AUTHORIZED OFFICER/BRANCH MANAGER**



**Lost & found**

This is to certify that Mr. SANJAY SONI, S/O DHARAM NATH, is a resident of following address S.N. ADDRESS FLAT NO F6/36 VILLAGE SULTANPURI DELHI 110086 sonasystemdelhi@ gmail.com Has given a complaint stated that his property documents Agriculture Land in Village Vallukkalotty, Taluk Kariyapatti, District Virudhunagar, State Tamilnadu Plot No. / KH No- Survey No. 198/1, 198/2, 200/3, 202/3B, 202/4A, 202/4C, 203/1, 203/2C 204/3, 207/2C, 207/3A, 207/30, 211/3, 211/2, 211/1A, Survey No. 198/1 Area 4-48, Survey No. 198/2 Area 2-64, Survey No.200/3 Area 4-15, Survey No.202/3B Survey No.1- 46, Survey No.202/4A Area 1-18, Survey No.202/4C Area 0-38, Survey No.203/1 Area 2-95, Survey No.203/2C Area 0-12, Survey No.204/3 Area 1-11, Survey No.207/3C Area 0-24, Survey No.211/3 Area 0-12, Survey No.211/2 Area 0-9, Survey No. 211/1A Area 0-63, Total Area 23 Acre and 71 Cents which is purchased by the Executants by the sale Deed dated 18.05.2005 Document Number 1558 Registrar office Virudhunagar Joint II Sub Registrar, State Tamilnadu. Village M.Subramaniapuram Taluk Vilathikulam Dist Thoothukudi State Tamilnadu Plot No. KH No. Survey No. 196/5, 198/1, 54/2, 54/7, 129/10B, 181/10, 95/6, 103/2, 95/11, 214/4C, 65/2, 62/1, 102/2, 104/7, 125/8, 126/6, 186/1, 198/5, 32/2, 124/3, 185/1, 214/12, 95/12, 125/3, 204/1, 204/2, 213/5, 130/1C 130/3, 198/4,210/1,28/2B, 23/3, 28/6B, 28/7, 28/4, 160/3, 71/2, Total 39 Acre and 79 Cents which is purchased by the Executant by the sale deed dated 26.04.2004 Sub Registrar Office Vilathikulam Office, Vilathullam Patta No.222 State Tamilnadu.

## डीसी ने आमजन से अपने साथ-साथ बुजुर्गों का भी ख्याल रखने को कहा

एजेंसी

**झज्जर।** शहर में अधिकतम 46 डिग्री और बहादुरगढ़ में 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। डीसी एवं जिला राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले में आमजन को गर्मी व हीट वेव से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है और सभी को इसका पालन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि आजकल गर्मी बहुत भयंकर है, ऐसे में स्वयं को स्वस्थ रखने के साथ-साथ कमजोर व बुजुर्गों का भी ध्यान रखें। डीसी शक्ति सिंह ने कहा कि बुजुर्गों को अधिक गर्मी होने पर दिन में कम से कम दो बार उनकी जांच करें। खासतौर पर जब बुजुर्ग अकेले हों, तब उनकी विशेष रूप से जांच व देख-रेख करें। उन्होंने बताया कि यदि कमजोर एवं बुजुर्ग लोग अधिक गर्मी महसूस कर रहे हैं, तो उनको ठंडक प्रदान करने की कोशिश करें। अगर वो बेचैनी महसूस कर रहे हैं तो उनको ठंडा पानी पिलाएं। कमजोर वर्ग के लोग एवं बुजुर्गों को अधिक गर्मी लगने पर उनके शरीर को गीला करें व उनको ठंडे-ठंडे पानी से नहलाएं। उनकी गर्दन व बगलों में तौलिया रख दे ताकि उन्हें ठंडक मिले। उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ आवश्यकता पड़ने पर डाक्टर व एंबुलेंस को बुलाएं। बुजुर्ग एवं कमजोर लोगों को कहें कि हमेशा अपने पास पानी की बॉटल रखें और अधिक गर्मी लगने व गला सूखने पर पानी पीएं। अधिक से अधिक पानी का सेवन करें।

## अब ट्रॉली की मदद से पशुओं को डाल सकेंगे चारा, पिला सकेंगे पानी

**हिसार।** हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली नामक डिजाइन किए गए उत्पाद पर दस साल का डिजाइन अधिकार मिला है। भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से जारी डिजाइन प्रमाण पत्र में इस उत्पाद को 371981-001 पंजीकरण संख्या प्रदान की गई।

मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली का डिजाइन विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजू महता की देखरेख में शोधार्थी खुशबू ने किया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। महिलाओं को चारा डालने में सबसे ज्यादा समस्या होती है, इसलिए ऐसे कार्य को करने के लिए उपयुक्त साधन की जरूरत होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली (पशु चारा ट्राली) बनाई गई है। यह ट्रॉली आयरन शीट और रबड़ से बनी हुई है। इसमें एक पहिया, एक बेरो, पीछे दो स्टेंड और दो हैंडल हैं, ताकि उपयोगकर्ता पर लोड के वजन को कम किया जा सके। ट्रॉली का इस्तेमाल हम चारा डालने के साथ-साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी कर सकते हैं। मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली ऐसा साधन है, जिसमें चारा आसानी से उठाया जा सकता है। आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। इस ट्रॉली में चारा व पानी आसानी से जहां पशु बंधे होते हैं, वहां ले जाया जा सकता है। जिससे महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा उनके समय एवं उर्जा की बचत होगी। इससे मांसपेशियों एवं हड्डियों पर कम दबाव पड़ेगा।

## नशे के विरुद्ध विशेष मुहिम, तस्करी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**हिसार।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। वे लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त को अवगत कराया गया कि जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रत्येक स्कूल में नोडल ऑफिसर की तैनाती की जा चुकी है। जिले में कुल 1041 सरकारी व निजी विद्यालयों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, भाषण व क्विज प्रतियोगिता जैसे जागरूकता कार्यक्रम हो चुके हैं। विगत माह में सीएमओ द्वारा 6 नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण हो चुका है। सिविल अस्पताल में स्थापित नशा मुक्ति केंद्रों में 275 मरीजों ने ओपीडी का लाभ उठाया है।

## अनेक समस्याओं से जूझ रहे रोडवेज कर्मचारी, कई मांगे भी लंबित : अजय दुहन

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने रोडवेज कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों व समस्याओं का हल किए जाने की मांग की है। इसके साथ ही संगठन नेताओं ने रोडवेज संगठन को और मजबूत करने व हर माह सांगठनिक बैठक करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक हिसार डिपो प्रधान अजय दुहन एवं हांसी उप केन्द्र प्रधान सोनू मोर की अध्यक्षता में हुई।

हिसार डिपो प्रधान अजय दुहन ने कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए बताया कि कर्मचारियों की मुख्य समस्याएं ओवरटाइम, नाइट एवं बिना रूट सर्वे के कर्मचारियों को ज्यादा किलोमीटर करवाकर, कम किलोमीटर देना, परिचालकों के समक्ष खुले सिक्कों की समस्या आदि विभिन्न समस्याएं लंबे समय से है। कर्मचारियों की मांगों को महाप्रबंधक के समक्ष रखा गया, जिसे उन्होंने पूरी करने का आश्वासन दिया। हांसी उप केन्द्र प्रधान सोनू मोर ने बताया कि वातानुकूलित बसों के शीशों पर पर्दे लगवाना, फिल्म चढ़वाना, कर्मचारियों के बैठने के लिए जगह व उचित पानी की व्यवस्था करना आदि प्रमुख है।

# हरियाणा में फिर से इतिहास दोहराएगी भाजपा : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया है कि भाजपा प्रदेश में फिर से इतिहास दोहराने के लिए तैयार है। भाजपा सभी दस लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतने जा रही है।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद भाजपा ने पंचकूला स्थित मुख्यालय में बैठक बुलाई। इस बैठक में लोकसभा उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार अभियान तथा मतदान को लेकर अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपी। बैठक में चार जून को आने वाले परिणाम को लेकर भी तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला, कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, हिसार से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला, फरीदाबाद उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर, सिरसा से उम्मीदवार अशोक तंवर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहनलाल बड़ौली के अलावा कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, राज्य



मंत्री महीपाल ढांडा व राज्य मंत्री सुभाष सुधा भी बैठक में मौजूद रहे। कई घंटे तक चली बैठक में सभी नेताओं ने अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों का फीडबैक सीएम को दिया।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भाजपा ने जहां यह चुनाव पूरी एकजुटता के साथ लड़ा है वहीं कांग्रेस की गुटबाजी लगातार देखने को मिली। कांग्रेस के अपने नेताओं की मौजूदगी में भी लड़ाई के वीडियो देखे गए हैं। नायब सैनी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में तीन जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने खुद 58 तथा पूर्व सीएम मनोहर लाल ने 44 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। प्रदेश भर में कुल 134 छोटे-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि लगभग सभी लोकसभा हलकों से मतदान के बाद का फीडबैक आ चुका है। आज कुछ उम्मीदवारों से बात भी की गई है। करनाल विधानसभा के अलावा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों पर दोबारा से भारतीय जनता पार्टी एकतरफा चुनाव जीतने जा रही है। प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने चुनाव के दिन माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया लेकिन प्रदेश की जनता ने उनके इस प्रयास को विफल बना दिया। हरियाणा वासियों ने शांतिपूर्वक मतदान प्रक्रिया में भाग लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चुनावों की तरह इस चुनाव में भी कांग्रेस में संगठन की कमी और गुटबाजी सार्वजनिक रूप से सामने आई है।

## सचिवालय कर्मियों की लापरवाही से बढ़ रही है बिजली बर्बादी, मुख्य सचिव ने जताई नाराजगी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल सचिवालय के कर्मियों की कार्यशैली और लापरवाही पर मुख्य सचिव नाराज हैं। कर्मियों की लापरवाही से न केवल बिजली बर्बादी बढ़ रही है, बल्कि भीषण गर्मी में आगजनी की घटना घटने का भी अंदेशा बढ़ रहा है। छुट्टी के बाद विद्युत उपकरणों को बंद नहीं करने पर मुख्य सचिव ने प्रशासनिक अधिकारियों को फटकार लगाई है। चंडीगढ़ का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मगर सिविल सचिवालय में काम करने वाले कर्मी अग्नि सुरक्षा के उपायों से पूरी तरह बेखबर हैं। दरअसल, मुख्य सचिव ने छुट्टी के बाद सिविल सचिवालयों में कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्युत उपकरण संचालित थे, जो कर्मियों की लापरवाही और बिजली बर्बादी को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान विद्युत उपकरण जैसे ट्यूबलाइट, कंप्यूटर/यूपीएस, दीवार के पंखे, दीवार पंखे, सीलिंग पंखे और एयर कंडीशनर चालू अवस्था में पाए गए। इस लापरवाही को देखते हुए मुख्य सचिव कार्यालय की प्रशासनिक ब्रांच की ओर से मंत्रियों के विशेष वरिष्ठ सचिव व सचिव, मुख्यमंत्री, मंत्री व राज्यमंत्री के निजी सचिव व निजी सहायक, मंत्री के निजी सचिव और सीपीएससीएम, पीएससीएम, एपीएससीएम, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, विशेष सचिव, हरियाणा सिविल सचिवालय के सभी संयुक्त सचिव, उप सचिव व अवर सचिव सहित पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय के सीआईएएसएफ कमांडेंट को पत्र लिखकर हिदायत जारी है कि बिजली की बर्बादी किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने नाराजगी जताई है कि कर्मियों की लापरवाही के चलते न केवल बिजली बिल में बढ़ोतरी हो रही है, बल्कि बिजली के उपकरणों को नुकसान को नुकसान होने के साथ आगजनी की घटना भी घट सकती है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि कार्यालय छोड़ने के दौरान सभी बिजली के प्वाइंट और उपकरण अच्छी तरह से बंद किए जाएं।

# एचसीएस और संबद्ध सेवाओं के 121 पदों के लिए साक्षात्कार 10 जून से

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) और संबद्ध सेवाओं के 121 पदों के लिए अब 275 अभ्यर्थी दौड़ में बचे हैं। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने 30 और 31 मार्च को आयोजित मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। 10 जून से साक्षात्कार शुरू होंगे।

वहीं, जिला बागवानी अधिकारी के नौ और जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारियों के आठ पदों का फाइनल रिजल्ट भी घोषित कर दिया गया है। एचसीएस एवं संबद्ध सेवाओं के लिए 87 हजार 91 युवाओं ने आवेदन किया था जिनमें से करीब 38 हजार युवाओं ने प्रारंभिक परीक्षा दी। इनमें से 1706 अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा दी, जिनमें से अब 275 को साक्षात्कार के लिए चुना गया है। एचपीएससी ने साफ कर दिया है कि अंतिम परिणाम हाई

**एचसीएस एवं संबद्ध सेवाओं के लिए 87 हजार 91 युवाओं ने आवेदन किया था जिनमें से करीब 38 हजार युवाओं ने प्रारंभिक परीक्षा दी।**

कोर्ट में चल रहे केस के फैसले पर निर्भर करेगा।

एचसीएस की कार्यकारी शाखा के तीन, उप पुलिस अधीक्षक के छह, आबकारी एवं कराधान अधिकारी के आठ, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के दो, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां के एक, सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी के 19, विकास एवं पंचायत अधिकारी के 37, यातायात प्रबंधक के चार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के एक, सहायक रोजगार अधिकारी के 12 और प्रथम श्रेणी नायब तहसीलदार के 28 पदों के लिए भर्ती होनी है। जून के पहले सप्ताह में साक्षात्कार होंगे और जुलाई के पहले पखवाड़े तक फाइनल रिजल्ट जारी किए जाने की उम्मीद है।

# फतेहाबाद में गर्मी से एक की मौत

एजेंसी

**फतेहाबाद।** पिछले 10 दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों में हा-हाकार मचा हुआ है। फतेहाबाद जिले का तापमान दूसरे दिन भी रिकार्ड 48 डिग्री सेल्सियस बना रहा वहीं न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। शहर के अधिकतर स्कूल खुले लेकिन गर्मी के कारण स्कूलों में बच्चों की हाजिरी काफी कम रही। दूसरी तरफ जिले में अब यह गर्मी जानलेवा भी साबित होने लगी है। जिले के भिरडाना गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह व्यक्ति रविवार को घर से गया था और आज वह गांव के बाहर मृत पड़ा मिला।

आशंका जताई जा रही है कि गर्मी या फिर हृदय घात से व्यक्ति की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर धारा



174 के तहत इत्तेफाकिया कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार भिरडाना निवासी 40 वर्षीय पवन मजदूरी का काम करता था।

उसकी दो बेटियां और एक बेटा हैं। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह वह काम के लिए कहकर घर से चला गया, लेकिन रात को वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों के द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी, तो आज गांव के बाहर वक्फ बोर्ड की जमीन पर वह मृत हालत में पड़ा मिला। वहीं पर उसकी बाइक भी खड़ी था। अंदेशा जताया जा रहा है कि गर्मी से तबीयत बिगडने या हृदय घात होने से उसकी मौत हुई होगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि व्यक्ति की मौत गर्मी के कारण हुई है या फिर हृदय घात के कारण हुई है।

# अभिभावक बच्चों को करें साइबर क्राइम से बचने के प्रति जागरूक : आस्था मोदी

एजेंसी

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे अपने बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करे। हम सब यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा बच्चा साईबर अपराध का शिकार न बने। इसके लिए हमें बच्चों की निगरानी करनी पड़ेगी। निगरानी की कमी खतरनाक साबित हो सकती है।

एसपी ने जारी जानकारी में कहा कि अक्सर बच्चों को माता-पिता के उपकरणों के साथ-साथ संवेदनशील व्यक्तिगत वित्तीय डेटा तक माता-पिता की निगरानी के बिना एक्सेस करते देखते हैं । बच्चों की माता-पिता के फोन तक पहुंच खतरनाक हो सकती है, क्योंकि बच्चे इंटरनेट पर



हिंसक या आपत्तिजनक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। कुछ ऐसे भी ऑनलाइन गेम है जो बच्चों को आत्महत्या तक के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बच्चे ऑनलाइन गेम के दिखाए जाने वाले दृश्य व संचार आधारित मीडिया द्वारा दिखाई जाने वाली हर चीज सीखते है, जबकि ये ऑनलाइन गेम उम्र प्रतिबंधों के साथ आते है परंतु देखने की बात यह है कि इनकी निगरानी कौन करता है।

एसपी ने बताया कि माता-पिता के पास अक्सर अपने बच्चों की निगरानी के लिए समय नहीं होता है। माता-पिता की निगरानी से बचने में बच्चे खुद भी होशियार हो गए हैं। फिर भी अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कोशिश करे। जब आपका बच्चा आपका फोन लेने के लिए अडिग हो तो उसे वह देखने के लिए कहे जो वह देखना चाहता है लेकिन उस पर नजर बनाए रखे। आप उसे अपना दोस्त बनाएं ताकि आप उसका मार्गदर्शन कर सकें और उसे अपराधियों से बचा सकें।

## नहर के पुल से टकराई कार, दो घायल

एजेंसी



**हिसार।** जिले के गांव घिराय के पास एक कार बालसमंद नहर के पुल की दीवार से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो व्यक्तियों को चोटें आई हैं व कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो युवक रात को कार में सुलखनी होते हुए घिराय से बरवाला जा रहे थे। उनकी आई-10 कार बालसमंद सब ब्रांच नहर के पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में दो व्यक्ति सवार थे जो बरवाला के रहने वाले हैं। सामने लाइट पड़ने से उनकी कार का बैलेंस बिगड़ा और कार नहर के पुल की दीवार में जा टकराई। दीवार टूट कर नहर में गिर गई लेकिन गनीमत रही कि कार नहर में गिरने से बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। कार में एयरबैग खुल जाने से इसमें सवार लोगों की जान बच गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नहर का पुल छोटा होने की वजह से यहां बार-बार हादसे हो रहे हैं। कई बार गाड़ियां नहर के पुल से टकरा चुकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सुलखनी की तरफ से जब भी कोई वाहन आता है तो पुल की दीवार ऐसे लगती है, जैसे कि यह सड़क ही है। कार सीधे दीवार से टकरा जाती है। प्रशासन इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से यह पुल चौड़ा करवाने की मांग की है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान

**भाजपा बैठक में नेताओं ने किया आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श**

एजेंसी

**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अपनी जीत का दावा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शांत होकर न बैठने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर देने का निर्देश दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं है, ऐसे में हमें लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है।

इस संबंध में भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव समिति की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत



सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव में लगे सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए नेताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में दिन-रात मेहनत करके पार्टी के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने हमारी जीत सुनिश्चित की है।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने उत्साह से भाग लिया वहीं हमारे कार्यकर्ताओं ने पार्टी व लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेवारी निभाते हुए मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि वे शांत होकर न बैठें, विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं है। ऐसे में हमें मतगणना के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग जाता है। उन्होंने कहा कि चुनावी युद्ध में सफलता उसी को मिलती है, जो समय से तैयारियां करके किलेबंदी कर ले। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने चुनाव में साथ देने पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भले ही हिसार से उनका पुराना नाता रहा हो लेकिन भाजपा में वे अभी आए थे और नए थे।

भाजपा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में चुनाव में लगे सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा बैठक में जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, लोकसभा संयोजक रवि सैनी, वरिष्ठ नेता मनदीप मलिक, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू व संजीव रेवड़ी, जिला मंत्री नीरज देवी, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता रेड्डू, मीनू भूटानी, प्रोमिला पूनिया व कार्यालय प्रभारी रविन्द्र कालीरावण सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता योगाः एएसपी

एजेंसी

**हिसार।** जिला पुलिस लाइन में सुबह योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मोहन, आयुष विभाग से योग शिक्षक नरेंद्र व योग सहायक कुणाल सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मोहन ने शिविर में कहा कि योगा से सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे। योग व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है और मानसिक तनाव को दूर करता है। योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है।



इस योगा शिविर में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हृदय पूर्ण रूचि दिखाई। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस योग शिविर में सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित अन्य सभी योग क्रियाएं करवाई और बताया कि किस प्रकार योग एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में नियमित रूप से शामिल करने से सभी अपने दिन की शुरुआत सकारात्मकता के साथ करते हुए स्वास्थ्य लाभ उठा सकते हैं। इस योग शिविर में योग की विभिन्न क्रियाओं को सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही एएसपी महोदय ने पुलिस के जवानों को हीट वेव के चलते ऐहतिहात बरतने के लिए कहा है।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन ने किया ग्रेजुएशन शो

एजेंसी

**सोनीपत।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन ने मेड इन डब्ल्यू.यू.डी. ग्रेजुएट शो का समापन हुआ है। इसमें सात स्कूलों के 200 से अधिक स्नातक छात्रों ने शिरकत की। छात्रों को उद्योग जगत के मशहूर ब्रांड्स के साथ काम करने का अवसर मिला, जिनमें टाटा एलेक्सी, यूसीबीङ्क बेनेटन, ओगिल्वी, रितु कुमार, बीबा, नायका, मैक्स फैशन, पायल जैन, मुलेन लोव लिंटास और इसी तरह के कई ब्रांड्स शामिल हैं। डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉई, चंद्रशेखर भेड़ा, मनीषा और रीना रे ने उत्सव उपस्थिति दर्ज कराई। भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय महिला विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर मुख्य अतिथि सुदेश ने यह कहा हमारे लिए मेड इन डब्ल्यू.यू.डी. उत्सव छात्रों की बेमिसाल प्रतिभा और रचनात्मक रहा। यह प्रदर्शनी उनकी उपलब्धियों को दुनिया के सामने लाने के साथ-साथ यह भी दर्शाता है कि, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन ने हमेशा शिक्षा और इनोवेशन के असाधारण मानकों को बढ़ावा दिया है। जिसने डिज़ाइन शिक्षा में एक नया मानक स्थापित किया और दूसरे संस्थानों को भी अपने नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। डिज़ाइन, इंटीरियर, विज़ुअल आर्ट्स, ग्राफिक्स और एनीमेशन विषयों से ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों की प्रदर्शनियों के लिए एक ओपन हाउस आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में फैशन स्कूल के छात्रों ने रैंप वॉक किया, जिसमें मशहूर फैशन ब्रांडों के सहयोग से शानदार फैशन कलेक्शन एवं डिज़ाइनों का प्रदर्शन किया गया। डॉ. संजय गुप्ता ने कहा मेड इन डब्ल्यू.यू.डी. में ग्रेजुएशन करने वाले हमारे सभी छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई और उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने हमारे विज़न में अपना सहयोग दिया और उसे पर भरोसा जताया।



# पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी : डॉ. राजन शर्मा

एजेंसी

**यमुनानगर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर शहर के इंटक हाल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस के चिकित्सक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजन शर्मा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पहुंचे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस नेता डॉ. राजन शर्मा ने बताया कि हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रधानमंत्री बनने के बाद कई दूरगामी बुनियादी फैसले लिए और देश को आगे ले जाने का काम किया। पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी और देश में बांध, एआईआईएमएस,आईआईटी, आईआईएम, इसरो, पांच वर्षीय योजना, भरण पोषण और एक सदृढ़ व सर्वधर्म भारत की नींव रखी। आज उनकी 60वीं पुण्यतिथि मनाई जा रही है, जिस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 इलाहाबाद के एक धनढ्य परिवार में हुआ था। वह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले खास पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी विश्व स्तर के सर्वमान्य नेता रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के बाद आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के तौर पर आधुनिक भारत का निर्माण करते हुए कृषि, शिक्षा, चिकित्सा के साथ भारत को मजबूत आर्थिक व औद्योगिक विकास किया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। आज अन्य राजनीतिक पार्टियों ने देश को धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है लेकिन पंडित नेहरू ने तो देश को जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सैमसंग ने भारत में लाँच किया गैलेक्सी एफ 55 5जी स्मार्टफोन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी एफ-सीरीज स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ55 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती कीमत 24999 रुपये है। कंपनी ने यहां कहा कि प्रीमियम वेगन लेदर फिनिश बैक पैनल के साथ गैलेक्सी एफ55 5जी का स्लीक और स्टाइलिश लुक इसे आकर्षक डिवाइस बनाता है। गैलेक्सी एफ55 5जी के साथ ही सैमसंग पहली बार एफ-सीरीज पोर्टफोलियो में उत्कृष्ट वीगन लेदर डिजाइन वाला स्मार्टफोन लॉन्च कर रहा है। यह सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7 जेन1 प्रोसेसर, 45वॉट सुपर-फास्ट चार्जिंग, एंड्रॉएड अपग्रेड के चार जेनरेशंस और पांच साल की सुरक्षा अपडेट जैसी सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स के साथ मौजूद है, ताकि आने वाले वर्षों के दौरान यूजर लेटेस्ट फीचर्स और बेहतर सुरक्षा का आनंद ले सकें।




## फोनपे के पिनकोड ने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए सिंपली नामधारी के साथ की साझेदारी

**एजेंसी**

**बेंगलुरु ।** फोनपे के घरेलू स्टोर-फर्स्ट कॉमर्स ऐप पिनकोड ने घोषणा की कि उसने एक नया समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि ऑनलाइन ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए भारत के एकमात्र 100 प्रतिशत शाकाहारी ओमनी-चैनल रिटेलर सिंपली नामधारी के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके जरिए बेंगलुरु निवासियों को पिनकोड ऐप पर किराने का सामान, ताजे फल और सब्जियां और अन्य प्रमुख एफएमसीजी उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। पिनकोड के सीईओ विवेक लोहचेब ने कहा, नामधारी भारत में ताजे फलों और सब्जियों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक के रूप में जाना जाता है, और अब उनके उत्पाद पिनकोड पर भी उपलब्ध हैं। पिनकोड ई-कॉमर्स बूम के साथ-साथ स्थानीय व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है।

लोहचेब ने कहा, हमारे साथ साझेदारी करके, व्यापारी अपनी दुकानों को बिना किसी बाधा के डिजिटल कर सकते हैं, क्योंकि हम उन्हें ऑनलाइन मांग बढ़ाने के लिए हमारे व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए ऑनलाइन होने को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं। उनके अनुसार, पिनकोड के दो मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स हैं, अब तक 1.5 मिलियन से अधिक ऑर्डर निपटाए जा चुके हैं। सिंपली नामधारी के सीईओ गुरमुख सिंह रूपड़ा ने कहा, हमारे अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के अलावा, पिनकोड ऐप ग्राहकों को ताजे फल और सब्जियां, डेयरी उत्पाद, एफएमसीजी और अन्य पांच हजार से अधिक उत्पादों की सूची की पेशकश कर सिंपली नामधारी ऑनलाइन ऑर्डर बढ़ाने में मदद करेगा।

## केएल एयरवेज और कलानिधि मारन स्पाइसजेट व अजय के खिलाफ करेंगे 1323 करोड़ का दावा, जारी किया बयान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने बताया कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रकरण में दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से उनके खिलाफ दिए गए आदेश को चुनौती देने की भी कही है। इससे पहले 17 मई को अदालत की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश की उस पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया था, जिसमें स्पाइसजेट और अजय सिंह की ओर से मारन को 579 करोड़ रुपये और ब्याज लौटाने के फैसले को बरकरार रखा गया था। पीठ ने 31 जुलाई, 2023 को पारित एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाले सिंह और स्पाइसजेट द्वारा दायर अपीलों को अनुमति दे दी थी और मध्यस्थता के फैसले को नए सिरे से चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया था। इसके बााद मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज ने अपने कानूनी सलाहकारों से सलाह मशविरा करने के बाद फैसले को चुनौती देने का फैसला किया। केएएल एयरवेज और मारन का मानना है कि उक्त आदेश में गंभीर कमियां हैं। उनके अनुसार स्पाइसजेट व अजय सिंह के साथ उनके विवाद मामले में और जांच की जरूरत है।

केएएल एयरवेज ने एक बयान में कहा, इसके समानांतर, वे एफटीआई कंसल्टिंग एलएलपी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा निर्धारित 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के भरपाई की भी मांग कर रहे हैं। यह एक वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध फर्म है जो अनुबंध प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन से उत्पन्न होने वाले नुकसान का अनुमान लगाने में विशेषज्ञ है। बयान के अनुसार, वे 353.50 करोड़ रुपये की लंबित बकाया राशि की वापसी की मांग करते हुए मध्यस्थता फैसले के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाएंगे।

## एलआईसी का चौथी तिमाही में मुनाफा दो फीसदी बढ़कर 13,763 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बीमा कंपनी एलआईसी का मुनाफा दो फीसदी बढ़कर 13,763 करोड़ रुपये रहा।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 2 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 13,763 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 13,428 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बीमा कंपनी के मुताबिक मुख्य रूप से वेतन वृद्धि के प्रावधान के कारण एलआईसी का लाभ मामूली बढ़ा है। कंपनी के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसकी कुल आय




बढ़कर 2,50,923 करोड़ रुपये रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,00,185 करोड़ रुपये रही थी। एलआईसी की प्रीमियम आय भी 31 मार्च को समाप्त तिमाही में सुधरकर 13,810 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले साल की समान तिमाही में 12,811 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में एलआईसी का शुद्ध लाभ 40,676 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 36,397 करोड़ रुपये रहा था।

## वित्त मंत्री ने 2022 बैच के 15 आईएएस अधिकारियों से मुलाकात की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने इन युवा अधिकारियों के साथ बातचीत भी की।

वित्त मंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में सहायक सचिव के रूप में प्रशिक्षण ले रहे 2022 बैच के 15 आईएएस अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने अगले आठ हफ्ते तक प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा आईएएस अधिकारियों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने इन युवा अधिकारियों से अर्थव्यवस्था के लिए उनके विचारों और मंत्रालयों में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें किन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना



है, इस पर विस्तार से चर्चा भी की। वित्त मंत्री ने अधिकारियों को ईमानदार रहने और किस तरह देश की प्रगति में योगदान देने की आवश्यकता है, इस पर भी जोर दिया।

## एसएमएस से जालसाजी पर कसी नकेल, जिम्मेदार संस्थाओं को काली सूची में डाला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संक्षिप्त संदेश सेवा (एसएमएस) के जरिए जालसाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। सरकार ने इन जालसाजों पर नकेल कसते हुए पिछले तीन महीनों में 10 हजार से अधिक धोखाधड़ी संदेश भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए एसएमएस हेडर के पीछे की 'प्रमुख इकाइयों' को काली सूची में डाल दिया है।

संचार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि दूरसंचार विभाग (डॉट) ने गृह मंत्रालय (एमएचए) के सहयोग से 'संचार साथी' पहल के माध्यम से नागरिकों को संभावित एसएमएस धोखाधड़ी से बचाने के लिए यह निर्णायक कार्रवाई की है। डॉट के मुताबिक इन संस्थाओं को काली सूची में डालकर नागरिकों के संभावित उत्पीड़न को रोका है। इसके साथ ही साइबर अपराध के खिलाफ




नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मंत्रालय के मुताबिक पिछले तीन महीनों में इन आठ हेडर का इस्तेमाल करते हुए 10 हजार से अधिक धोखाधड़ी वाले संदेश भेजे गए थे। इन आठ एसएमएस हेडर का स्वामित्व रखने वाली प्रमुख संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है। वहीं, इन प्रमुख संस्थाओं के स्वामित्व वाले सभी 73 एसएमएस हेडर और 1,522 एसएमएस सामग्री टेम्पलेट को भी काली सूची में डाला गया है। अब इनमें से किसी भी प्रमुख संस्था, एसएमएस हेडर या टेम्पलेट का इस्तेमाल एसएमएस भेजने के लिए नहीं किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि एसएमएस के जरिए मोबाइल ग्राहकों को वाणिज्यिक संदेश भेजने वाली व्यावसायिक या कानूनी संस्थाओं को दूरसंचार जगत की भाषा में 'प्रमुख इकाई' कहा जाता है। वहीं, हेडर का मतलब वाणिज्यिक संचार भेजने के लिए 'प्रमुख इकाई' को आवंटित एक विशिष्ट श्रृंखला से है जिसमें अंक एवं अक्षर दोनों होते हैं।

## कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया



है। इस हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.19 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की उछाल के साथ 82.31 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी बढ़कर 77.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्ड उछाल के बाद बिकवाली, सेंसेक्स 20 अंक टूटा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी उच्चतम स्तर पर पहुंचकर मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच शेयर बाजार ने नया रिकॉर्ड बनाया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 76,009 का रिकॉर्ड बनाया और निफ्टी ने 23,110 का स्तर छुआ।

कारोबार के अंत में शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे आकर मामूली गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 19.89 अंक यानी 0.026 फीसदी लुढ़क कर 75,390.50 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 24.65 अंक यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 22,932.45 के स्तर पर बंद हुआ है। बीएसई सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस



इंडस्ट्रीज का शेयर कारोबार के दौरान करीब एक फीसदी तक नीचे आया। आईटीसी के शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में विप्रो, एनटीपीसी, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज नुकसान में रहीं। इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा स्टेट बैंक लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं। इससे पहले दोपहर में कारोबार के दौरान 30 शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 599.29 अंक उछलकर 76,009.68 अंक के सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया। एनएसई का निफ्टी 153.7 अंक बढ़कर 23,110.80 के नए उच्चतम स्तर पर पहुंचा। दरअसल, शेयर बाजार में लोकसभा चुनाव के नतीजों में अनिश्चितता को लेकर अब भी दबाव बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स कारोबार के अंत में 7 अंक की गिरावट के साथ 75,410 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 10 अंक की गिरावट के साथ 22,957 के स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान 75,636 अंक का रिकॉर्ड बनाया और निफ्टी ने 23,026 का हाई बनाया था।

## सोना 220 रुपये बढ़ा, चांदी 1050 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के चलते राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई और सोने की कीमत 220 रुपये की तेजी के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, पिछले सत्र में सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इस दौरान चांदी भी 1,050 रुपए उछलकर 92,850 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 220 रुपये की बढ़त के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स पर हाजिर सोने का भाव नौ डॉलर की तेजी के साथ 2,344 डॉलर प्रति औंस हो गया। गांधी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर की नरमी से समर्थन मिलने से सोने का कारोबार सकारात्मक रुख के साथ शुरू हुआ और इस्राइल द्वारा रफाह में हवाई हमले किए जाने के बाद पश्चिम



एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया जिससे सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में पीली धातु की मांग बढ़ गई।

इसके अलावा चांदी भी वैश्विक बाजार में तेजी के साथ 30.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखी। सोने की कीमतें एक दायरे में अटकी दिखीं, क्योंकि अमेरिका और ब्रिटेन के बाजार बंद हैं।

## मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को नया रूप दिया : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विगत 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के लिए एक रणनीतिक खाके में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग करते हैं, उन्हें सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर देते हैं।

सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की 'ऑफ-बजट' उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया। संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया। सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्रीय बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास



के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं...सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने, पारदर्शिता बढ़ाने और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए चल रहे सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही हम करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य और प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसका सभी के लाभ के लिए सर्वोत्तम संभव उपयोग किया जाए।

## दूरसंचार विभाग और गृह मंत्रालय ने एसएमएस घोटालेबाजों पर की कार्रवाई

**एजेंसी**

**मुंबई ।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने गृह मंत्रालय के सहयोग से संचार साथी पहल के माध्यम से नागरिकों को संभावित एसएमएस धोखाधड़ी से बचाने के लिए कार्रवाई की है।

डीओटी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गृह मंत्रालय में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर अपराध करने के लिए धोखाधड़ी वाले संचार भेजने के लिए आठ एसएमएस हेडर के दुरुपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की है।

डीओटी ने पाया कि पिछले तीन महीनों में इन आठ हेडर का उपयोग करके 10,000 से अधिक धोखाधड़ी वाले संदेश भेजे गए। प्रमुख संस्थाएं जो इन आठ एसएमएस हेडर की मालिक थीं, उन्हें ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है। इन प्रमुख संस्थाओं के स्वामित्व वाले सभी 73 एसएमएस हेडर और 1,522 एसएमएस सामग्री टेम्पलेट्स को भी ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है। इनमें से किसी भी प्रमुख इकाई, एसएमएस हेडर या टेम्पलेट का उपयोग अब किसी भी दूरसंचार ऑपरेटर को एसएमएस




भेजने के लिए नहीं किया जा सकता है।

दूरसंचार विभाग ने इन संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट में डालकर नागरिकों के संभावित उत्पीड़न को रोका है। दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराध से नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने में दूरसंचार विभाग की मदद करने के लिए नागरिक संचार साथी पर चक्षु सुविधा पर संदिग्ध धोखाधड़ी संचार के खिलाफ शिकायत दर्कीज कर सकते हैं।

टेलीमार्केटिंग गतिविधियों के लिए मोबाइल नंबरों का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। यदि कोई उपभोक्ता प्रचार संदेश भेजने के लिए अपने टेलीफोन कनेक्शन का उपयोग करता है, तो पहली शिकायत पर उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा, और उनका नाम और पता दो साल की अवधि के लिए ब्लैक लिस्ट में डाला जा सकता है। टेलीमार्केटिंग कॉल को उनके पूर्वलग्नों द्वारा पहचाना जा सकता है। टेलीमार्केटिंग के लिए 180, 140 है और इसके लिए 10-अंकीय नंबरों की अनुमति नहीं है।

## जिप इलेक्ट्रिक ने जुटाया 15 मिलियन का फंड, ऑपरेशन बढ़ाने में करेगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** ईवी टेक कंपनी जिप इलेक्ट्रिक ने कहा कि कंपनी ने 15 मिलियन डॉलर का निवेश जुटाया है। इसकी मदद से कंपनी अपनी फ्लीट को 21,000 से बढ़ाकर 2,00,000 करेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने ऑपरेशन का विस्तार 2026 तक 15 शहरों में करेगी।

कंपनी की ओर से ये फंडिंग बड़े जापानी निवेश एनियोस और कंपनी के मौजूदा निवेशक 9 यूनिकॉर्न्स, आईएएन फंड, वेंचर कैटालिस्ट और डब्ल्यूएफसी एवं अन्य से जुटाया गया है। जिप इलेक्ट्रिक के सीईओ और सह-संस्थापक, आकाश गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि हमारा उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इसके साथ हम अपने डिलीवरी पार्टनर की लाइफ को आसान बना रहे हैं और ग्राहक भी हमारे साथ मजबूती से बने हुए हैं। इस फंड के जरिए हम कंपनी की ग्रोथ पर फोकस करेंगे और ईबीआईटीडीए को मुनाफे में लाने की कोशिश करेंगे।

कंपनी की ओर से बताया गया कि 15 मिलियन डॉलर की इक्विटी फंडिंग जिप द्वारा सीरीज सी1 फंडिंग राउंड में जुटाई गई 50 मिलियन डॉलर की राशि का हिस्सा है। इस राउंड में 40 मिलियन डॉलर का धन इक्विटी के रूप में और 10 मिलियन डॉलर का धन डेट के रूप में जुटाया गया है।

एनियोस की ओर से कहा गया कि जिप प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ ईवी मोटरसाइकिल डिलीवरी बाजार में एक अग्रणी कंपनी है और इस कारण फंड ने कंपनी में निवेश किया है।कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, जिप एक टेक इनेबल्ड ईवी-एस-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है। कंपनी की स्थापना 2017 में हुई थी। कंपनी लॉजिस्टक्स के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया उपलब्ध कराने का काम करती है। कंपनी स्थानीय व्यापारियों से लेकर दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियों को अंतिम छोर तक कार्बन फ्री डिलीवरी उपलब्ध कराती है। वित्त वर्ष 2023-24 में जिप इलेक्ट्रिक ने 325 करोड़ रुपये की आय अर्जित की थी। कंपनी ने मुंबई और हैदराबाद में भी हाल ही में ऑपरेशन लॉन्च किए हैं।

## केरल के आर्थिक संकट से निपटने के लिए केंद्र ने दिए 21,253 करोड़, केंद्रीय मंत्री ने सीएम से की अपील

**नई दिल्ली।** केरल के आर्थिक संकट से निपटने के लिए केंद्र ने दिए 21,253 करोड़, केंद्रीय मंत्री ने सीएम से की अपील केरल इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। अब केंद्र सरकार, केरल की मदद के लिए आगे आई है। केंद्र सरकार ने आर्थिक संकट से गुजर रहे केरल के लिए 21,253 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार केरल को आर्थिक संकट से निकालने के लिए आगे आई है और दिसंबर 2024 तक केरल को 21,253 करोड़ रुपये उधार देने की मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब केरल गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आर्थिक संकट के चलते केरल सरकार कर्मचारियों की सैलरी नहीं दे पा रही है और पूर्व कर्मचारियों को पेंशन भी नहीं मिल पा रही है। अपने पोस्ट में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सीएम पी विजयन से अपील करते हुए लिखा कि मैं सीएम से अपील करता हूं कि इस फंड का इस्तेमाल सही तरीके से और बिना किसी भ्रष्टाचार के लोगों की भलाई के लिए किया जाए। केरल सरकार इस फंड से राज्य सरकार के कर्मचारियों खासकर केएसआरटीसी के कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन दें क्योंकि ये लोग बीते कई महीनों से परेशान हैं पोस्ट में साथ ही लिखा गया कि तटीय सुरक्षा और मिनी हार्बर प्रोजेक्ट पर ध्यान दिया जाए। तटीय सुरक्षा के लिए सीपीओ की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें पूरा किया जाए।

# बच्चों की अच्छी परवरिश का प्रेशर बन रहा है Parental burnout की वजह, इन तरीकों से निपटें इससे



**पेरेंटिंग एक जिम्मेदारी भरा काम है। बच्चा घर में खुशियां लेकर आता है लेकिन साथ ही साथ कई तरह की जिम्मेदारियां भी। कई बार बच्चे की जिम्मेदारी निभाते हुए अभिभावक तनाव डिप्रेशन जैसी समस्याओं का शिकार होने लगते हैं। इस स्थिति को पेरेंटल बर्नआउट कहते हैं। इसे हल्के में लेने की गलती न करें वरना सिचुएशन बहुत खराब हो सकती है।**

परफेक्ट पेरेंटिंग का प्रेशर आज के समय में कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। बच्चा स्मार्ट बने, उसमें कई तरह की स्किल्स हों। यहां तक कि एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज में भी वो सबसे आगे रहे। पेरेंट्स छोटे बच्चे से कुछ ज्यादा ही एक्सपेक्ट कर रहे हैं। उन्हें ऑल राउंडर बनाने के चक्कर में अभिभावक पेरेंटल बर्नआउट का शिकार हो रहे हैं। जिसका असर न सिर्फ पेरेंट्स, बल्कि बच्चों पर भी पड़ रहा है। आइए जानते हैं क्या है यह समस्या और कैसे करना है इसे हैंडल।

हाल ही में एक स्टडी में खुलासा किया गया है कि परफेक्ट पेरेंटिंग का प्रेशर लोगों में तनाव व डिप्रेशन की वजह बन रहा है। ज्यादातर पेरेंट्स को लगता है कि ये तनाव, चिंता पेरेंटिंग का ही हिस्सा है। इस वजह से वो इस बारे में किसी से खुलकर बात नहीं करते, लेकिन इस समस्या को समझना और इससे कैसे बाहर निकल सकते हैं, इसके बारे में जानना जरूरी है।

**क्या है पेरेंटल बर्नआउट?**

बच्चों की परवरिश के दौरान शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से होने वाली थकान को पेरेंटल बर्नआउट कहते हैं। जो पेरेंट्स और बच्चे के बीच की बॉन्डिंग को खत्म कर सकता है। इसके चलते पेरेंट्स बच्चों से दूरी बनाने लगते हैं। किसी न किसी बहाने से उन्हें अवॉयड करने की कोशिश करते रहते हैं। हालांकि उन्हें इस बात का एहसास होता है, लेकिन मेंटली वो इस कदर थक जाते हैं कि कुछ उपाय ही नहीं सूझता।

पेरेंटल बर्नआउट से निपटने के तरीके

**1. खुद के लिए समय निकालें**

बच्चों की परवरिश में खुद को न भुला दें। थोड़ा समय अपने लिए जरूर निकालें। इस समय में वो काम करें जिनसे आपको खुशी मिलती है फिर चाहे वो सोना ही क्यों न हो। मी टाइम खुद को रिचार्ज करने के लिए बहुत जरूरी है। इस बात को समझें।

2. मदद मांगने से न हिचकिचाएं

सुपरमॉम बनने की कोशिश न करें। बच्चे के आने के बाद जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, तो इसके लिए अगर आपको किसी की मदद मांगनी पड़ रही है, तो इससे हिचकिचाएं नहीं।

**3. जिम्मेदारियों को बांटें**

बच्चे को पालने की जिम्मेदारी अकेले मां की नहीं होती है, इस बात को भी समझें। बेशक इसका प्रतिशत मां की तरफ ज्यादा होता है, लेकिन अगर आप पेरेंटल बर्नआउट का शिकार नहीं होना चाहती, तो जिम्मेदारियों को आधा-आधा बांट लें। इससे जिंदगी काफी आसान हो जाएगी।

**4. लोगों से मिले-जुलें**

स्ट्रेस दूर करने और खुश रहने के लिए बच्चे तक अपनी लाइफ सीमित न कर लें। उन लोगों के लिए भी टाइम निकालें जिनसे मिलकर, बात करके आपको खुशी मिलती है, सुकून का एहसास होता है।

**5. बेमतलब के टारगेट न सेट करें**

हर पेरेंट्स की कोशिश होती है अपने बच्चे को परफेक्ट बनाने की, लेकिन इस चक्कर में न बच्चों के लिए, न खुद के लिए ऐसे टारगेट सेट करें, जिससे आपको निराशा हाथ लगे। अपने सपनों का बोझ बच्चों पर डालने की गलती बिल्कुल भी न करें।

# संकुचित नजरिया है महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा पर हमला



देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि हमें विकास की आवश्यकता है या नहीं, बल्कि यह सवाल है कि भारत में किस प्रकार का विकास होना चाहिए। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से लगता है कि %इंडिया शाइनिंग% का कीड़ा गहराई तक अंतर्निहित है। भारत को चमकने के लिए मजबूर किया जा सकता है लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या भारत के लोग चमकेंगे- और यही वह जमीन है जिस पर इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में कांग्रेस भारी पड़ रही है।चुनावी मौसम में बढ़ती गर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने चुने हुए मीडिया घरानों के साथ साक्षात्कारों की एक श्रृंखला शुरू की है। ज्यादातर साक्षात्कारों पर नियंत्रण दिखाई देता है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इन साक्षात्कारों के सुरक्षित खाली स्थानों में भी कुछ अलिखित शब्द बच गए हैं जो आज देश के सामने मौजूद कुछ ज्वलंत मुद्दों के बारे में समझ और वचनबद्धता की खतरनाक कमी को प्रकट करते हैं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक की शक्ति योजना पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को लें! शक्ति योजना पिछले साल जून में शुरू की गई थी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अब तक महिलाओं और लड़कियों ने लगभग 200 करोड़ फेरे की शून्य लागत पर राज्य परिवहन की यात्रा बसों में की है। प्रतिदिन लगभग 65 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। ये आंकड़े सिटी बस सेवाओं और राज्य में शहर या गांव में चल रही बस सेवाओं की फेरियों के माध्यम से कहीं भी आने-जाने का लाभ उठा रही महिला यात्रियों के हैं। राज्य में इस योजना का जबरदस्त असर हुआ है और इसका एक सरल और स्पष्ट संदेश है कि महिलाएं खुद को स्वतंत्र महसूस करती हैं। वे हर जगह यात्रा कर रही हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि वास्तव में यह एकमात्र कल्याणकारी योजना है जिसका अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। योजना सरल, स्पष्ट, प्रयोग करने योग्य है- अपना निवासी कार्ड दिखाएं और यात्रा करें।

एक साक्षात्कार में इस योजना के बारे में प्रधानमंत्री ने अज्ञानता भरी टिप्पणी करते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की पेशकश से नवनिर्मित मेट्रो सेवाओं का उपयोग कम होगा इसलिए मेट्रो घाटे में चलेगी और कोई भी देश में मेट्रो सेवाओं का निर्माण नहीं करेगा। यह बहुत ही सीमित और संकीर्ण दृष्टिकोण है और यह नज़रिया उस समय टिक नहीं पाता है जब हम समझेंगे कि कल्याणकारी योजनाएं कैसे काम करती हैं। वे कैसे सशक्त हो सकती हैं और मुक्ति के लिए एक ताकत बन सकती हैं तथा समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं के लिए नए अवसर खोल सकती हैं। जैसा कि कर्नाटक के मामले में है। यह आश्चर्यजनक है कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री के पदों पर दो दशकों से अधिक समय तक रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी विकास की बुनियादी बातों के प्रति संवेदनशील दिखाई नहीं देते या उन्होंने ये सबक सुने तो हैं लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया है; अथवा चुनाव के इस कड़वे मौसम में वे कर्नाटक में यह योजना लाने वाली कांग्रेस के प्रति अपनी नफ़रत में अंधे हो गए हैं। भारत सरकार, यहां तक कि भाजपा सरकार भी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चला रही है और अगर प्रधानमंत्री की इसी सोच को लागू किया जाए तो अवधारणात्मक रूप से यह एक ऐसी सरकार होनी चाहिए जो न केवल कर्नाटक में मुफ्त परिवहन योजना बल्कि गैर-भाजपा शासित राज्यों- दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब की सभी कल्याणकारी योजनाओं को अस्वीकार करती है।कर्नाटक की शक्ति योजना के संपूर्ण प्रभाव को देखने और समझने में अभी समय लगेगा। फिर भी यह विचार सभी तर्कों को पराजित कर देता है कि यह योजना सवारियों को मेट्रो से दूर ले जाती है। इसकी जड़ में यह बात है कि प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि गरीबों को भुगतान करने तथा मेट्रो लाइनों की सवारी करने के लिए कहें (जहां किराया सामान्य रूप से बहुत अधिक है) ताकि मेट्रो व्यवहार्य हो जाए एवं निवेश की भरपाई हो सके और इस प्रकार बताया जा सके कि विकास हुआ है। विकास के क्या मायने हैं यह उनके नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक भयावह संकीर्ण दृष्टिकोण है और शायद इसे जाने बिना ही प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के आरोप को स्वीकार कर लिया है कि यह अमीरों की, अमीरों द्वारा और अमीरों की सरकार है। जिस लेंस से काम करने का यह पूरा तरीका देखा जा रहा है वह फाइनेंसर का लेंस है। यह उन महिलाओं और लड़कियों का लेंस नहीं है जो कर्नाटक में मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठा रही हैं, जो सुविधाएं स्पष्ट रूप से पहले नहीं थीं।

यह नरेंद्र मोदी की समझ की कमी की भी याद दिलाता है जो उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पहले दिखाई थी। जब वे नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे थे तब उन्होंने मुंबई में एक सार्वजनिक बैठक में कहा था कि -%बुलेट ट्रेन दुनिया को यह दिखाने के लिए थी कि भारत विकसित है भले ही कोई इसका इस्तेमाल न करे।% भले ही उस समय इस बात को एक अपरिपक्व टिप्पणी कहकर खारिज कर दिया गया हो लेकिन इस बार शक्ति योजना तथा भारत में असमानता में वृद्धि पर पूछे गए अन्य प्रश्नों पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी वृद्धि और विकास के मुद्दों के विचार और समझ में कुछ बुनियादी समस्याओं को दर्शाती है।

कर्नाटक की फ्री बस योजना के मामले में जो स्पष्ट प्रश्न उठते हैं वे सीधे हैं- जैसे 1. महिलाएं पहले उस तरह से यात्रा क्यों नहीं कर रही थीं जिस तरह से वे अब कर रहीं हैं? 2. जमीनी स्तर की अर्थव्यवस्था के लिए यात्रा में इस भारी वृद्धि का क्या मतलब है? 3. अब सामने आ रही शिकायतें- जैसे कि बसों में भीड़ होती है और वे अक्सर समय पर नहीं चलतीं आदि के बारे में सार्वजनिक सेवा की उच्च गुणवत्ता के लिए जमीनी स्तर की मांग के लिए क्या उपाय हैं? 4. इन मांगों के बारे में सरकार की प्रतिक्रिया कैसी होगी और क्या उसे सार्वजनिक परिवहन में अधिक निवेश करने के लिए मजबूर किया जाएगा? 5. महिला श्रम बल की भागीदारी और समग्र रूप से अर्थव्यवस्था पर आनुषांगिक लाभ क्या होंगे? 6. क्या आपको काम करने का अधिकार हो सकता है लेकिन काम करने के लिए सुरक्षित और शालीन तरीके से यात्रा करने का अधिकार नहीं है? ऐसे और भी कई प्रश्न इस योजना को लेकर सामने आते हैं लेकिन इनमें से कोई भी सवाल प्रधानमंत्री और मेट्रो सेवाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने की उनकी नीति के समक्ष विचारणीय नहीं है। इसका मतलब चाहे महिलाओं को उस तरह से यात्रा करने से रोकना हो जिस तरह से वे अभी कर रहीं हैं।

विश्व की सबसे अमीर अर्थव्यवस्थाओं में से एक लक्ज़मबर्ग ने लगभग चार साल पहले न केवल वहां के निवासियों के लिए बल्कि सभी लोगों के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा की। यूरो न्यूज़ के अनुसार द ग्रीन्स पार्टी के नेता और लक्ज़मबर्ग के पूर्व उप प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बॉश ने कहा-%यह योजना काफी लागत वाली है, लेकिन इसका सभी करदाताओं द्वारा भुगतान किया जाता है ... वहां अधिक इक्विटी है क्योंकि जाहिर है कि जो लोग कम करों का भुगतान करते हैं वे इस प्रणाली में कुछ भी नहीं या बहुत कम भुगतान करते हैं। जो लोग अधिक कर का भुगतान करते हैं ... एक मूल्य टैग है जो थोड़ा अधिक हो सकता है। वहां इस योजना का आनुषांगिक लाभ यह है कि देश की परिवहन प्रणाली में निवेश धीमा नहीं हुआ है। नई ट्राम प्रणाली नियमित और विश्वसनीय है जो ट्रैफिक की बाधाओं से मुक्त है। देश ने अपने रेल नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए रिकॉर्ड निवेश किया है।अंत में, देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि हमें विकास की आवश्यकता है या नहीं, बल्कि यह सवाल है कि भारत में किस प्रकार का विकास होना चाहिए। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से लगता है कि %इंडिया शाइनिंग% का कीड़ा गहराई तक अंतर्निहित है। भारत को चमकने के लिए मजबूर किया जा सकता है लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या भारत के लोग चमकेंगे- और यही वह जमीन है जिस पर इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में कांग्रेस भारी पड़ रही है।

## संपादकीय

### असुरक्षा में जीने को अभिशप्त भारतीय

भारतीय अपने जीवन में खतरों को झेलने और उनके प्रति स्थायी रूप से असंवेदनशील बने रहने के आदी हो गये हैं। आये जिन देश के किसी न किसी में कोई न कोई बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं लेकिन न तो नागरिक इस बात की मांग करते हैं कि उन्हें सुरक्षित जीवन जीने का माहौल दिया जाये और न ही सरकार- चाहे केन्द्र की हो या राज्यों की (किसी भी पार्टी की क्यों न हो), ऐसी परिस्थितियों को लेकर कोई गम्भीरता नहीं दिखाती। लोगों के जीवन को जिस तरह से सस्ता बना दिया गया है वह आधुनिक समय की भावना के एकदम विपरीत है। बाढ़, भूकम्प, बादल फटने, जमीन धसकने जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर इंसान का बस नहीं होता और वे आधुनिकतम देशों में भी आती हैं, पर मनुष्य निर्मित दुर्घटनाओं के लिये किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सख्त कानून व नियमों के जरिये एक सुरक्षित जीवन जीने के योग्य वातावरण बनाना सरकार का ही काम होता है जिसकी जिम्मेदारी से वह बच नहीं सकती, पर भारत में रोज होते हुए हादसे देखे जा सकते हैं- वह भी बहुतायत में।

गुजरात के राजकोट में शनिवार को एक गेम जोन में भीषण आग लग गई जिससे 12 बच्चों समेत 28 लोगों की जलकर मौत हो गई। हालांकि 25 लोगों को बचा लिया गया। सप्ताहांत होने और 500 का टिकट 99 रुपये में मिलने के कारण भीड़ ज्यादा थी। बताया गया है कि वेल्डिंग की चिंगारी से यह आग लगी। यहां ज्यादातर सामग्रियां ज्वलनशील थीं, इसके चलते आग तेजी से फैल गई। असली बात यह है कि यहां आगजनी सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं लिया गया था। बहुत से बच्चों और बड़ों के शव तो पहचाने भी नहीं जा रहे हैं। डीएनए के जरिये वे परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। रविवार को पूर्वी दिल्ली यानी यमुनापार के विवेक विहार में संचालित एक 2 मंजिला बेबी डे केयर में आग लगने से ही 7 नवजातों की मौत हो गई वहीं करीब इतने ही बच्चे झुलस गये हैं। यहां 12 बच्चों को किसी तरह से बचा लिया गया।उधर छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के एक गांव बोरसी में चल रही बारूद फैक्ट्री में शनिवार को विस्फोट हो गया जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। हालांकि एक की ही शिनाख्त हो सकी है और लगभग 7 शवों के फैक्ट्री के मलबे में दबे होने की आशंका है। विस्फोट इतना भयावह था कि 15 किलोमीटर दूर तक सुनाई दिया और इससे न केवल कई मजदूरों के चिथड़े उड़ गये बल्कि फैक्ट्री का एक हिस्सा भी ढह गया। गांव वाले लम्बे समय से इस बारूद फैक्ट्री को हटाने की मांग कर रहे थे परन्तु उसके मालिक का सम्बन्ध मध्यप्रदेश के एक पूर्व मुख्यमंत्री से बताया जाता है इसलिये ऐसा हो न सका।ऐसी छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं की लम्बी फेहरिस्त है जो कोई भी अपनी याददाश्त के बल पर बना सकता है। फिर वह चाहे गुजरात के मोरबी का पुल हो या कोलकाता का फ्लाईओवर जो निर्माण की अवस्था में ही ढह गया; या फिर कोलकाता के एक अस्पताल में लगी भीषण आग अथवा कुछ साल पहले मुंबई लोकल रेलवे के एक स्टेशन का फुटओवर ब्रिज जो अपनी आयु पूरी कर चुका था। पीक अवर में यात्रियों की भारी भीड़ का वजन न सह पाने के कारण ढह गया था। देश की व्यवस्था कुछ ऐसी है कि दशहरे पर रेलवे लाइन के किनारे रावण दहन देखते हुए लोग दूसरी ओर से आती ट्रेन से कटकर मर जाते हैं या फिर स्मोग (भारी धुंध) के कारण ग्रांड ट्रंक रोड पर टकराते वाहनों में मारे जाते हैं। भोपाल के यूनियन कार्बाइड के कारखाने में गैस रिसाव से लेकर दिल्ली के उपहार सिनेमाघर में आग लगने की घटना को भला कौन भूल सकता है?

सच तो यह है कि भारतीयों के जीवन में जितनी विविधता है, दुर्घटनाएं भी उतनी तरह की होती हैं। उनके मरने का अंदाज बहुत वैविध्यपूर्ण है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बेलगाम है तो मनोरंजन के लिये लगे झूले एकदम असुरक्षित, नावों में इतने लोग भर लिये जाते हैं कि वे बीच नदियों, जलाशयों में डूब जाती हैं। बच्चों को स्कूल ले जाती बसें या रिक्शे कभी सड़क पर पलट जाते हैं तो कभी आती ट्रेनों से पहले लेवल क्रॉसिंग पार करने के चक्कर में वे कई घरों के दीयों को बुझा देते हैं। न निजी जीवन में सुरक्षा है और न ही कार्य स्थलों पर। फैक्ट्रियों में कभी बॉयलर में विस्फोट हो जाता है तो कभी पिघली धातु श्रमिकों पर छिटक जाती है। कभी वे पावर प्लांट की गर्म राख में झुलस जाते हैं तो उन पर क्रेनें टूट जाती हैं। लोग मरते हैं, घायल होते हैं, स्थायी रूप से विकलांग होते हैं पर लोग इसी व्यवस्था में जीने के लिये अभिशप्त हैं।दुर्घटनाएं इसलिये भी नहीं रुकतीं क्योंकि उसके बाद दोषियों को बचाने की कवायदें शुरू हो जाती हैं। गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार दोषी, जो या तो रसूखदार होते हैं या फिर कानून इतने कमजोर हैं कि शाम होते न होते रात का खाना वे अपने घरवालों के साथ खा रहे होते हैं। न्याय पाने के लिये कानूनी जटिलताओं में भी उन्हें ही उलझना पड़ता हैजो भुक्तभोगी होते हैं। पुलिस का काम पहले तो समझौता कराने का होता है.

# अशिष्टता के शब्दकोश को नहीं अपनाएगी जनता

## कुफ्र टूटा खुदा खुदा करके! आखिर यह लंबा उकताने वाला चुनाव खत्म होने को आ ही गया

हमारे गांवों में हास्यबोध बहुत है। कामन सेंस भी। पहले भी शायद बताया कि कृषि के मामले में पहले नोबल पुरस्कार विजेता नार्मन बोरलाग ने कहा था कि- भारत के किसानों में सहज ज्ञान बहुत है। वे कृषि की अपनी पारंपरिक पद्धति को बहुत सफलतापूर्वक नई पीढ़ी को हस्तांतरित करते रहते हैं और नया ज्ञान भी सीखते रहते हैं। इन्दिरा गांधी द्वारा की गई हरित क्रान्ति से बोरलाग बहुत प्रभावित थे।कुफ्र टूटा खुदा खुदा करके! आखिर यह लंबा उकताने वाला चुनाव खत्म होने को आ ही गया। 6 दौर हो गए। सातवां और आखिरी एक जून को हो जाएगा।मगर यह एक जून आने में इतनी देर क्यों कर रही है? सब चाहते हैं कि यह जल्दी आए। चुनाव निपट जाएं ताकि प्रधानमंत्री को आराम मिल सके।सबको डर है कि अभी बचे 5 दिन में प्रधानमंत्री पता नहीं और क्या बोल जाएं! खुद उनका चुनाव बचा हुआ है। प्रियंका गांधी और डिंपल यादव ने उनके चुनाव क्षेत्र वाराणसी जाकर माहौल गर्म कर दिया है। दोनों का संयुक्त रोड शो बहुत सफल रहा। वाराणसी के लोगों में जिस तरह का उत्साह था वह प्रधानमंत्री को और उकसा सकता है।

अभी तक उन्होंने क्या क्या बोला यह बताना बेकार है। इतिहास में भी कहीं दर्ज नहीं होगा। क्या कभी किसी ने इतिहास में पढ़ा है- भैंस! अभी हाल में मुजरा कहा है। इसके आगे अभी क्या क्या कह सकते हैं किसी को नहीं पता। एक लंबी लिस्ट है। जिसमें टोंटी भी है। बाकी चीजें मंगलसूत्र, बिजली, बैंक अकाउंट मछली वगैरह हम सोच सकते हैं कि हमारी बातचीत में कभी न कभी आने वाले शब्द हैं। मगर यह भैंस, मुजरा, टोंटी क्या आम बोलचाल में उपयोग होते हैं?भारत के प्रधानमंत्री जो कहते थे दुनिया उसे ध्यानपूर्वक सुनती थी। आज जो प्रधानमंत्री कह रहे हैं उसकी गांवों तक में हंसी हो रही है। सबसे ज्यादा मजा लोग भैंस खोल कर ले जाएंगे, का ले रहे हैं। कांग्रेस भैंस ले जाएगी! लोग हंस रहे हैं। कह रहे हैं कि सुना यह था कि कांग्रेस विदेशी कपड़े ले जाती थी। उसकी होली जलाती थी। अशिक्षा और गरीबी ले जाने की बात करती थी। बीमारियों को दूर करने की। पोलियो ड्राप की। गांव-गांव में प्राइमरी हेल्थ सेन्टर खुलवाए थे। मां और बच्चे का स्वास्थ्य देखा जाता था। स्कूल में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) शुरू किया था। मगर ये भैंस ले जाएंगे? कहकर गांव वाले हंसते हैं।हमारे गांवों में हास्यबोध बहुत है। कामन सेंस भी। पहले भी शायद बताया कि कृषि के मामले में पहले नोबल पुरस्कार विजेता नार्मन बोरलाग ने कहा था कि- भारत के किसानों में सहज ज्ञान बहुत है। वे कृषि की अपनी पारंपरिक पद्धति को बहुत सफलतापूर्वक नई पीढ़ी को हस्तांतरित करते रहते हैं और नया ज्ञान भी सीखते रहते हैं। इन्दिरा गांधी द्वारा की गई हरित क्रान्ति से बोरलाग बहुत प्रभावित थे।तो भारत का ग्रामीण सब समझता है। उसमें जबर्दस्त सामान्य समझ है। जब इन्दिराजी ने हरित क्रान्ति की शुरुआत की तब यह कहा जा रहा था कि भारत का किसान नई खेती के लिए तैयार नहीं होगा। यह वे लोग थे जो भारत को यथास्थितिवादी बनाए रखना चाहते थे। किसी भी नए परिवर्तन से बचते थे। मगर भारत के किसान ने बहुत तेजी के साथ नई खेती में दिलचस्पी ली। और भारत के गोदाम अनाज से भर दिए।

बोरलाग अमेरिकी थे। उसी अमेरिका के जिसके राष्ट्रपति निक्सन से यह कहते हुए इन्दिरा गांधी ने हरित क्रान्ति शुरू की थी कि ले जाओ अपने अनाज के जहाज वापस। अनाज के बहाने दबाव मत डालो कि हम पूर्वी बंगाल के लोगों की मदद न करें। पाकिस्तान उन पर अत्याचार कर रहा है। वे शरण लेने के लिए हमारे देश में आ रहे हैं। हम चुप नहीं रह सकते। पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। और वही हुआ। इन्दिरा ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए।तो सोचिए पाकिस्तान में तो इन्दिरा गांधी के खिलाफ माहौल था ही उस अमेरिका में भी था जो इन्दिरा के सामने पाकिस्तान की मदद नहीं कर पाया। उस समय वहां के कृषि वैज्ञानिक नार्मन बोरलाग भारत की तारीफ करते हैं। यह बड़ी बात है और भारत का किसान इस तारीफ के काबिल भी था, अब भी है।खैर तो कभी हमारे देश के प्रधानमंत्री इस स्तर की बातें करते थे। अमेरिका को झुकाने वाली। उससे पहले नेहरू साइंटिफिक टेंपर ( वैज्ञानिक मिजाज) की बात करते थे। और केवल बात नहीं करते थे उसे बनाने के लिए देश भर में साइंस इंस्टिट्यूट स्थापित किए। आईआईटी खोले। एम्स खोला। उच्च शिक्षा से लेकर स्कूली शिक्षा तक एक माहौल बनाया।

ऐसे हुआ करते थे देश के प्रधानमंत्री। लाल बहादुर शास्त्री जिनका



जय जवान जय किसान अभी कुछ साल पहले तक जनता में ही नहीं सरकारों में भी मान्य था। अब जनता में तो बचा है। मगर सरकार ने जवान और किसान दोनों को तोड़ दिया। जवान अग्निवीर बनाकर। ठेके की नौकरी चार साल की और किसान जो आपके लिए खेत में अनाज उगाता है आपने उसके लिए सड़कों पर कीलें गाड़कर। अब जवान और किसान जब अपने लिए जय सुनता है तो उसे लगता है कि कितनी पुरानी बात है जब उसकी जय होती थी। आज तो क्षय (मिटाने) की बात हो रही है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे। सब तरफ से विरोध हो रहा था कंप्यूटर का। उस समय एक सदी आगे की सोची। कंप्यूटर क्रान्ति की। शिक्षा में ऐसा नवाचार (इनोवेशन) लाए गांवों के लड़के-लड़कियां शहर के अच्छे स्कूलों के बराबर खड़े हो गए। गांवों में नवोदय स्कूल खोलकर उन बच्चों को नए अवसर दे दिए जो कभी सोच भी नहीं सकते थे कि वे इस उच्च स्तर पर भी पढ़ सकते हैं।मनमोहन सिंह। जब 2008 में पूरी दुनिया मंदी की शिकार हो रही थी तब मनमोहन सिंह ने भारत को उससे बचाया। इतने बड़े आर्थिक विशेषज्ञ थे कि उन्हीं के बारे में कहा जाता है कि जब वे बोलते थे तो पूरी दुनिया उन्हें सुनती थी। उनके बारे में आप कहते हैं देहाती औरत! मनमोहन सिंह का कद कम नहीं हुआ। सम्मान किसका गिरा अगर सोच सकते हैं तो आप खुद सोचिए।भारत के प्रधानमंत्रियों का सम्मान विश्व भर में रहा है। यह इतिहास में दर्ज है। गुट निरपेक्ष आंदोलन आज भी विदेश नीति, इन्टरनेशनल स्टडीज में पढ़ाया जाता है और इस आंदोलन के जनक जवाहर लाल नेहरू के बारे में भी। दुनिया के विश्वविद्यालयों में जब राजशाही ( मोनार्की) के खात्मे के बारे में पढ़ाया जाता है तो उसमें आखिरी कील ठोकने वाली भारत की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी का भी जिक्र होता है। राजाओं के प्रीविपर्स और प्रिवलेज खत्म करने का।

विश्वविध्यालय का जिक्र चला तो यह याद रखना भी जरूरी है कि जिन प्रधानमंत्री के लिए रेनकोट पहनकर नहाने वाला कहा गया उनके नाम से कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में छात्रवृति दी जाती है। अब कैम्ब्रिज क्या है? शायद आज की तारीख में कोई यह भी पूछ सकता है। और कोई सामान्य आदमी पूछे तो एक बार ठीक भी है लेकिन डर यह लगता है कि भैंस की बात करने वाले भी पूछ सकते हैं। और जो संसद में नारे लगवा सकते हैं कि मनमोहन चोर है वे यह भी कह सकते हैं कि कैम्ब्रिज क्या है? दस साल हो गए। मनमोहन सिंह के खिलाफ एक आरोप साबित नहीं कर पाए। मगर उनका चरित्र हनन खूब किया। यहां तक कि उनके घर सीबीआई तक भेजी थी। मगर क्या मिला?

चुनाव आते हैं जाते हैं।मगर देश के प्रधानमंत्री का एक स्तर होता है। गरिमा (डिग्निटी) तो बड़ा शब्द है, उसे निभाना तो सबके लिए आसान नहीं है। मगर एक सामान्य स्तर बोलने का तो सब रखते हैं। वह भी खत्म कर दिया।

वैसे कहा तो यह जाता है कि जो स्तर ऊपर होता है वही नीचे आता है। भारत के प्रधानमंत्री जिन शब्दों को बोलते हैं वह जनता में भी चलने लगते हैं। मगर इस मामले में हमारे महान देश की जनता बहुत विवेकवान है। एक बार नहीं दस बार मुजरा बोल लें मगर जनता इस शब्द को आत्मसात नहीं करेगी। जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, आजकल बोल रहे हैं शहजादे पहले एक के लिए बोलते थे अब कई बना दिए मगर जनता के शब्दकोष में यह नहीं आते। भाषा और शिष्टता के मामले में यह देश बहुत सभ्य और संस्कारी है। यहां अशिष्टता का शब्दकोश चलना बहुत मुश्किल है।

# सारकॉइडोसिस को टी.बी न समझें

**ट्यूबरकुलोसिस (टी.बी.) से मिलती-जुलती एक अन्य बीमारी है,जिसे सारकॉइडोसिस कहते हैं। टी.बी. की बीमारी की तरह यह भी शरीर के किसी भी भाग को प्रभावित कर सकती है, हालांकि 90 प्रतिशत रोगियों में यह रोग टी.बी. की तरह फेफड़ों को प्रभावित करता है।**

पहले ऐसा समझा जाता है था कि सारकॉइडोसिस नाम की बीमारी देश में नहीं पायी जाती है, लेकिन पिछले कुछ सालों में इस रोग से काफी लोग ग्रस्त हो चुके हैं, जिसका सिलसिला जारी है। चूंकि इस रोग के लक्षण टी.बी. की बीमारी से मिलते-जुलते हैं। इसलिए दोनों में अंतर करना डॉक्टर और रोगी दोनों के लिए कठिन कार्य है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि सारकॉइडोसिस के रोगी का इलाज टी.बी. की दवाओं से होता है। अंततः डॉक्टर को यह पता चलता है कि पीड़ित व्यक्ति को टी.बी. की बीमारी थी ही नहीं और वह सारकॉइडोसिस की बीमारी से प्रभावित था।

## लक्षण

- प्रारंभिक स्थिति में अधिकतर रोगियों में सूखी खांसी, हल्का बुखार, हाथ पैरों में दर्द और कभी-कभी सांस फूलना आदि लक्षण प्रकट होते हैं।
- जब बीमारी कुछ बढ़ने लगती है, तब फेफड़े के अंदर बड़ी-बड़ी गांठें बन जाती हैं और फेफड़े का आकार छोटा होता जाता है।
- रोगी की लगातर सांस फूलने लगती है और खांसी में आराम नहीं मिलता।
- जब शरीर के दूसरे अंग प्रभावित होते हैं, तब रोगी की तकलीफें बढ़ने लगती हैं। जैसे आंख के प्रभावित होने पर आंखों की रोशनी कम हो जाती है। त्वचा में कभी-कभी लाल रंग के चकत्ते बन जाते हैं। लिवर और तिल्ली का आकार बड़ा हो जाता है।
- कभी-कभी सारकॉइडोसिस से मस्तिष्क और गुर्दे पर भी असर होने लगता है। रोग की चरम अवस्था में हृदय व गुर्दे भी काम करना बंद कर देते हैं और पूरे शरीर में सूजन आ जाती है।
- शरीर में पानी की मात्रा अधिक होने से शरीर का वजन बढ़ जाता है और रोगी चल-फिर भी नहीं पाता। यह बीमारी की अंतिम अवस्था है। वैसे तो यह बीमारी गंभीर नहीं होती है, लेकिन जब गुर्दो और मस्तिष्क पर यह प्रभाव डालती है, तब यह लाइलाज बन जाती है।

## उपचार

प्रारंभिक अवस्था में अधिकतर रोगियों में बीमारी स्वयं ही समाप्त हो जाती है, लेकिन रोग की अवस्था बढ़ने पर अधिकतर मामलों में दवाओं के नाम पर स्टेरॉयड का प्रयोग लगभग एक वर्ष तक किया जाता है। थोड़ी-सी सावधानी और जानकारी से इस बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है।



# जब दम घुटता है पैरों का...

वैसे तो सी.वी.आई. नामक रोग पुरुषों और स्त्रियों दोनों को हो सकता है, लेकिन, महिलाओं में यह बीमारी सामान्य तौर पर गर्भावस्था या बच्चों को जन्म देने के बाद शुरू होती है। पहले यह रोग ज्यादातर ग्रामीण व शहरी अंचलों में रहने वाली महिला गृहणियों तक ही सीमित था, पर मौजूदा दौर में यह रोग युवकों वयुवतयों में तेजी से फैल रहा है। इसका कारण आज की आधुनिक जीवन-शैली व नये उभरते रोजगारों से संबंधित अपेक्षाएं हैं। शारीरिक व्यायाम व पैदल चलना आज के युग में नगण्य हो गया है। काल सेन्टर या रिसेप्शन काउन्टर पर काम करने वाले युवक व युवतियां इस रोग की शिकार हो रही हैं। स्टाक एक्सचेंज व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दफ्तरों में कंप्यूटर के सामने घंटों पैर लटकाकर बैठने वालों में यह रोग तेजी से पनप रहा है। ट्रैफिक पुलिसमैन, व होटलों के रसोईघर में काम करने वाले लोग भी सी.वी.आई. से ग्रस्त हो रहे हैं।

## क्यों बनते हैं ये निशान

शरीर के अन्य अंगों की तरह टांगों को भी ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। यह ऑक्सीजन धमनियों (आर्टरीज) में प्रवाहित शुद्ध खून के जरिये पहुंचायी जाती है। टांगों को ऑक्सीजन देने के बाद यह ऑक्सीजनरहित अशुद्ध रक्त शिराओं (वेन्स) के जरिये वापस टांगों से ऊपर फेफड़े की तरफ शुद्धीकरण के लिये ले जाया जाता है। इसका मतलब यह हुआ कि ये शिराएं टांगों के ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण करती हैं। शिराओं की कार्यप्रणाली अगर किसी कारण से शिथिल हो जाती है, तो टांग व पैर का ड्रेनेज सिस्टम चरमरा जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि अशुद्ध खून ऊपर चढ़कर फेफड़े की ओर जाने की बजाय टांगों के निचले हिस्से में इकट्ठा होने लगता है। फिर शुरू होता है पैरों में सूजन और काले निशानों का उभरना। अगर समय रहते इनका समुचित इलाज किसी वैस्क्युलर सर्जन से नहीं कराया गया, तो टांगों में उभरे काले निशान धीरे-धीरे और गहरे व आकार में बढ़ते जाते हैं, जो अंततः लाइलाज घावों में परिवर्तित हो सकते हैं।

## कारण

सी. वी. आई. के पनपने के कई कारण हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्रमुख हैं डीप वेन थ्रॉम्बोसिस यानी डी.वी.टी.। इस रोग में टांगों की (शिराओं) में रक्त के कतरे जमा हो जाते हैं। ये कतरे बीमारी के बाद अक्सर पूरी तरह गायब नहीं हो पाते और अगर कुछ हद तक गायब हो भी जाते हैं, तो भी वेन के अंदर स्थित कपाटों को नष्ट कर देते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि शिराओं के जरिये अशुद्ध खून के ऊपर चढ़ने की प्रक्रिया बुरी तरह से बाधित हो जाती है। डी. वी. टी. के कुछ रोगियों में खून के कतरे शिराओं के अंदर स्थायी रूप से मौजूदरहते हैं।

## व्यायाम न करना

सी. वी. आई. का दूसरा प्रमुख कारण व्यायाम न करने और पैदल कम चलने से संबंधित है। रोजाना पैदल कम चलने से या टांगों की कसरत न करने से टांगों की मांसपेशियों द्वारा निर्मित पम्प (जो अशुद्ध खून को ऊपर चढ़ाने में मदद करता है) कमजोर पड़ जाता है। कुछ लोगों की शिराओं में स्थित कपाट (वाल्व) जन्म से ही ठीक से विकसित नहीं हो पाते, ऐसे रोगियों में सी.वी.आई. के लक्षण कम उम्र में ही प्रकट होने लगते हैं।

## जांचे

काले निशानों का कारण जानने के लिए वेन्स डॉप्लर स्टडी, एम. आर. वेनोग्राम, व कभी-कभी एंजियोग्राफी का सहारा लिया जाता है। रक्त की जांचें भी करायी जाती हैं।

## इलाज


इन विशेष जांचों के आधार पर ही सी. वी. आई. के इलाज का निर्धारण किया जाता है। ज्यादातर रोगियों में दवा देने से और विशेष व्यायाम करने से राहत मिल जाती है, लेकिन कुछ रोगियों में ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ती है। मौजूदा दौर में वेन्स वाल्वोप्लास्टी, एक्सीलरी वेन ट्रांसफर या वेन्स बाईपास सर्जरी जैसी आधुनिकतम तकनीकों की मदद से रोग को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

## सजगता बरतें

अगर आपकी टांगों पर काले निशान हैं, तो ये सावधानियां बरतें.

1. टांग व कमर के चारों ओर कसे हुए कपड़े न पहनें। पुरुष टाइट अंडरवियर व महिलाएं टाइट पैन्टी न पहनें। कमर बेल्ट टाइट न बांधें। टाइट बेल्ट खून की वापसी में रुकावट डालती है।
2. ऊंची एड़ी के जूते व सैंडल का इस्तेमाल न करें। नीची एड़ी वाले जूते टांगों की मांसपेशियों को हमेशा क्रियाशील रखते हैं। यह स्थिति वेन्स व टांगों के ड्रेनेज सिस्टम के लिए लाभदायक है।
3. जॉगिंग, एरोबिक्स या ऐसा कोई उछल-कूद वाला व्यायाम न करें, जिसमें पैर के घुटनों पर बार-बार झटके लगें। इस तरह के व्यायाम वेन्स को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान ज्यादा पहुंचाते हैं। बगैर झटके वाले, पैर उठाने वाले और टांगें मोड़ने वाले व्यायाम वेन्स के लिये लाभप्रद हैं।
4. ऐसी शारीरिक मुद्रा(पोस्चर्स) से बचें, जिसमें लंबे समय तक बैठना या खड़े रहना पड़ता हो। ऑफिस में या घर पर एक घंटे से ज्यादा वक्त तक न तो पैर लटकाकर बैठे रहें और न ही लगातार खड़े रहें। इस तरह की स्थितियों में एक घंटा पूरा हो जाने पर पांच मिनट का अंतराल लें। इस अंतराल के दौरान दोनों पैरों को अपने सामने किसी स्टूल के सहारे ऊंचा रखें।
5. खाने में तेल व घी का प्रयोग बहुत कम मात्रा में करें। कम कैलोरी वाले और रेशेदार खाद्य पदार्थ वेन्स के लिए लाभप्रद हैं।
6. अपने वजन पर नियत्रंण रखें। वजन कम करने से वेन्स पर पड़ने वाला अनावश्यक दबाव कम हो जाता है।
7. रात में सोते समय पैरों के नीचे एक या दो तकिये लगाएं जिससे पैर छाती से दस या बारह इंच ऊपर रहें। ऐसा करने से पैरों में ऑक्सीजनरहित खून के इकट्ठा होने की प्रक्रिया शिथिल पड़ जाती है जो सी.वी.आई. रोग से ग्रस्त पैरों के लिये अत्यन्त लाभकारी है।
8. दिन के समय विशेष तकनीक से निर्मित दबाव वाली जुराबें टांगों में पहनें। इस संदर्भ में विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लें। सुबह बिस्तर से उठते ही इन विशेष जुराबों को अपनी टांगों पर चढ़ा लें और दिन भर पहने रखें। ये जुराबें पैरों में खून का प्रवाह बढ़ाती हैं और गुरुत्वाकर्षण से नीचे की तरफ होने वाले खून के दबाव को कम करती हैं। इस वजह से सी.वी.आई. रोग को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।





# बैलून काइफोप्लॉस्टी स्पाइन फ्रैक्चर का सटीक इलाज

रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के फ्रैक्चर के इलाज में बैलून काइफोप्लॉस्टी बेहतरीन तकनीक के रूप में सामने आ चुकी है। बैलून काइफोप्लॉस्टी रीढ़ की हड्डी की विकृति में भी कारगर है, तो किसी हादसे के चलते रीढ़ की हड्डी में होने वाले फ्रैक्चर में भी। इसके अलावा यह स्पाइन के ट्यूमर में और ऑस्टियोपोरोसिस के कारण होने वाले फ्रैक्चर में भी प्रभावी है।

## क्या है यह तकनीक?

बैलून काइफोप्लॉस्टी तकरीबन एक घंटे की प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत रीढ़ की टूटी हड्डी में सुधार किया जाता है। इसमें बैलून की मदद से टूटी हड्डी को उठाकर सही स्थिति में रखते हैं। फ्रैक्चर ग्रस्त हड्डी को ठीक रखने के लिए बोन सीमेंट लगाया जाता है। इसके बाद रोगी को एक दिन तक देखभ्भाल के लिए रखा जाता है, लेकिन रोगी की मेडिकल जरूरत के हिसाब से इसे बदला भी जा सकता है। इस प्रक्रिया के बाद रोगी को एक घंटे के लिये निगरानी कक्ष में रखने के बाद रिकवरी रूम में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसके अच्छे परिणामों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 90 प्रतिशत रोगियों को 24 घंटे में ही दर्द से आराम मिल जाता है। बैलून काइफोप्लास्टी की प्रक्रिया शुरू करने से पहले रोगी की कई मेडिकल जांचें जैसे एक्स रे, एमआरआई, सीटी स्कैन और डेक्सा स्कैन आदि करायी जाती हैं।

## पारंपरिक सर्जरी और बैलून काइफोप्लास्टी

पारंपरिक सर्जरी में ज्यादा चीर-फाड़ की जाती है। इस स्थिति में रोगी की रीढ़ की हड्डी के मुलायम टिश्यूज और मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है। वहींबैलून काइफोप्लास्टी में बहुत कम चीर-फाड़ की जाती है, जिससे रोगी के रक्त का ज्यादा नुकसान नहीं होता। इसमें रोगी के रीढ़ की हड्डी के मुलायम टिश्यू और मांसपेशियों को भी ज्यादा क्षति नहींपहुंचती।

**बैलून काइफोप्लॉस्टी रीढ़ की हड्डी की विकृति में भी कारगर है, तो किसी हादसे के चलते रीढ़ की हड्डी में होने वाले फ्रैक्चर में भी। इसके अलावा यह स्पाइन के ट्यूमर में और ऑस्टियोपोरोसिस के कारण होने वाले फ्रैक्चर में भी प्रभावी है।**

## क्या हैं फायदे

बैलून काइफोप्लास्टी के कुछ फायदे इस प्रकार हैं..

- रोगी की जल्दी रिकवरी होती है। 24 घंटे के अंदर चलने-फिरने में समर्थ हो जाता है।
- रक्त का कम नुकसान होता है।
- संक्रमण होने का खतरा कम रहता है।
- शरीर पर निशान नाममात्र के पड़ते हैं।
- रीढ़ की हड्डी के टिश्यूज और मांसपेशियों का नुकसान कम होता है।
- ऑपरेशन के बाद रोगी को दर्द कम होता है।
- जल्द ही व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी के काम करने में सक्षम हो जाता है।

# स्वास्थ्य रक्षा के अनमोल सूत्र

**जो व्यक्ति शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक दृष्टि से स्वस्थ होता है, वही पूर्ण स्वस्थ कहलाता है। स्वास्थ्य को सबसे पहला सुख माना गया है।**

- उदय होता हुआ सूर्य हृदय रोगियों के लिए अमृत तुल्य होता है। उदय होते सूर्य की हल्की लाल किरणों में जीवनी-शक्ति हुआ करती है जिसमें अनेक रोगों को नष्ट करने की क्षमता होती है। पीलिया (जॉन्डिस), रक्ताल्पता, सिर के सभी रोग तथा अंगों के दर्द को दूर करने की इसमें अद्भुत क्षमता होती है।
- प्रातः कालीन शुद्ध वायु प्राणशक्ति को प्रदान कर दीर्घायु प्रदान करती है। शुद्ध वायु में टहलना, प्राणायाम करना, मंदाग्नि एवं कब्ज से छुटकारा दिलाता है। शुद्ध वायु हृदय रोगियों के लिए अनमोल औषधि है क्योंकि वह हृदय को शक्ति प्रदान कर शरीर के दोषों को निकालती है, अतः प्रातः काल टहलना आवश्यक है।
- प्रातः काल शौच से पूर्व कम से कम दो गिलास स्वच्छ जल पीना स्वास्थ्य के लिए अमृत तुल्य होता है क्योंकि इससे कब्ज की शिकायत दूर होती है। कब्ज को हर बीमारी की जड़ माना जाता है।
- नत्य हल्का-फुल्का व्यायाम करके सम्पूर्ण दिन फुर्ती का अनुभव किया जा सकता है। स्वास्थ्य एवं बल के अनुसार योगासन अवश्य ही करते रहना चाहिए। हृदय रोगी, उच्च रक्तचाप, दमा आदि के रोगियों को व्यायाम नहीं करना चाहिए।
- कम खाने वालों की अपेक्षा अधिक खाने वालों की संसार में अधिक मृत्यु होती है। खाने के लिए जीने से बेहतर होता है जीने के लिए खाना। आदत डालकर प्रतिदिन भोजन समय पर ही करना चाहिए। प्रोटीन, विटामिन, वसा, खनिज लवण युक्त संतुलित पदार्थों को ही खाएं। तनाव रहित होकर स्थिर मन से भोजन करने से स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। तन्मय होकर प्रसन्न मुद्रा में स्वाद के साथ भोजन करने से आंतरिक संतुष्टि तो होती ही है साथ ही पाचन संबंधी बीमारियां भी दूर होती हैं।
- स्वस्थ जीवन के लिए विधिवत नींद का आना भी बहुत जरूरी है। विधिवत निद्रा के सेवन से संतोष, सुख, ज्ञान तथा जीवनी-शक्ति प्राप्त होती है। इसके विपरीत अनिद्रा अनेक विकारों तथा रोगों को जन्म देती है। नियत समय के विपरीत सोने से भी आयु क्षीण होती है, साथ ही स्मरण शक्ति, निर्णय शक्ति जैसी उपयोगिताओं का भी ह्रास होता है।



# आक्रामकता, पुरुषों की ताकत औरतों की कमजोरी!



**वॉशिंगटन।** यदि आप जिरह के दौरान आक्रामक रुख अख्तियार करने की आदत रखते हैं और पुरु ष हैं तो यह आपको प्रभावशाली बनाता है लेकिन औरतों के मामले में इसका नकारात्मक असर होता है। मानवीय व्यवहारों से संबंधित पत्रिका ''जर्नल लॉ एंड ह्यूमन बिहेवियर' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अपने तर्क को आक्रामक तरीके से रखने वाले पुरु ष सामने वालों को प्रभावित करते हैं जबकि औरतें आक्रामक होने के बाद अपेक्षाकृत कम प्रभावी हो जाती हैं। इस अध्ययन की सहायक लेखिका जेसिका सालेर्नो ने कहा कि आक्रामक होकर सामने वालों को प्रभावित करने की क्षमता संभवत- औरतों में नहीं होती है। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन में हर उस औरत के लिए गहरे निहितार्थ हैं जो कामकाज में या निजी जिंदगी के अपने फैसलों में प्रभाव लाना चाहती हैं। सालेर्नो ने कहा कि यदि कोई महिला राजनेता बहस के दौरान आक्रामक तरीके से अपना पक्ष रखती है तो वह लोगों को कम प्रभावित कर पाती है वहीं, इसकी संभावना है कि बिना आक्रामकता के अपना पक्ष रखने पर वह अपेक्षाकृत अधिक प्रभावित साबित हो इस अध्ययन में स्नातक के 210 विद्यार्थियों को शामिल किया गया था और उन्हें एक आदमी द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने के प्रयास से संबंधित एक सच्ची घटना से जुड़ी 17 मिनट की फिल्म दिखाई गई। अध्ययन के प्रतिभागियों को इस केस के सारे वक्तव्य एवं गवाहों के बयान पढ़ाए गए तथा उन्हें घटनास्थल एवं इस्तेमाल किए गए हथियार की तस्वीर दिखाई गई। सभी प्रतिभागियों ने एक समान तकरे को ध्यान से पढ़ा लेकिन कुछ लोगों ने आक्रामक तरीके से अपनी बात रखी जबकि कुछ ने भय के साथ तथा बाकियों ने भावुक होकर सामान्य तरीके से अपना पक्ष रखा। अध्ययन करने वाले शोधार्थियों ने पाया कि आदमियों द्वारा आक्रामकता दिखाने के बाद प्रतिभागियों का अपने मत के प्रति भरोसा कम हुआ जबकि औरतों द्वारा ठीक पुरु षों जैसी भाव-भंगिमा एवं वैसी ही आक्रामकता के साथ एकसमान पक्ष रखने के बावजूद प्रतिभागियों का अपने मत के प्रति भरोसा पुख्ता हुआ।

# अत्यधिक नमक लिवर खराब करता है


**पेइचिंग।** भोजन में अत्यधिक नमक प्रयोग करने से केवल रक्तचाप बढ़ने की ही समस्या पैदा नहीं होती, बल्कि इससे वयस्कों और विकसित भ्रूण का यकृत भी खराब हो सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि हमारे शरीर को बहुत कम मात्रा में नमक की आवश्यकता होती है। अमेरिकी सरकार सलाह देती है कि यदि आप एक स्वस्थ व्यस्क हैं तो आपको प्रति दिन एक छोटा चम्मच नमक लेने की आवश्यकता है।



■ यदि आप एक स्वस्थ वयस्क हैं तो आपको प्रति दिन सिर्फ एक छोटा चम्मच नमक लेने की जरूरत है

■ कोशिकाओं से होने वाले नुकसान को विटामिन 'सी' के माध्यम से कम किया जा सकता है

कुछ अनुसंधानकर्ताओं ने संकेत दिया है कि सोडियम के आवश्यकता से अधिक प्रयोग से उच्च रक्तचाप की समस्या के अलावा यकृत भी खराब हो सकता है। चीन की ''जिनान यूनीवर्सिटी' के शुएसोंग यांग और उनके सहकर्मी सोडियम के कोशकीय स्तर पर संभावित प्रभाव के बारे में पता करना चाहते थे।अनुसंधानकर्ताओं ने एक वयस्क चूहे को अत्यधिक नमकयुक्त आहार दिया और चूहों के भ्रूणों को एक खारे पर्यावरण में रखा। अत्यधिक सोडियम से अजीब आकार की कोशिकाएं विकसित होने, कोशिका समाप्ति में वृद्धि और कोशिका प्रसार में कमी समेत जीवों के यकृत में कई तरह के बदलाव हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि खराब कोशिकाओं का विटामिन ''सी' के माध्यम से उपचार करके अत्यधिक नमक के कारण हुए दुष्प्रभाव को आंशिक रूप से कम किया जा सकता है। यह अध्ययन ''जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित किया गया है।



# आपके धूम्रपान से बांझ हो सकती है पत्नी!



■ एक्टिव और पैसिव दोनों प्रकार के धूम्रपान से महिलाओं में बांझपन और समय से पहले रजोनिवृति का खतरा बढ़ जाता है

■ जो महिलाएं धूम्रपान नहीं करती हैं उन्हें भी इस मुसीबत का पैसिव स्मोकिंग के जरिए सामना करना पड़ सकता है

**नई दिल्ली।** किसी का धूम्रपान दूसरों को ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। आप के द्वारा छोड़ा गया धुंआ आपको तो बीमार कर ही रहा है साथ ही आपके आसपास के लोगों को भी बीमार व कैंसर जैसी भयानक बीमारी दे रहा है। एक नए शोध के मुताबिक, धूम्रपान की लत से महिलाओं में बांझपन का खतरा बढ़ सकता है। धूम्रपान की बढ़ती लत और तंबाकू सेवन करने वाली महिलाएं बांझपन और रजोनिवृति का शिकार हो सकती है। एक नए शोध के मुताबिक, यह चेतावनी दी गई है कि एक्टिव और पैसिव दोनों प्रकार के धूम्रपान से महिलाओं में बांझपन और समय से पहले रजोनिवृति का खतरा बढ़ जाता है। शोध के मुताबिक, धूम्रपान के जरिए तंबाकू के शरीर में अंदर जाने से मीनपॉज यानी रजोनिवृति एक या दो साल पहले हो सकता है। जो महिलाएं धूम्रपान नहीं करती हैं उन्हें भी इस मुसीबत का पैसिव स्मोकिंग के जरिए सामना करना पड़ सकता है। न्यूयॉर्क के ''रोजवेल पार्क कैंसर इंसीट्यूट' में किए गए शोध के मुताबिक, इस सर्वे के तहत यह बात साफ हो जाती है कि धूम्रपान एक्टिव हो या पैसिव दोनों प्रकार से महिलाओं में बांझपन और रजोनिवृति के लिए खतरा बन सकता है। शोध में यह कहा गया है कि धूम्रपान के जरिए शरीर में जा रहे तंबाकू महिलाओं के प्रजनन तंत्र पर विपरीत प्रभाव डालने के साथ उनके हार्मोनल संतुलन को भी खराब कर देता है। ''वर्ल्ड हेल्थ इनिशिएटिव ऑब्जर्वेशनल स्टडी' के तहत इस शोध में 93,000 महिलाओं को शामिल किया गया। प्रजनन तंत्र पर विपरीत असर पड़ने से गर्भवती होने में महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि हार्मोनल संतुलन बिगड़ने से समय पूर्व रजोनिवृति का सामना करना पड़ सकता है, साथ ही कैंसर का एक बड़ा खतरा भी सताता रहता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## लॉफिंग ज़ोन

एक घबराया हुआ-सा नाटा आदमी छोटे शहर के एक सब्जी फरोश के पास गया और बोला- 'मुझे आप अपनी सारी सडी-गली सब्जियां तथा बासी अण्डे दे दीजिए।'

दुकानदार की आंखों में चमक आ गई। बोला-'शायद आज आप थियेटर में नए जोकर का तमाशा देखने जा रहे हैं?'

खरीददार बोला-'इतना ऊंचे मत बोलो! दरअसल नया जोकर मैं ही हूं।'

□ □ □

पति द्वारा पत्नी को चांटा मारने पर पत्नी अपने पिता के पास शिकायत लेकर पहुंची।

पिता ने पूछा-'तुम्हारे पति ने चांटा कहां मारा?'

दायीं ओर। बेटी ने कहा। पिता ने उसके बायें गाल पर तड से तमाचा जडते हुए कहा-'जाओ, अपने पति से कहना कि उसने मेरी बेटी को मारा मैंने उसकी पत्नी को मारकर बदला ले लिया।'

□ □ □

दो बच्चो जंगल में पौटी कर रहे थे, अचानक शेर आ गया।

पहला- छोटू तू डर रहा है।

दूसरा - नहीं मैं नही डरता।

पहला - तो साले अपनी धो मेरी क्यों धो रहा है।

## काकुरो पहेली - 4068

(खाने में "नीचे का अंक\ऊपर का अंक" = ऊपर से नीचे का जोड़\बाएं से दाएं का जोड़; ■ = काला खाना)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 4\ | 16\ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| \3 | | | 10\ | ■ | 3\ | 29\ | ■ | 23\ | 16\ |
| \9 | | | | \6 | | | \17 | | |
| ■ | \11 | | | 6\11 | | | 23\13 | | |
| ■ | ■ | 9\4 | | | \24 | | | | ■ |
| ■ | 17\7 | | | | 3\14 | | | 10\ | 17\ |
| \11 | | | 24\4 | | | 4\18 | | | |
| \23 | | | | 16\5 | | | 3\11 | | |
| ■ | ■ | \16 | | | \7 | | | | ■ |
| ■ | ■ | \15 | | | ■ | \4 | | | ■ |

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24\15 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | |
| | 9 | | | | | |

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो -4067 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14\ | 22\ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| \11 | 6 | 5 | 30\ | ■ | 11\ | 29\ | ■ | 18\ | 17\ |
| \23 | 8 | 9 | 6 | \7 | 2 | 5 | \16 | 7 | 9 |
| ■ | \15 | 8 | 7 | 6\17 | 9 | 8 | 7\10 | 2 | 8 |
| ■ | ■ | 7\11 | 9 | 2 | \20 | 7 | 4 | 9 | ■ |
| ■ | 11\13 | 2 | 8 | 3 | 16\11 | 9 | 2 | 10\ | 17\ |
| \3 | 2 | 1 | 13\8 | 1 | 7 | 5\13 | 1 | 4 | 8 |
| \19 | 9 | 4 | 6 | 4\11 | 9 | 2 | 3\11 | 2 | 9 |
| ■ | ■ | \8 | 5 | 3 | \6 | 3 | 2 | 1 | ■ |
| ■ | ■ | \3 | 2 | 1 | ■ | \4 | 1 | 3 | ■ |

## फिल्म वर्ग पहेली- 4068

**बायें से दायें:-**

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 4067

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | र्या | दा | ■ | ब | व | ड | र | ■ | औ |
| हा | ■ | दी | वा | ना | ■ | र | ख | वा | ला |
| न | ई | माँ | ■ | र | क्त | ■ | वा | ■ | द |
| ■ | श्व | ■ | द | स | ■ | पा | ले | खाँ | ■ |
| स | र | ग | म | ■ | खा | की | ■ | ■ | ध |
| ड़ | ■ | द | ■ | श | ■ | जा | न | व | र |
| क | श्मी | र | की | क | ली | ■ | क्शा | ■ | ती |
| ■ | ■ | ■ | म | ■ | ला | खा | ■ | ना | ■ |
| इ | जा | ज | त | ■ | ■ | मो | ह | रा | ■ |
| श्क | ■ | ख्मी | ■ | त | ला | शी | ■ | ज | ख्म |

## सूडोकु -4068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -4067 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 4068

**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली 4067 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | ■ | ■ | म | वा | ली | ■ |
| स | म | ■ | ल | ■ | चा | ला | न | ■ | ख | त |
| मा | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ | न | ■ | ■ | म |
| न | ज | रा | ना | ■ | ■ | म | ■ | क | या | स |
| ता | ■ | व | ■ | ना | ला | य | क | ■ | प | ■ |
| ■ | प्रा | ण | ■ | म | ■ | खा | ■ | जा | न | ■ |
| ■ | रु | ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | हि | ■ | म |
| स | प | ना | ■ | द | ■ | ■ | ब | ल | वा | न |
| र | ■ | ■ | स | ■ | ल | की | र | ■ | ■ | भा |
| ल | व | ■ | न | सी | ब | ■ | सा | ■ | दा | व |
| ■ | ध | म | की | ■ | ■ | इ | त | मी | ना | न |

## राजस्थान में ट्रांसजेंडर समुदाय ओबीसी श्रेणी में शामिल, पहला प्रमाणपत्र जारी

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान के ट्रांसजेंडर समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किए जाने के बाद जयपुर में एक ट्रांसजेंडर को पहला अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र जारी किया गया। जयपुर के उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ ने नूर शेखावत को प्रमाणपत्र सौंपा। नूर (30) राजस्थान की पहली व्यक्ति हैं, जिन्हें लिंग-वर्ग ट्रांसजेंडर लिखकर



जन्म प्रमाणपत्र जारी किया गया। जाखड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार ने ट्रांसजेंडरों को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 92वें नंबर पर शामिल किया है, जिसके बाद ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग नियमानुसार अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र बनवा सकते हैं।

## कस्टम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 10.6 किलोग्राम सोना के साथ तीन को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर पिछले चार दिनों में 31 मामलों में 10.6 किलोग्राम सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त किया है और इन मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एयरपोर्ट पर बरामद सोने और इलेक्ट्रानिक्स सामान की कीमत 8.68 करोड़ रुपये आंकी गई है। इन मामलों की गहन छानबीन कस्टम की टीम कर रही है।

कस्टम सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि कस्टम की टीम ने पिछले चार दिनों में विदेश से आने वाले यात्रियों की तलाशी के दौरान 31 मामलों में 10.6 किलोग्राम सोना और इलेक्ट्रानिक्स सामान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपित ने अपने जूते के अंदर 81.8 लाख रुपये मूल्य के मोम में सोने की धूल के चार पाउच छिपाए थे जबकि एक अन्य मामले में, बहरीन और माले से यात्रा कर रहे दो भारतीयों ने अपने शरीर में मोम में 1890 ग्राम सोने की धूल छिपा रखी थी। इन मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजकोट अग्निकांड के बाद पुलिस आयुक्त और मनपा आयुक्त की बदली

**राजकोट।** राजकोट टीआरपी गेम जोन अग्निकांड के बाद राज्य सरकार ने एक बार फिर सख्त फैसला लेते हुए राजकोट पुलिस आयुक्त राजू भार्गव और महानगर पालिका आयुक्त आनंद पटेल की बदली कर दी है। इससे पूर्व सोमवार सुबह राज्य सरकार ने 8 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। ब्रिजेश झा को राजकोट का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। राजकोट के तीन पुलिस अधिकारी और महानगर पालिका आयुक्त की तत्काल प्रभाव से बदली की गई है। राज्य सरकार ने पुलिस आयुक्त राजू भार्गव और महानगर पालिका आयुक्त आनंद पटेल की बदली की है। नए पुलिस आयुक्त के तौर पर ब्रजेश झा की नियुक्ति की गई है। वहीं, नए महानगर पालिका आयुक्त के तौर पर डी पी देसाई की नियुक्ति की गई है। देसाई अभी अहमदाबाद अर्बन डेवलपमेंट ऑथोरिटी (औडा) के सीईओ और गांधीनगर अर्बन डेवलपमेंट ऑथोरिटी (गुडा) के अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे थे। औडा और गुडा के सीईओ का अतिरिक्त चार्ज हाल स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) की डायरेक्टर भव्य वर्मा को सौंपा गया है। इसके अलावा राजकोट शहर एडिशनल कमिश्नर (एडमिनिसट्रेशन, ट्रैफिक एंड क्राइम) विधि चौधरी की भी बदली की गई है। उनके स्थान पर कच्छ-भुज (पश्चिम) के डिप्टी आईजी महेन्द्र बगरिया को नियुक्त किया गया है। राजकोट शहर जोन-2 के डीसीपी डॉ सुधीर जे देसाई की भी बदली की गई है। उनके स्थान पर वडोदरा मध्यस्थ जेल के सुप्रिटेंडेंट जगदीश बांगरवा की नियुक्ति की गई है। आचार संहिता लागू होने के कारण राज्य सरकार ने इन बदलियों के संबंध में चुनाव आयोग से मंजूरी ली है।

## पत्रकारिता में निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता होनी चाहिए : महेन्द्रनाथ

**मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वरलाल की 37वीं पुण्यतिथि विंध्यमंडल उत्थान सेवा समिति विद्यालय ददरा राजगढ़ के सभागार में सोमवार की देर शाम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव संगठन महेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि पत्रकारिता में निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब कोई पत्रकार का उत्पीड़न नहीं कर सकता। यदि कोई किसी पत्रकार साथी का उत्पीड़न करेगा तो पूरा संगठन उसके साथ है। पत्रकार घटनात्मक या विवादित खबर प्रकाशन से पहले संबंधित उच्चधिकारियों से वर्ज़न लेकर अवश्य लगाएं। कार्यक्रम को क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन अमर बहादुर ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तम्भ है। जनता की समस्यात्मक आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाता है। तहसील अध्यक्ष रघुबर प्रसाद मौर्य ने मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र ने किया।

# राजकोट गेम जोन अग्निकांड : पुलिस ने चौथे आरोपी को राजस्थान से पकड़ा

**एजेंसी**

**राजकोट ।** पुलिस ने टीआरपी गेम जोन हादसे में फरार चल रहे एक और आरोपी को राजस्थान के सिरोही जिले के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार अब तक मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने घटना में सात लोगों पर केस दर्ज किया है।

गुजरात पुलिस को सूचना मिली थी कि हादसे से जुड़ा आरोपी राजस्थान में हो सकता है। सोमवार रात करीब आठ बजे पालनपुर (गुजरात) की लोकल क्राइम ब्रांच (एलसीबी) की टीम ने आबूरोड शहर पुलिस की मदद से सदर बाजार स्थित कपड़े की एक दुकान पर दबिश दी और यहां से आरोपी धवलभाई पुत्र भरतभाई ठक्कर को हिरासत में लिया। उसे सिटी थाने लाया गया और यहां से पालनपुर क्राइम ब्रांच की टीम उसे लेकर राजकोट रवाना हो गई।

गौरतलब है कि राजकोट में अवैध रूप से संचालित गेम जोन में लगी भीषण आग से 12 बच्चों समेत 28 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे





में घायल कई लोग अब भी अस्पताल में जीवन व मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। गुजरात पुलिस ने मामले में सात लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें धवल ठक्कर, अशोक सिंह जडेजा, किरीट सिंह जडेजा, प्रकाशचंद हिरण, राहुल राठौड़, युवराज सिंह सोलंकी और मैनेजर नितिन जैन शामिल हैं।

पुलिस से तीन आरोपियों युवराज, राहुल और नितिन जैन को हादसे के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें कोर्ट पेश किया गया। कोर्ट ने 14 दिनों की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस को अन्य आरोपियों की तलाश है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी गुजरात से सटे राजस्थान में जा सकते हैं। इसलिए दोनों राज्यों की बॉर्डर से लगते थानों में अलर्ट किया गया है।

गौरतलब है कि गुजरात हाईकोर्ट ने भी मामले में संज्ञान लेते हुए राजकोर्ट नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने इसके लिए निगम आयुक्त को जिम्मेदार बताते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने कहा था कि तीन साल से भी अधिक समय से गेम जोन निगम के नाक के नीचे अवैध रूप संचालित हो रहा था, लेकिन निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की।

इसी प्रकार कोर्ट ने पुलिस को भी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अवैध रूप से संचालित गेम जोन के बारे में पुलिस को क्यों जानकारी नहीं हुई, क्या सब सो रहे थे, या आंखें बंद कर रखी थी।

गौरतलब है कि अवैध रूप से संचालित गेम जोन के पास फायर एनओसी भी नहीं था। वह गेम जोन के लिए तय कई मापदंडों को पूरा नहीं कर रहा था, लेकिन प्रशासन ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

# धारावी की झुग्गी बस्ती में लगी आग, 6 लोग घायल



**एजेंसी**

**मुंबई ।** मुंबई के धारावी में मंगलवार को एक झुग्गी झोपड़ी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम छह लोग घायल हो गए। इसकी जानकारी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) आपदा नियंत्रण अधिकारियों ने दी। आग सुबह 3.50 बजे के आसपास लगी। इस वक्त अशोक मिल्स कंपाउंड में इमारत में रहने वाले लोग गहरी नींद में सो रहे थे। आग ग्राउंड-प्लस-3 और ग्राउंड-प्लस-4 मंजिला कमर्शियल स्ट्रक्चर में आग गारमेंट स्टॉक, कुछ मशीनरी और ऑफिस रिकॉर्ड तक ही सीमित रही। मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायल पीड़ितों को पास के बीएमसी के सायन अस्पताल ले जाया गया। घायलों की पहचान 26 वर्षीय सलमान खान, 25 वर्षीय मनोज, 22 वर्षीय अमजद, 28 वर्षीय सलाउद्दीन और 26 वर्षीय सैदुल रहमान के रूप में हुई है। एक पीड़ित 26 वर्षीय रफीक अहमद, जिसके हाथ में कुछ चोटें आई थीं, का इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई।

# जीप–बाइक की भिड़ंत : बाइक सवार तीनों युवक की मौत

**एजेंसी**

**उदयपुर।** रोड एक्सीडेंट की यह कहानी है, उदयपुर के फलासिया थाना क्षेत्र की। सोमवार रात को जीप और बाइक की टक्कर हो गई। इसमें बाइक का पेट्रोल टेंक फटने से आग लग गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई और जीप में सवार बारात में जा रहे छह लोग झुलस गए। इनमें भी दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई। जीप भी पूरी तरह से जल गई।

फलासिया थानाधिकारी सीताराम के मुताबिक हादसे में तुंदर निवासी 20 वर्षीय सुनील पुत्र हकाराम, 17 वर्षीय राहुल पुत्र चंपालाल और 18 वर्षीय दीपक पुत्र होजीलाल की मौत हो गई। जीप सवार युवती निरमा और रतनलाल आग में झुलस गए, जिनका उपचार जारी है।

घटना के बारे में बताया गया कि आदिवासी समुदाय की बारात गरनवास से आमोड़ गांव जा रही थी। सोमवार शाम को बारात की जीप तुंदर से उदयपुर-ईडर नेशनल हाईवे 58ई पर पहुंची। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक जीप के बंपर में फंस गई और उसकी पेट्रोल टंकी फट गई।



इससे बाइक में आग लग गई और जीप ने भी आग पकड़ ली।

कुछ ही सेकंड में आग ने बारातियों से भरी जीप को चपेट में ले लिया। छह बाराती इससे झुलस गए, जिसमें एक युवक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार तीनों युवकों को फलासिया हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। झुलसे युवक और युवती को भी फलासिया से उदयपुर रैफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के प्रति सजगता की आवश्यकता को दर्शाता है। पुलिस और प्रशासन को ऐसे हादसों से बचाव के उपायों को और सख्ती से लागू करने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

# मध्यप्रदेश में आग बनकर बरस रही धूप

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है और तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। बढ़ती गर्मी और लू के थपेड़ों के कारण जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है।

राज्य में बीते एक सप्ताह में गर्मी ने अपने तेवर दिखाए हैं। सुबह से ही गर्मी सताने लगती है और दिन चढ़ने के साथ धूप की तेजी मुसीबत बन जाती है। इतना ही नहीं, लू के थपेड़े झुलसा देते हैं। राज्य में तापमान भी लगातार बढ़ रहा है और अब तो 47 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया है। बीते 24 घंटों में दतिया सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं गुना में तापमान 47.02 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में गर्मी से निजात नहीं मिलने वाली। तेज धूप झुलसाएगी तो वहीं लू का असर बना रहेगा। बढ़ती गर्मी के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है और रात होते तक गर्म हवाओं का असर बना रहता है। पंखे की हवाएं जहां गम है तो वहीं कूलर भी बे असर हो चले



हैं। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में जारी लू और गर्मी के प्रकोप से आम जनों के बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस समय प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और लू का प्रकोप बना हुआ है। बहुत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें, जरूरतमंद लोगों को अपने जलस्त्रोतों से जल उपलब्ध कराएं, जो लोग कठिनाई में हैं, उनकी मदद करें। पौधे, पशु-पक्षी आदि को भी इस कठिन दौर से जल का सहारा दें। यह हमारा प्रकृति से जुड़े रहने का संवेदनशील और सरल तरीका है।

## भाजपा के पक्ष में एकतरफा हवा, यूपी में 80 सीटों पर लहराएंगे जीत का परचम - स्वतंत्र देव सिंह

**एजेंसी**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान एक जून को है। इसे लेकर सभी दलों के नेताओं के अपने-अपने दावे हैं। इसी कड़ी में योगी सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बड़ी प्रतिक्रिया देते हुए प्रचंड जीत का दावा किया है।

उन्होंने कहा, हम विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर चुनाव में जीत हासिल करेंगे। सपा-कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार, जातिवाद,



गुंडागर्दी की राजनीति होती थी। यूपी में 2017 से पहले भ्रष्टाचार, जातिवाद और गुंडागर्दी, लूट-खसोट थी। लेकिन, भाजपा सरकार बनने के बाद कानून का राज कायम हुआ है। बहू-बेटियों की सुरक्षा को मजबूती मिली है। मंत्री ने कहा, पीएम मोदी और सीएम योगी की डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश में शांति है। कोई रात में 12 बजे के बाद कहीं भी जा सकता है। बेटियों की सुरक्षा है। सड़कों का जाल है। रेलवे का आधुनिकीकरण हुआ है, इसलिए देश में भाजपा की एकतरफा सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने विपक्ष पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस कहीं भी नहीं है। देश में कांग्रेस ने कोई भी काम नहीं किया है। पीएम मोदी के आने के बाद लोगों के पक्का घर बने हैं, शौचालय बने हैं, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। तमाम विकास के कामों की वजह से हम यूपी में 80 में 80 सीटें जीतेंगे।

## भाजपा ने स्वातंत्र्य वीर सावरकर को नमन किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वातंत्र्य वीर सावरकर को उनकी जयंती पर आज नमन किया। भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा, मां भारती के वीर सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी नेता, ओजस्वी वक्ता एवं समर्पित समाज सुधारक विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उल्लेखनीय है कि इस साल मार्च में विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर केंद्रित हिंदी बायोपिक (जीवनी फिल्म)




रिलीज हो चुकी है। इसका निर्देशन, सह-लेखन और सह-निर्माण रणदीप हुड्डा ने किया है। उन्होंने इस फिल्म में सावरकर की भूमिका निभाई है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को हुआ था।

# सपा को झटका, वरिष्ठ नेता नारद राय ने दिया इस्तीफा, भाजपा में शामिल होने की घोषणा

**एजेंसी**

**बलिया ।** लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नारद राय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की बात कही है।

बलिया में पत्रकारों से बात करते हुए नारद राय ने कहा कि सपा में मेरी राजनीति खत्म की जा रही थी। एक दिन पहले अखिलेश यादव की सभा में मुझे अपमानित किया गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंच से मेरा नाम न लेकर और जिले में किए गए मेरे कामों का जिक्र न कर मेरा अपमान किया। सपा नेताओं द्वारा उन्हें मनाने के पत्रकारों के सवाल पर नारद राय ने कहा कि अब बहुत विलंब हो चुका है। अगर समय रहते बलिया के लोकसभा उम्मीदवार व दूसरे नेताओं ने मुझसे बात की होती, तो शायद मैं पार्टी न छोड़ता।

गौरतलब है कि नारद राय बलिया से लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के टिकट के दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने उनकी जगह सनातन पांडेय को टिकट दे दिया। इससे भी वह नाराज चल रहे



थे। भाजपा ने यहां से नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है।

नारद ने कहा कि मेरा अपमान होने के बाद भी सपा प्रत्याशी ने अफसोस जाहिर नहीं किया। मैंने बलिया में जनेश्वर मिश्र सेतु, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, लोहिया मार्केट, स्पोर्ट्स कालेज लाने का काम किया। लेकिन पार्टी के अध्यक्ष ने मेरे कामों का जिक्र नहीं किया। ऐसे में अब इस पार्टी में बने रहना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मैने अपने समर्थकों की सलाह पर पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री ने कहा, मैं सपा का झंडा लगाकर भाजपा की मदद नहीं कर सकता, भाजपा का झंडा लगाकर भाजपा की मदद करूंगा। भाजपा में शामिल होने के सवाल पर नारद राय ने जय श्रीराम का नारा लगाया। उन्होंने कहा कि जय श्री राम का नारा लगाकर सपा में रहना संभव नहीं था।

नारद राय ने कहा कि समाजवादी पर्टी के जिला अध्यक्ष और विधायक संग्राम सिंह ने मेरे खिलाफ साजिश रची। राय ने कहा सपा छोडने का उन्हें बहुत दुख है। उन्होंने मुलायम सिंह यादव को अपना राजनैतिक पिता बताते हुए कहा, जब बाप जिंदा नही रहता है, तो राजनीति और घर मे कोइ पूछने वाला नही मिलता है। कुछ दिनों बाद अखिलेश को भी कोई पूछने वाला नही मिलेगा। शोमवार शाम नारद राय ने वाराणसी स्थित होटल ताज में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भी मौजूद रहे। इस मुलाकात का जिक्र नारद राय ने एक्स पर लिखा, ÷दुनिया में भारत का डंका बजाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत के गृह मंत्री व राजनीति के चाणक्य अमित शाह के संकल्प के मुताबिक समाज के अंतिम पंक्ति में बसे गरीब को मजबूत करने वाली उनकी सोच और राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करूंगा। जय जय श्री राम। उल्लेखनीय है कि सपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में बलिया से नारद राय को टिकट दिया था, लेकिन वह भाजपा के दयाशंकर सिंह से हार गए थे। नारद बलिया के नगर विस सीट से वर्ष 2002 में चुनाव जीते थे। 2012 में भी वह सपा के टिकट पर चुनाव लड़े और विजयी रहे।

# बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए जागरूक करना जरूरी

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर चकिया अनुमंडलीय अस्पताल में परिवार कल्याण कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एएनएम जीएनएम,स्टॉफ नर्स एवं सीएचओ को परिवार नियोजन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपाधीक्षक डॉ. चंदन कुमार, बीसीएम धर्मेन्द्र कुमार, परिवार नियोजन परामर्शदाता सुधीर कुमार, संजीव कुमार पाण्डेय प्रतिनिधि पीएसआई इंडिया एंव निकिता पिरामल स्वास्थ्य अमित कुमार, जिला प्रतिनिधि पीएसआई इंडिया ने स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया। मौके पर अमित कुमार ने बताया की इस उन्मुखीकरण में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को परिवार नियोजन के उपलब्ध स्थाई एंव अस्थाई साधनों की जानकारी एवं उपयोग मे बढ़ोत्तरी को लेकर विस्तार पूर्वक समझाया गया। महिलाओं में हो रहे अनचाहे गर्भ को रोक जा सके।उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के दौरान महिला बंध्यकरण, पीपीआई यूसीडी, इन्जेक्शन अंतरा एंव संस्थागत प्रसव पर स्वास्थ्य उप केन्द्रवार डाटा



प्रस्तुत किया गया।वही डीसीएम नंदन झा ने कहा कि जिले की बढ़ती जनसंख्या पर रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करते हुए सरकार के निर्देश के अनुसार जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। जिसमें महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबन्दी कराई जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सारथी रथ से माइकिंग व सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाता है। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत महिलाओं का बंध्याकरण, सामान्य महिलाओं को कॉपर टी लगाया जाता है। एमपीए अंतरा इंजेक्शन,गर्भनिरोधक गोलियां, माला एन, छाया की गोली,कंडोम स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मि योग्य दंपतियों से मिल परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों को अपनाने के लिए जागरूक करें।डीसीएम नंदन झा ने बताया कि सरकारी अस्पताल में निःशुल्क सुरक्षित प्रसव कराया जाता है। साथ ही आर्थिक सहायता भी दी जाती है। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए की प्रोत्साहन की राशि लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है।

## मतगणना को लेकर डीएम ने अधिकारी,प्रत्याशी और उसके प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**एजेंसी**

**अररिया।** अररिया में हुए लोकसभा चुनाव का मतगणना कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण में होगा। जिसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारी कर लिए जाने का दावा किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी इनायत खान की अध्यक्षता में मतगणना कार्य की पूर्व तैयारी को लेकर कंट्रोल रूम स्थित सभी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी एवं चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार, उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी अमित रंजन भी उपस्थित थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को मतगणना से संबंधित सभी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही मतगणना की तिथि को सुरक्षा व्यवस्था के सभी बिन्दुओं के अलावा मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति संबंधी भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया की मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु वैध फोटो युक्त पहचान पत्र होना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराया जायेगा।

# बीएसएनएल के दो मंजिलें भवन में एलआईसी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन

**एजेंसी**

**सहरसा।** शहर के वीर कुंवर सिंह चौक के बगल में नये एलआईसी मंडल कार्यालय का क्षेत्रिय प्रबंधक पटना श्रवण कुमार ने विधिवत्त उद्घाटन किया। पूर्व में एलआईसी कार्यालय पूरब बाजार में एक छोटे परिसर में संचालित हो रहा था।जहां बीमा पॉलिसी धारक एवं एलआईसी कर्मियों को बहुत दिक्कत हो रही थी।जिसे देखते हुए अब वीर कुंवर सिंह चौक स्थित बीएसएनल के दो मंजिलें कार्यालय में शुरूआत किया गया है।जिससे लोगों को बड़ी सुविधा व सहुलियत होगी। साथ ही कर्मियों को भी इस नये कार्यालय मे कार्य करने में बहुत आसानी होगी। क्षेत्रिय प्रबंधक ने कहा कि मंडल कार्यालय सहरसा अच्छा कार्य कर रहा है।ग्राहकों की संतुष्टि ही एलआईसी का मुख्य ध्येय है। एलआईसी जीवन के साथ भी एवं जीवन के बाद भी लोगों को मदद कर रही है।उन्होंने भवन के लिए बीएसएनल अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। जिस कारण सुसज्जित अच्छा भवन एलआईसी को मिल सका। मौके पर प्रबंधक विक्रय बेगूसराय मंडल अनिल कुमार मेहता, मंडल प्रबंधक बेगूसराय गुरु चरण मुखी सहित शाखा प्रबंधक पंकज कुमार, शाखा प्रबंधक पीयूष कांत, एबीएम राहुल कुमार, एबीएम अरविंद कुमार, बीएम सेल्स पंकज चौधरी, दीपक कुमार झा, सुधीर कुमार सिंह,परवेज आलम, अवधेश कुमार झा, सुनील चौधरी, राजीव कुमार, राजेश कुमार सिंह,हिटलर सिंह,माणिक चंद्र झा सहित शाखा के सभी कर्मी मौजूद थे।

# ऐसे मुस्कुराएगी गर्मियों में स्किन...





जी हां, गर्मियां जोर पकड़ रही हैं। घर से बाहर निकलना मानों मुसीबत को न्यौता देने हो गया है। गर्मियों में स्किन काफी नाजुक और सेंसिटिव हो जाती है। सूरज की तीखी किरणें, नमी की कमी व धूल-मिट्टी स्किन की रंगत कम कर देते हैं। आपकी खूबसूरत स्किन कैसे मौसम के इन थपेड़ों को सहने के बावजूद मुस्कुरा सकते हैं। जैसी स्किन, वैसी केयर। चेहरे की स्किन भी कई तरह की होती है इसलिए केयर के तरीके भी बदल जाते हैं।

## ऑइली स्किन

ऑइली स्किन देखने में ऐसी लगती है जैसे चेहरे पर तेल लगाया हुआ हो। ऐसी स्किन को धोने के थोड़ी देर बाद तेल निकल आता है। इस तरह की स्किन पर लगया गया मेकअप जल्दी खराब हो जाता है। ऐसी स्किन पर तिल, मुहांसे और फुंसियां निकलने की आशंका ज्यादा रहती है। ऐसी स्किन को खास ख्याल की जरूरत होती है। किशोरावस्था में ऐसी स्किन में कुछ ज्यादा ही चिकनाहट नजर आती है, जो उम्र बढ़ने के साथ-साथ कम हो जाती है।

**ऑयली स्किन की देखभाल**

- फेस को कम से कम दिन में चार-पांच बाद धोएं।
- उसी मेकअप का इस्तेमाल करें जो खासतौर पर ऑइली स्किन के लिए बनाया गया हो।
- ऐसी स्किन पर फेस-मास्क और पैक वही लगाएं, जो ऑइली स्किन के लिए ही बने हैं।
- अधिक मात्रा में चीनी, अधिक मसालेदार और ऑयली खाना न खाएं।
- मेकअप से पहले चेहरे पर ऐस्ट्रिनजेंट लगाएं।

**घरेलू नुस्खे**

- एक चम्मच शहद में अंडे की सफेदी मिलाकर अपने चेहरे और गर्दन पर मलें। 10-15 मिनट बाद धो लें।
- दो चम्मच पपीते का गूदा, 10 बूंद नीबू के रस को डालकर अच्छी तरह मसलें। इसे चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।
- मटर के दानों को छाया में सुखा कर पीस लें और शीशी में भरकर रखें। दो चूमच गुलाब जल में एक चम्मच मटर पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं।जब यह सूख जाए तो ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में दो बार करने स्किन में ऑयल कुछ कम होता है।
- संतरा, माल्टा, तरबूज या पपीता इन सबका रस चेहरे पर लगाएं। इनमें से किसी का भी रस 10-15 मिनट लगा कर रखें और बाद में चेहरा धो लें। इससे स्किन पोर्स खुल जाएंगे और खून का दौरा बढ़ेगा।

## नॉर्मल स्किन

ऐसी स्किन वालों का चेहरा काफी फ्रेश दिखता है। इस प्रकार की स्किन न तो ऑयली होती है और न ड्राई। ऐसी स्किन पर अगर कम मेकअप करें तो बेहतर होगा। अगर ऐसा न कर सकें तो कम से कम हफ्ते में एक दिन मेकअप फ्री रहें।

**नॉर्मल स्किन की देखभाल**

- नॉर्मल स्किन को हमेशा माइल्ड सोप (जैसे कि जॉनसन बेबी शॉप, डव, पीयर्स आदि) या फेशवॉश से साफ करें।
- चेहरे को धोते वक्त पानी का ज्यादा इस्तेमाल करें।
- चेहरे की सफाई के लिए उसे धोने से पहले .लींजिंग लोशन या क्रीम लगाकर रुई से पोछें। जब भी बाहर से आएं तो चेहरे को साफ जरूर करें।
- जब मेकअप करें तो उसे सोने से पहले रिमूव जरूर करें।
- सर्दियों में और गर्मियों में नॉर्मल स्किन के लिए माकूल मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। आमतौर पर नॉर्मल स्किन के लिए ढेर सारे मॉइश्चराइजर आसानी से मिल जाते हैं।

**घरेलू नुस्खे**

- तरबूज, कद्दू, खीरा और खरबूजे के बीज बराबर मात्रा में लेकर दूध में बारीक पीस लें और इसे मलाई के साथ फेस पर लगाएं। एक घंटे बाद धो दें।
- सरसों को बारीक पीस कर दूध या पानी में लेई-सी बना लें। इसके रोज लगाने से रंगत निखरती है।
- नहाते वक्त पानी में एक चूमच जैतून का तेल मिला देने से स्किन मुलायम होती है।

## ड्राई स्किन



**ऐसी स्किन पर खुश्की की वजह से सफेद-सफेद दाग** निकलने लगते हैं। सही देखभाल की कमी से ऐसी स्किन वाले वक्त से पहले ही बूढ़े नजर आने लगते हैं। ड्राई स्किन पर मौसम का असर फौरन होता है। तेज हवा, धूप और ठंडे पानी से ऐसी स्किन को बचाना चाहिए। इस तरह की स्किन को ठंडे पानी से कम धोना चाहिए और साबुन का इस्तेमाल भी कम करना चाहिए। ड्राई स्किन पर मॉइश्चराइजिंग क्रीम गर्दन और शरीर के उन भागों पर भी लगाएं, जो दिनभर खुले रहते हैं।

**ड्राई स्किन की देखभाल**

- साबुन का इस्तेमाल न करें, वरना स्किन और सूखी हो जाएगी।
- बहुत देर एयर कंडिशनर और रूम हीटर का इस्तेमाल न करें।
- अधिक देर तक सूरज के सामने बैठना स्किन को सूखा और बेजान बनाता है।
- अल्कोहल वाले स्किन लोशन का इस्तेमाल न करें।

**घरेलू उपाय**


- हफ्ते में एक बार चेहरे की मालिश जरूर करें।
- हफ्ते में एक बार खरबूजे के रस से चेहरे को धोएं।
- स्किन साफ करने या मेकअप रिमूव करने के बाद स्किन टॉनिक जरूर लगाएं।
- मेकअप से पहले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।
- चेहरे को .लीजिंग मिल्क से साफ करें और ऐस्ट्रिनजेंट लोशन का इस्तेमाल न करें।
- ज्यादा ड्राई स्किन के लिए मिल्क सोप का इस्तेमाल करें और कोल्ड क्रीम जरूर लगाएं।

**ड्राई स्किन के लिए उबटन**

- एक चम्मच बादाम रोगन में 10 चम्मच ठंडा कच्चा दूध और एक चम्मच चीनी मिलाकर रुई के फाहे से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरा पानी से धो लें।
- एक अंडे की जर्दी (पीला हिस्सा) में 2 चम्मच संतरे का रस मिलाएं, पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं। 30- 35 मिनट बाद चेहरा धो दें।
- 50 ग्राम सोयाबीन या मसूर की दाल को रात भर भिगोकर रखें। सुबह छिलका उतार कर बारीक पीसिए। उसमें थोड़ा सा कच्चा दूध और 4-5 बूंदें बादाम रोगन की डालें। पेस्ट बनाकर फेस पर लगाएं। सूखने के बाद ताजे पानी से धो लें। यह पेस्ट अगली बार इस्तेमाल करने के लिए फ्रिज में रख सकते हैं।
- एक चम्मच बेसन, 1 चुटकी हल्दी, आधा चम्मच शहद और आधा चम्मच जैतून का तेल मिलाकर चेहरे पर लगाने से ड्राई स्किन में चमक आने लगती है।
- एक छोटा चम्मच बारीक पिसी हुई मुल्तानी मिट्टी में एक छोटा चम्मच गुलाब जल और .लीजिंग मिल्क मिलाकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरा गुनगुने पानी से धो लें।
- चेहरे की स्किन अगर लू लगने से खुश्क हो गई है तो एक कप पानी में एक चम्मच मखखन डालकर गरम करें और चेहरे पर रुई के फाहे से लगाएं। ऐसा 10- 15 मिनट करें। फिर चेहरा सूखी रुई से पोंछ लें।

# तरावट लाए तरबूज का शरबत





तरबूज का शरबत बहुत ही स्वादिष्ट होता है। यह हमें चिपचिपी गर्मी, धूप, लू, उमस, आदि में ठंडक देने का काम करता है। उत्तर भारत में तो लोग इसके बारे में कम ही जानते हैं, लेकिन मुंबई में यह हर जगह मिलता है और लोग इसे बहुत पसंद भी करते हैं। तो आइये आज हम भी मुंबई का मशहूर तरबूज का शरबत बनाते हैं।

आवश्यक सामग्री-

5 गिलास शरबत बनाने के लिये-

तरबूज - 2- 2.1/2 किग्रा.

नींबू - 1

बर्फ के क्यूब्स - 1 कप

विधि-

तरबूज का शरबत बनाने के लिये सबसे पहले तरबूज को धोकर काटिये और फिर इसके मोटे हरे भाग को काट कर अलग कर दीजिये। अब लाल वाले भाग को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मिक्सी में पीस लीजिये। थोड़ी देर बाद जब तरबूज का गूदा और रस बिल्कुल घुल जाए तब इस जूस को छलनी में छान लीजिये।



अब इस जूस में नीबू निचोड़ कर अच्छे से मिलाइये और फिर इसे गिलासों में डाल दीजिये। ठंडा करने के लिये इसमें अपने अनुसार बर्फ डाल दीजिये और चाहें तो गिलास में शरबत के ऊपर 1-2 पोदीने की पत्तियाँ भी सजा दीजिये (यदि आप को इसमें मीठा कम लग रहा हो तो आप अपने स्वादानुसार इसमें चीनी मिला कर इसे और अधिक मीठा भी कर सकते हैं, लेकिन चीनी मिलाने के बाद यह जूस अपना वास्तविक स्वाद खो देता है)।

ठंडा-ठंडा तरबूज का शरबत तैयार है। अब इसे जितना मर्जी पीजिये और घर में सभी को पिलाइये।

यकीन मानिये इस शरबत को पीने के बाद आप बाजार में बिकने वाले बनाबटी रंग और स्वाद वाली रंगीन पानी की बोतलों को छुएंगे भी नहीं

# जानिये आलू की खासियतें

भारत और विश्व में आलू विख्यात है और अधिक उपजाया जाता है7 आलू को हमेशा छिलके समेत पकाना चाहिए क्योंकि आलू का सबसे अधिक पौष्टिक भाग छिलके के एकदम नीचे होता है, जो प्रोटीन और खनिज से भरपूर होता है। आलू में स्टॉर्च, पोटाश और विटामिन ए व डी होता है।

यह अन्य सब्जियों के मुकाबले सस्ता मिलता है लेकिन है गुणों से भरपूर 7 आलू से मोटापा नहीं बढ़ता7 आलू को तलकर तीखे मसाले, घी आदि लगाकर खाने से

जो चिकनाई पेट में जाती है, वह चिकनाई मोटापा बढ़ाती है7 आलू को उबालकर अथवा गर्म रेत या राख में भूनकर खाना लाभदायक और निरापद है।

- आलू में विटामिन बहुत होता है।
- आलू को छिलके सहित गरम राख में भूनकर खाना सबसे अधिक गुणकारी है।
- भुना हुआ आलू पुरानी कब्ज और अंतड़ियों की सड़ांध दूर करता है7 आलू में पोटेशियम साल्ट होता है जो अम्लपित्त को रोकता है।
- चार आलू सेंक लें और फिर उनका छिलका उतार कर नमक, मिर्च डालकर नित्य खाएं। इससे गठिया ठीक हो जाता है।

**हरा भाग खतरनाक**

आलू के हरे भाग में सोलेनाइन विषैला पदार्थ होता है, जो शरीर के लिए नुकसानदायक होता है। आलू के अंकुरित हिस्से का भी प्रयोग नहीं करना चाहिए।

आलुओं में प्रोटीन होता है, सूखे आलू में 8 .5 प्रतिशत प्रोटीन होता है।

- आलू का प्रोटीन बूढ़ों के लिए बहुत ही शक्ति देने वाला और बुढ़ापे की कमजोरी दूर करने वाला होता है। आलू में कैल्शियम, लोहा, विटामिन-बी तथा फास्फोरस बहुतायत में होता है।
- आलू खाते रहने से रक्त वाहिनियां बड़ी आयु तक लचकदार बनी रहती हैं तथा कठोर नहीं होने पातीं।
- इसको छिलके सहित पानी में उबालें और गल जाने पर खाएं। यदि दो-तीन आलू उबालकर छिलके सहित थोड़े से दही के साथ खा लिए जाएं तो ये एक संपूर्ण आहार का काम करते हैं।
- आलू के छिलके ज्यादातर फेंक दिए जाते हैं, जबकि अच्छी तरफ साफ़ किये छिलके सहित आलू खाने से ज्यादा शक्ति मिलती है।

## ऊर्जा का भंडार

# केला

भारत में केला हर जगह पाया जाता है और इसकी सबसे अच्छी किस्में भारत में ही होती हैं 7 भले ही रोज एक सेब खाने से आप डॉक्टर के पास जाने से बच सकते हैं, लेकिन केला खाने से आप अपनी पूरी जिन्दगी स्वस्थ्य रह सकते हैं। रिसर्च के मुताबिक केला आपको कई बीमारियों से बचा सकता है।

**तो आइए जानते हैं केला खाने का स्वास्थ्य लाभ -**

1 - केला खिलाड़ियों का प्रिय फल है क्योंकि यह तुरंत एनर्जी प्रदान करता है। सुबह नाश्ते में केला खाने से ऊर्जा बढ़ती है और सूकरोज़, फ्रूक्टोज़ और ग्लूकोज जैसे पोषक तत्व भी मिलते हैं। यदि आप दिन भर भूखे प्यासे रहते हैं, तो केवल केला ही खा लें देखिये अन्य फल के मुकाबले केले से तुरंत एनर्जी मिलेगी।

2- केले में प्रोटीन पाया जाता है, जो कि दिमाग को आराम देता है इसलिए डिप्रेशन दूर करने में सहायक है 7

3- दूध के साथ केला और शहद मिला कर पीने से अनिद्रा की समस्या दूर हो जाती है।

4- केले में रेशा पाया जाता है, जिससे पाचन क्रिया मजबूत बनती है। गैस्ट्रिक व कब्ज़ की बीमारी वाले लोंगो के लिये केला बहुत प्रभावशाली उपचार है। अक्सर यात्रा के दौरान कब्ज की शिकायत हो जाती है। इसको दूर करने के लिये केला एक अच्छा विकल्प है 7

5- केला शरीर के खून में हीमोग्लोबिन को बढ़ाता है। जिससे एनीमिया की शिकायत दूर हो जाती है।वे लोग जो एनीमिया से प्रभावित हैं, उन्हें अपने भोजन में केला शामिल करना चाहिये।

6 - केले में पोटैशियम पाया जाता है, जो उच्चरक्तचाप के रोगियों के लिए विशेष लाभकारी होता है7 केला खाने से उच्चरक्तचाप



सामान्य बना रहता है 7

7- दो केले लगभग 100 ग्राम दही के साथ सेवन करने से दस्त व पेचिश में लाभ होता है 7

8 - केले पर चीनी और इलायची डालकर खाने से खट्टी डकारें आनी बंद हो जाती हैं।

# स्वादिष्ट कसूंदी का उठाएं जायका

कसूंदी सॉस खाने में बेहद स्वादिष्ट व चटपटी लगती है। इसे आप पकौड़ों, पिज्ज़ा, सैंडविच या किसी भी स्नैक्स के साथ खा सकते हैं। कसूंदी बनाना बेहद आसान है और इसे बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता। तो आइये आज कसूंदी बना लेते हैं।

**आवश्यक सामग्री-**

राई (काली सरसों) - 2 टेबल स्पून

पीली सरसों - 2 टेबल स्पून

कच्चे आम - 2 या 300 ग्राम (मीडियम आकार के)

अदरक - 2 इंच लंबा टुकड़ा

हरी मिर्च - 4-5

लाल मिर्च - 1/2 छोटी चम्मच

जीरा - 1 छोटी चम्मच

धनिया पाउडर - 2 छोटी चम्मच

चीनी - 1 छोटी चम्मच

सरसों का तेल - आधा कप

हींग - 1/4 छोटी चम्मच से कम

हल्दी पाउडर - 1 छोटी चम्मच

सिरका - एक चौथाई कप

नमक - 2 छोटी चम्मच (स्वादानुसार)

**विधि-**

आम को धोकर छीलिये और गूदा निकाल कर काट लीजिये, राई और पीली सरसों को अच्छी तरह से साफ कर लीजिये, हरी मिर्च के डंठल हटा कर मिर्चों को धो लीजिये और अदरक को छील कर धोकर उसके टुकड़े कर लीजिये।

मिक्सर में राई, पीली सरसों, आम का गूदा, हरी मिर्च, अदरक के टुकड़े, जीरा, धनिया पाउडर, हींग, हल्दी पाउडर व चीनी डालकर बारीक पीस लीजिये और यदि ये मसाले पीसते समय पानी की आवश्यकता लग रही हो तो 1-2 टेबल स्पून पानी मिलाकर सभी मसालों को अच्छी तरह पीस लीजिये।

अब कढ़ाई में तेल गर्म कीजिये और उसमें पिसे हुए मसाले डालकर धीमी गैस पर 3-4 मिनट तक अच्छी तरह भूनिये। जब मसालों से भुनने की महक आने लगे तो गैस बंद कर दीजिये और मसालों के इस मिश्रण में सिरका व नमक मिलाकर इसे किसी कांच के कंटेनर में भर कर धूप में रख दीजिये। 3-4 दिन बाद जब आप देखें कि कसूंदी के ऊपर तेल तैरने लगा है तो समझ लीजिये कि कसूंदी खाने के लिये तैयार है। अब इसे आप गरमा गरम पालक या गोभी आलू के पकौड़ों के साथ परोस कर खाइये और बची हुई कसूंदी को फ्रिज में रखकर 6 महिने तक कभी भी खाइये।

**सुझाव** - कसूंदी को कांच के कंटेनर में भरने से पहले उस कंटेनर को उबलते हुए पानी से अच्छी तरह धोकर सुखालें ताकि कसूंदी जल्दी खराब न हो और ज्यादा दिन तक चल सके।



## ओसासुना ने विसेंट मोरेनो को अपनी पहली टीम का कोच नियुक्त किया

एजेंसी

**मैड्रिड।** स्पेनिश ला लीगा क्लब, ओसासुना ने विसेंट मोरेनो को अगले सीज़न के लिए अपनी पहली टीम का नया कोच नियुक्त किया है। मोरेनो के पास जगोबा अर्रासाटा की जगह लेने का कठिन काम है, जिन्होंने एल सदर स्टेडियम में छह सफल वर्षों के प्रभारी के बाद सीज़न के अंत में पद छोड़ दिया था। 49 वर्षीय मोरेनो ने हाल ही में संपन्न सीज़न की शुरुआत में अल्मेरिया में थोड़े समय के बाद 2024-25 अभियान के लिए ओसासुना के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वह अल्मेरिया में केवल सात मैचों तक ही टिक पाए। अल्मेरिया तीन अलग-अलग कोचों के साथ एक सीज़न में केवल तीन मैच ही जीत सका था। अल्मेरिया में अपने संक्षिप्त कार्यकाल से पहले, मोरेनो मैलोर्का में थे, जहां उन्होंने बैक-टू-बैक पदोन्नति के साथ प्राइमेरा लीगा में वापसी की। सऊदी अरब की ओर से अल-शबाब के साथ काम करने से पहले, वह एस्पेनयोल के साथ ला लीगा में पदोन्नति हासिल करने के लिए दूसरे डिवीजन में वापस चले गए थे।

## पुरुष एकल के पहले दौर में खाचानोव से हारे सुमित नागल

**पेरिस।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल को सोमवार देर रात यहां फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के पहले दौर में 18वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से हार का सामना करना पड़ा। नागल के लिए यह एक कठिन मैच होने की उम्मीद थी क्योंकि वह एक शीर्ष -20 खिलाड़ी का सामना कर रहे थे, हालांकि मैच में उन्होंने खाचानोव को कड़ी चुनौती दी और मैच को टाइब्रेकर तक ले गए।

26 वर्षीय नागल अंततः कोर्ट 7 पर खेले गए 2 घंटे और 27 मिनट के मैच में 6-2, 6-0, 7-6(5) से हार गए, जो शुरू में बारिश से बाधित था। नागल ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो डबल फॉल्ट की तुलना में चार डबल फॉल्ट किए और खाचानोव के 68 प्रतिशत की तुलना में अपनी दूसरी सर्व का केवल 55 प्रतिशत ही लगा सके। एटीपी विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर रहे भारतीय खिलाड़ी, जिनका इस सीज़न में जीत/हार का रिकॉर्ड 3-6 है, ने नौ ब्रेक पॉइंट अर्जित किए, लेकिन केवल 1 को भुना सके, जबकि खाचानोव ने 13 ब्रेकपॉइंट में से छह का फायदा उठाया।

नागल ने पहले सेट की शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी लेकिन खाचानोव ने आसानी से सर्विस तोड़ दी। मॉस्को में जन्मे 28 वर्षीय खाचानोव ने पहले सेट के बीच से लगातार नौ गेम जीते और दूसरे सेट को 6-0 से जीतकर मजबूत बढ़त बना ली। नागल ने तीसरे सेट में लगातार तीन गेम जीतकर 10वें गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी और स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी और सेट टाईब्रेक में चला गया। हालांकि, नागल यह सेट नहीं जीत सके, लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में खाचानोव ने टाईब्रेकर में 7-5 से जीत हासिल कर मैच जीत लिया। इस हार के साथ ही क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में नागल का पदार्पण शुरुआती दौर में ही समाप्त हो गया।

## युकी भांबरी ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ एटीपी युगल रैंकिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने एटीपी युगल रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ 52वां स्थान हासिल किया। युकी दो स्थान की छलांग लगाकर 1692 अंकों के साथ 52वें स्थान पर हैं। युगल एटीपी रैंकिंग में छह भारतीय शीर्ष 100 में शामिल हैं। अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना दुनिया में चौथे नंबर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं। शीर्ष 100 में शामिल अन्य भारतीयों में एन.श्रीराम बालाजी (84वें), विजय सुंदर प्रशांत (94वें), अनिरुद्ध चंद्रशेखर (96वें) और अर्जुन काधे (98वें) हैं। युकी के लिए यह सप्ताह अच्छा रहा क्योंकि वह अपने फ्रांसीसी साथी अल्बानो ओलिवेटी के साथ एटीपी 250 इवेंट ल्योन ओपन के फाइनल में पहुंचे। हालांकि, इस जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल मैच में हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा ने 6-3, 6-7(5), 8-10 से शिकस्त दी। यह जोड़ी अब अपना ध्यान साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन पर लगाएगी। भांबरी और ओलिवेटी मंगलवार को रोमन सफीउलिन और जॉन पीयर्स की रूसी-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ अपने रोलांड गैरोस अभियान की शुरुआत करेंगे।

## साउथेम्प्टन ने प्ले-ऑफ फाइनल में लीड्स को हराकर प्रीमियर लीग में की वापसी

**लंदन।** साउथेम्प्टन ने रविवार को चैंपियनशिप (सेकंड डिवीजन) प्ले-ऑफ फाइनल में लीड्स यूनाइटेड पर 1-0 की जीत के साथ प्रीमियर लीग में शानदार वापसी की।एडम आर्मस्ट्रांग ने मैच के 24वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।साउथेम्प्टन नियमित सीज़न में पहले और दूसरे स्थान पर रहने के बाद लीसेस्टर सिटी और इप्सविच टाउन के साथ प्रीमियर लीग में वापसी करने वाला तीसरा क्लब बन गया। साउथेम्प्टन ने लीड्स के खिलाफ अपने पिछले दोनों लीग मुकाबले जीते हैं, उन्हें घर पर 3-1 से हराया और नियमित अभियान के आखिरी दिन लीड्स के एलैंड रोड मैदान में 2-1 से जीत हासिल की। लीसेस्टर, इप्सविच और साउथेम्प्टन को अब प्रीमियर लीग में खुद को वापस स्थापित करने का काम करना है।

# पहली बार शुरुआती दौर में हारे राफेल नडाल

एजेंसी

**पेरिस।** 14 बार के चैंपियन राफेल नडाल को पहली बार फ्रेंच ओपन के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर में वह लगातार तीन सेटों में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए। वहीं, महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा स्विएटेक ने फिलिप-चैटरियर कोर्ट में पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर लेओलिया जीनजेन को हराया।



चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने पहले दौर के सबसे रोमांचक मुकाबले में नडाल को 6-3, 7-6(5), 6-3 से हरा दिया, जो शायद टूर्नामेंट के 134 साल के इतिहास में इस चरण का सबसे उल्लेखनीय मुकाबला भी है। 27 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव रोलांड-गैरोस में चौथे दौर से पहले नडाल को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने और पेरिस की मिट्टी पर नडाल को हराने वाले तीसरे खिलाड़ी के रूप में रॉबिन सोडरलिंग और नोवाक जोकोविच की सूची में शामिल हो गए। नडाल, कभी भी रोलांड-गैरोस में गैरवरीयता से नहीं खेला थे, और पहले दौर में कभी भी शीर्ष 10 खिलाड़ी का सामना नहीं किया था। वह फ्रेंच ओपन में कभी लगातार सेट नहीं हारे थे, लेकिन ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन से यह सब बदल दिया। फिलहाल नडाल 2024 ओलंपिक खेलों के लिए पेरिस में वापस आने की योजना के साथ, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखना जारी रखेंगे।

मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जननिक सिनर ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की। इतालवी खिलाड़ी सिनर ने अमेरिकी क्रिस्टोफर यूबैंक्स को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, महिला वर्ग में विश्व नंबर 1 स्विएटेक ने केवल एक घंटे में स्थानीय खिलाड़ी जीनजेन को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। मैड्रिड और रोम में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब हासिल करने के बाद पोलिश खिलाड़ी 12 मैचों की विजयी लय के साथ रोलांड-गैरोस पहुंची थीं। घरेलू पसंदीदा वरवरा ग्रेचेवा ने पहले दौर में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व नंबर 6 मारिया सक्कारी को 3-6, 6-4, 6-3 से हरा दिया।

सक्कारी टूर्नामेंट के पहले दो दिनों में हारने वाली पहली शीर्ष 10 वरीय खिलाड़ी हैं। मौजूदा विंबलडन चैंपियन और नंबर 5 सीड मार्केटा वोंड्रोसोवा ने रेबेका मसारोवा पर अपनी शुरुआती जीत में सिर्फ चार गेम गंवाए और 6-1, 6-3 से जीत हासिल की।

## उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम वर्तमान में हैदराबाद में डेरा डाले हुए है, जहां वे ताशकंद में दो आगामी मैचों की तैयारी कर रही है, जो 31 मई और 4 जून को खेले जाएंगे।

30 संभावितों के साथ भारतीय टीम ने श्रीनिदी डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान, डेक्कन एरेना में दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया, इसके बाद मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी ने 23 की अंतिम टीम घोषित की, जो बुधवार 29 मई को ताशकंद रवाना होगी।

इस साल की शुरुआत में, भारतीय टीम चार देशों के टूर्नामेंट तुर्की महिला कप में कोसोवो से हारकर उपविजेता रही थी, टूर्नामेंट में दो अन्य देश एस्टोनिया और हांगकांग थे।

**भारत महिला टीम इस प्रकार है:**

गोलकीपरः श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, मोइरांगथेम मोनालिसा देवी।

डिफेंडरः लोइटोंगबम आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, ज्यूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी।

मिडफील्डरः कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी ज़ाक्सा, सेर्टो लिंडा कॉम।



सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग।

**फॉरवर्डः** काजोल डिसूजा,

**मुख्य कोचः** लंगम चाओबा देवी।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया, हरमनप्रीत की हैट्रिक

एजेंसी

**एंटवर्प।** हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की।

भारत के लिए, अरजीत सिंह हुंदल (7), गुरजंत सिंह (18) और हरमनप्रीत सिंह (29, 50 और 52) ने, जबकि अर्जेंटीना के लिए, फेडेरिको मोंजा (3), निकोलस कीनन (24), तादेओ मारुची (54) और लुकास मार्टिनेज़ (57) ने गोल किये। भारत ने मैच में अच्छी शुरुआत की, पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के स्ट्राइकिंग सर्कल में अपनी जगह बनाई।

हालांकि, मैच के तीसरे मिनट में फेडेरिको मोंजा ने गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिला दी। जवाब में, भारत ने अरिजीत सिंह हुंदल (7) के शानदार फील्ड गोल से जल्द ही बराबरी कर ली। एक मिनट शेष रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की। गुरजंत सिंह ने मैच के 18वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।

मैच के 24वें मिनट में निकोलस कीनन ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। हालांकि, भारत ने एक मिनट शेष रहते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (29) ने कोई गलती नहीं की और गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था। तीसरा क्वार्टर मनोरंजक था, जिसमें दोनों टीमों ने तेज-तर्रार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण की गति तेज कर दी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा और 3-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

चौथा क्वार्टर शानदार खेला गया और भारत टॉप गियर में आ गया। उन्होंने अर्जेंटीना को गलतियाँ करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण टीम को 10 मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (50) ने इस मौके का फायदा उठाते हुए गोल कर भारत को 4-2 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद, भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह (52) ने फिर से गोल में बदलते हुए टीम को 5-2 से बढ़त दिला दी। अर्जेंटीना ने तादेओ मारुची (54) और लुकास मार्टिनेज (57) को गोल की बदौलत स्कोर 5-4 कर दिया, अंतिम हूटर बजने तक यही स्कोर रहा और भारत ने 5-4 से जीत हासिल कर ली।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला 1 जून को जर्मनी से होगा।

# ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास मैचों में नहीं खेलेंगे कमिंस, स्टार्क और हेड

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप 2024 टीम के मुख्य सदस्य पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और ट्रैविस हेड अपने राष्ट्रीय टीम के वार्म-अप मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि वे मेगा इवेंट से पहले एक छोटा ब्रेक लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे।

आईपीएल फाइनल में भाग लेने के बाद, कमिंस, हेड और स्टार्क विश्व कप टीम में फिर से शामिल होने से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस जाएंगे।घर पर समय बिताने वालों में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन भी शामिल हैं, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्लेऑफ दौर का हिस्सा थे। इन पांचों के 5 जून को ओमान के खिलाफ टीम के शुरुआती ग्रुप मैच में जुड़ने की उम्मीद है, जो बारबाडोस में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के हवाले से कहा, लचीला होना महत्वपूर्ण है। लोग आईपीएल में रहे हैं। वे बहुत अधिक क्रिकेट खेल रहे हैं इसलिए हमने उन्हें घर पर कुछ दिन बिताने, उनके परिवार को देखने, तरोताजा होने और इस टूर्नामेंट के लिए लंबा खेल खेलने को प्राथमिकता दी है। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें छुट्टी दें, भले ही वह घर पर कुछ दिनों के लिए ही क्यों न हो। मार्श, जो पहली बार किसी वैश्विक आयोजन में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे, ने विश्वास जताया कि वह एक बल्लेबाज के रूप में दोनों अभ्यास मैच खेल सकेंगे।उन्होंने कहा, मैं बस उन आखिरी कुछ चीजों पर ध्यान दे रहा हूं जो मुझे फिट और उपलब्ध रहने के लिए जरूरी हैं। आज सब कुछ अच्छा रहा। यह धीरे-धीरे धीमा हो गया है लेकिन आखिरकार अब मैं वहां पहुंच गया हूं और टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।



टूर्नामेंट 1 जून से शुरू होगा, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा उद्घाटन मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया 5 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा।

टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार हैः मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।

## आंद्रे रसेल ने अनन्या पांडे के साथ एसआरके के 'लुट्ट पुट ग्या' पर ठुमके लगाए

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीतने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की पूरी टीम, उसके सहयोगी स्टाफ और मालिकों ने रविवार रात को बड़े पैमाने पर जश्न मनाया।श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में केकेआर ने एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को पूरी तरह से हराकर 9 विकेट से जीत हासिल की और 2012 और 2014 के बाद अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता।टीम की पार्टी के बाद खिलाड़ियों ने जमकर शराब पी, खाना खाया और देर तक नाचते रहे।आंद्रे रसेल, जो फाइनल में 3 विकेट लेकर केकेआर के लिए नायकों में से एक थे, को बॉलीवुड स्टार अनन्या पांडे के साथ अपने पसंदीदा पंजाबी गीत 'लुट्ट पुट ग्या' पर थिरकते देखा गया, जो चेपॉक में टीम की चीयरिंग टीम का हिस्सा थे।

## आईपीएल के 10 नियमित स्थानों पर ग्राउंड्समैन, क्यूरेटर प्रत्येक को दिये जाएंगे 25 लाख रुपये : जय शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने घोषणा की है कि 10 नियमित आईपीएल स्थानों पर ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर प्रत्येक को 25 लाख और तीन अतिरिक्त स्थानों के ग्राउंड स्टाफ को 10 लाख रुपये मिलेंगे। आईपीएल का 17वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। शाह ने एक्स पर लिखा, ÷हमारे सफल टी20 सीज़न के गुमनाम नायक अविश्वसनीय ग्राउंड स्टाफ हैं जिन्होंने कठिन मौसम की स्थिति में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया। हमारी सराहना के प्रतीक के रूप में, 10 नियमित आईपीएल स्थानों पर ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को प्रत्येक को 25 लाख रुपये मिलेंगे, और 3 अतिरिक्त स्थानों पर प्रत्येक को 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद!। इस साल का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स द्वारा अपने शेड्यूल में एक अतिरिक्त घरेलू स्थल जोड़ने के बाद देश भर के 13 स्थानों पर खेला गया। दिल्ली ने अपने कुछ मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापत्तनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में खेले जबकि राजस्थान ने जयपुर के बाद गुवाहाटी को अपना दूसरा घरेलू मैदान चुना।

# इगा स्विएटेक और जानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत के साथ फ्रेंच ओपन की शुरुआत की

एजेंसी

**पेरिस।** इगा स्विएटेक ने सोमवार को फ्रांस की लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की सीधी जीत के साथ लगातार तीसरे फ्रेंच ओपन खिताब के लिए अपनी दावेदारी शुरू की, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 13 मैचों तक पहुंच गया।अप्रैल 2022 के बाद से लगभग हर हफ्ते नंबर 1 स्थान पर रहने वाली स्वियाटेक ने विजेताओं में 26-2 की जबरदस्त बढ़त बनाई और 1 घंटे, 1 मिनट के मैच में कोर्ट फिलिप चैटरियर में केवल एक, संक्षिप्त ब्लिप लगाई÷ वह दूसरे सेट में उनकी सर्विस टूट गई और वह 1-0 से पीछे हो गई।लेकिन, उस सेट के शुरुआती दो गेमों में नौ अप्रत्याशित त्रुटियों के बाद, स्विएटेक ने रोलांड गैरोस में लगातार 15वीं जीत के रास्ते में बाकी बचे केवल दो गलतियाँ कीं। उनकी चार ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों में से तीन पेरिस में आई - 2020, 2022 और 2023 में। क्ले-कोर्ट मेजर में लगातार तीन बार चैंपियनशिप जीतने वाली आखिरी महिला 2005-07 में जस्टिन हेनिन थीं।स्विएटेक ने कहा, यहां घर जैसा महसूस हो रहा है, जो अगली बार यहां के प्रमुख चैंपियन और पूर्व नंबर 1



नाओमी ओसाका से मिलेंगी।मैं वापस आकर वास्तव में खुश हूँ। बस ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं वास्तव में अच्छा टेनिस खेल सकता हूं, इसलिए उम्मीद है कि मैं यथासंभव लंबे समय तक यहां रहूंगा।उसके मैच के बाद लाल मिट्टी पर और भी अधिक सहज व्यक्ति शामिल होने वाला था÷ राफेल नडाल, रोलांड गैरोस में 14 बार के चैंपियन। पहले दौर में उनका सामना नंबर 4 वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव सेहोना था - जो नडाल का आखिरी फ्रेंच ओपन मैच हो सकता है।स्विएटेक ने कहा, ÷निश्चित रूप से, मैं राफा का मैच देखूंगा।÷ ÷मेरी तुलना उससे कर रहे हो? मुझे नहीं लगता कि मैं अभी उस स्तर पर हूं। वह एक महान व्यक्ति और महान एथलीट हैं... मैं उनसे सबक लेने की कोशिश करूंगा।%अन्य शुरुआती कार्रवाई में, सोमवार को मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जानिक सिनर ने क्रिस यूबैंक्स को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर 2024 में ग्रैंड स्लैम खेल में 8-0 से सुधार किया, विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा ने रेबेका मसारोवा को 6-1 से हरा दिया। 6-3 और दो बार के प्रमुख फाइनलिस्ट ओन्स जाबेउर ने अमेरिका की साचिया विकरी को 6-3, 6-2 से हराया। सिनर, जो इस महीने चोटिल कूल्हे के कारण इटालियन ओपन से चूक गए थे, अच्छी तरह से आगे बढ़े और उनके स्ट्रोक बिल्कुल ठीक लग रहे थे। उन्होंने बड़े-सर्विंग वाले यूबैंक्स का डटकर सामना किया, 10 में से 5 ब्रेक पॉइंट बदले और केवल एक बार उनकी सर्विस टूटी।

# हेनरिक मालन ने आयरलैंड पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल 2027 के मध्य तक बढ़ाया

एजेंसी

**डबलिन।** आयरलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हेनरिक मालन ने दो साल का अनुबंध विस्तार हासिल कर लिया है, जिससे उनकी भूमिका 2027 के मध्य तक बढ़ गई है। मालन ने जनवरी 2022 में तीन साल के अनुबंध पर मुख्य कोच के रूप में शुरुआत की थी, और उसी साल मार्च में अपना काम शुरू किया था। यह विस्तार आयरलैंड के 2027 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर रणनीतिक फोकस के साथ संरेखित है, जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। अपने विस्तारित अनुबंध पर विचार करते हुए, 43 वर्षीय मालन ने संतोष व्यक्त किया और कहा कि अतिरिक्त समय से टीम और कोचिंग स्टाफ को पिछले दो वर्षों में की गई प्रगति को और मजबूत करने का अवसर मिलेगा।उन्होंने आयरलैंड के अपेक्षाकृत छोटे प्रतिभा पूल के बावजूद, खेल के सभी तीन प्रारूपों में प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए, एक स्थायी संरचना विकसित करने के महत्व पर बल दिया। सोमवार को



क्रिकेट आयरलैंड द्वारा जारी एक बयान में मालन ने कहा, ÷मैं विस्तार से खुश हूं क्योंकि इससे टीम और कोचिंग स्टाफ को अधिक निश्चितता मिलेगी क्योंकि हम पिछले दो वर्षों में जो नींव रखी है, उस पर काम करेंगे।÷ उन्होंने कहा, अब हम तीन प्रारूपों वाली टीम हैं और अन्य पूर्ण सदस्यों की तुलना में प्रतिभावान खिलाड़ियों की संख्या कम होने के बावजूद हम धीरे-धीरे एक स्थायी संरचना का निर्माण कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि हम तीनों मोर्चों पर प्रतिस्पर्धा और सुधार जारी रख सकें।÷ मालन का मुख्य ध्यान खिलाड़ियों की खेल-पढ़ने की क्षमताओं को बढ़ाना और आत्मविश्वास से भरी, सहज-प्रेरक खेल शैली को बढ़ावा देना रहा है। युवा खिलाड़ियों के लिए सीखने की अवस्था को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि असफलताएँ अपरिहार्य हैं, लेकिन वे विकास और विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस दृष्टिकोण ने पहले ही दो टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियानों और हाल ही में एक टेस्ट जीत में सफलता दिलाई है। मालन ने कहा, ÷एक क्षेत्र जिसे विकसित करने के लिए मैं उत्सुक हूं, वह है हमारे खिलाड़ी खेल की स्थिति को बेहतर ढंग से पढ़ सकें और फिर, जहां वे इसे उचित समझें, वहां खेल पर अपनी शैली और स्वाभाविक प्रवृत्ति को लागू करने की स्वतंत्रता और आत्मविश्वास रख सकें।÷ ÷हमारे कुछ युवा खिलाड़ी सचमुच काम पर इस क्षमता को सीख रहे हैं, जिसका मतलब है कि ऐसे दिन भी आएंगे जब वे असफल होंगे, लेकिन असफलता सीखने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कोच के रूप में हम इस बात के सबूत की तलाश कर रहे हैं कि उन असफल अनुभवों का विश्लेषण किया।

## पत्नी हीली के लिए मिशेल स्टार्क के कमेंट ने इंटरनेट हिलाया

एजेंसी

**एंटवर्प।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को आईपीएल 2024 सीज़न की खराब शुरुआत के बाद नीलामी में भारी कीमत मिलने के कारण कड़ी जांच का सामना करना पड़ा। स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आश्चर्यजनक रुपये में खरीदा था। आईपीएल 2024 की नीलामी में 24.75 करोड़।अपने पहले दो मैचों में, उन्होंने एक भी विकेट लिए बिना 100 से अधिक रन दिए, जिससे उनकी भारी कीमत पर सवाल खड़े हो गए। हालाँकि, मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट के बाद के चरणों में, विशेषकर क्वालीफायर 1 और फाइनल में शानदार प्रदर्शन करके अपने आलोचकों को चुप करा दिया। दोनों ही मौकों पर उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मिचेल स्टार्क ने अपने उल्लेखनीय बदलाव का श्रेय अपनी पत्नी एलिसा हीली को दिया, जो आईपीएल 2024 के बाद के चरणों में उनके साथ शामिल हुईं। स्टार्क ने फाइनल के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एलिसा (हीली) के आने के बाद से सब कुछ बेहतर है।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जर्मनी से फिर हारी

एजेंसी

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां अपने यूरोप दौरे के पांचवें मैच में जर्मनी से 4-6 से हार गई।हालाँकि, छह गोल खाने के बाद, भारत ने चार गोल करने के लिए रैली की और मैच के दूसरे भाग में अपना दबदबा बनाया।भारत के लिए संजना होरो, भीनिमा धान और कनिका सिवाच ने गोल किये।अपने पिछले मैच की तरह, जर्मनी ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में गोल किया और इसके तुरंत बाद अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।पिछले के बावजूद, भारतीय रक्षापंक्ति ने कई पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव करने में अच्छा प्रदर्शन किया।पहले क्वार्टर के अंतिम मिनटों में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन स्कोरलाइन जर्मनी के पक्ष में 2-0 रही।भारत ने दूसरे क्वार्टर की सकारात्मक शुरुआत की लेकिन विपक्षी टीम को पीछे छोड़ने में असफल रहा।जर्मनी ने जल्द ही अपना तीसरा गोल दागकर हाफ टाइम तक खुद को मजबूत स्थिति में ला दिया।जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा जारी रखा और तीन बार गोल करके 6-0 की मजबूत बढ़त बना ली, जिसमें पेनल्टी कॉर्नर का सफल रूपांतरण भी शामिल था।लेकिन भारत ने संघर्ष किया और अपना पहला गोल तब किया जब क्वार्टर के अंत में संजना होरो ने बोर्ड पर गोल दागा।

अंतिम क्वार्टर में भारत ने जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया। संजना होरो ने भारत के लिए दूसरा गोल किया, इससे पहले बिनिमा धान और कनिका सिवाच ने विपक्षी गोल करके अंतर को 4-6 कर दिया।रविवार को भारतीय टीम अपने चौथे मैच में जर्मनी से 0-1 से हार गई।भारत के लिए पहला क्वार्टर चुनौतीपूर्ण रहा और जर्मनी ने मैच के शुरुआती गतिरोध को तोड़ते हुए 1-0 की बढ़त ले ली।दूसरा और तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जिससे जर्मनी आगे बना रहा, जबकि भारत ने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।अंतिम क्वार्टर में जर्मनी ने अपनी बढ़त लगभग दोगुनी कर दी, लेकिन उनके पेनल्टी स्ट्रोक को भारत के गोलकीपर ने नकार दिया।जब कुछ मिनट बचे थे, भारत के पास मैच का अंतिम अवसर पेनल्टी कॉर्नर के रूप में आया, लेकिन वे इसे भुनाने में असफल रहे और जर्मनी से 0-1 से हार मान ली।भारत अपना अगला मैच 29 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में डच क्लब ओरांजे रूड के खिलाफ खेलेगा।



## मुझे अच्छा लगता है...

# शहनाज गिल

## को डेट कर रहे हैं गुरु रंधावा? अब तोड़ी चुप्पी



गुरु रंधावा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. पिछले करीब 1 साल से उनके और शहनाज गिल के डेट करने की अफवाहें चल रही हैं. दोनों एक-दूसरे के साथ वीडियो और फोटो शेयर भी करते रहते हैं. उनके वीडियो पर लोग खूब प्यार बरसाते हैं. हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कुछ नहीं कहा था. लेकिन अब डेटिंग की खबरों पर गुरु ने चुप्पी तोड़ी है.जब गुरु से सवाल किया गया कि क्या वो वाकई शहनाज को डेट कर रहे हैं. इसके जवाब में गुरु ने कहा कि वो डेटिंग की खबरों की वजह से मिल रही अटेंशन को एंजॉय कर रहे हैं और उन्हें अच्छा लग रहा है कि लोग उनके बारे में बात कर रहे हैं. गुरु ने कहा, फमुझे बहुत अच्छा लगता है, जब लोग मेरी डेटिंग लाइफ के बारे में बात करते हैं. उन्होंने मुस्कुराते हुए आगे कहा, फफैन्स मेरा नाम दुनियाभर की खूबसूरत लड़कियों के साथ जोड़ रहे हैं. मुझे ये बहुत अच्छा लग रहा है, हर लड़का अटेंशन चाहता है.

**कब शुरू हुई अफवाहें**

हालांकि गुरु ने शहनाज का नाम नहीं लिया. लेकिन उन्होंने ये माना कि उन्हें नाम जोड़ना अच्छा लगता है. दरअसल दोनों की डेटिंग की अफवाहें तब शुरू हुईं, जब पिछले साल शहनाज और उनका रोमांटिक ट्रैक 'सनराइज़' का म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ. इसके बाद से दोनों को लेकर इस तरह की अफवाहें उड़ने लगी थीं. गुरु ने इसके साथ ही ये भी कहा, वो चाहते हैं कि लोग उनके बारे में बात करते रहें. उन्होंने कहा, भले ही मैं अभी किसी को डेट नहीं कर रहा हूं, लेकिन उस खबर की वजह से, मैं जल्द ही किसी को डेट करना शुरू कर सकता हूं.

**शहनाज गिल-गुरु रंधावा**

बात अगर दोनों के काम की करें तो गुरु ने 'इशारे तेरे', 'नाच मेरी रानी', 'हाई रेटेड गबरू', 'सूट पटियाला' जैसे कई जबरदस्त पंजाबी गाने गाए हैं. वहीं शहनाज गिल एक एक्ट्रेस के साथ सिंगर भी हैं. उन्होंने भी कई गाने गाए हैं. वो सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में भी नजर आई थीं. हाल ही में उनका 'धूप लगदी' गाना रिलीज हुआ. इसे काफी अच्छे व्यूज मिल रहे हैं.

## मुनव्वर फारूकी ने दूसरी बार रचाई शादी, कौन हैं उनकी दुल्हनिया?



स्टैंडअप कॉमेडियन और बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी अक्सर चर्चा में रहते हैं. वो प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा तो पर्सनल लाइफ के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं. अब एक बार फिर मुनव्वर की पर्सनल लाइफ पर बड़ी अपडेट आई है. मुनव्वर फारूक ने शादी कर ली है. ये मुनव्वर की दूसरी शादी है. हालांकि मुनव्वर ने दूसरी शादी बेहद गुपचुप तरीके से की है.ोशल मीडिया पर मुनव्वर की दूसरी शादी की खूब चर्चा है. इंस्टाग्राम पर एक एंटरटेनमेंट से जुड़े अकाउंट टेली ग्लैम ने बीती रात एक पोस्ट में दावा किया कि मुनव्वर फारूकी ने 26 मई 2024 को बेहद करीबियों की मौजूदगी में शादी की. टीवी9 हिंदी डिजिटल के सोर्स ने भी इस बात को कंफर्म किया है कि मुनव्वर की शादी हो गई है.मुनव्वर फारूकी ने अपनी दूसरी शादी को बेहद प्राइवेट रखा और किसी को भी फोन तक ले जाने की इजाजत नहीं दी गई थी. शादी मुंबई के आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल होटल में हुई. टेली ग्लैम ने होटल में लगे शादी के एक बैनर को भी शेयर किया है, जिसमें रूवेड्स रू की निकाह का ज़िक्र ही. सोर्स ने बताया है कि पहले एम का मतलब मुनव्वर है और दूसरे एम का मतलब महजबीन हैं, जो अब उनकी पत्नी हैं.

**अस्पातल से निकले और कर ली शादी**

कुछ रोज़ पहले मुनव्वर फारूकी बीमार पड़ गए थे, जिसके बाद उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था. रिपोर्ट्स में बताया गया है कि शनिवार रात को ही मुनव्वर को अस्पताल से छुट्टी मिली और रविवार को उन्होंने महज़बीन से निकाह किया है.

**कौन हैं दुल्हनिया ?**

रिपोर्ट की मानें तो मुनव्वर फारूकी की पत्नी का नाम महजबीन कोटवाला है और वो एक मेकअप आर्टिस्ट हैं. शादी में सिर्फ 100 मेहमान ही शामिल हुए, इनमें 50 मुनव्वर के ओर से थे और 50 महजबीन के परिवार से थे. शादी में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से कोई भी शामिल नहीं हुआ. मेहमानों के मोबाइल फोन एंट्रेंस पर ही जमा करवा लिए गए थे. इस शादी की चर्चा हर तरफ ज़रूर है, लेकिन अब तक मुनव्वर की ओर से शादी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है. उन्होंने अब तक अपनी दूसरी शादी की पुष्टि नहीं की है.

## काव्या मारन की टीम हारी, अमिताभ बच्चन क्यों हो गए दुखी?



शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने IPL 2024 में जीत हासिल की. टीम ने IPL की ट्रॉफी तीसरी बार अपने नाम की है. इससे पहले साल 2012, 2014 और अब 10 साल बाद 2024 में केकेआर ने अपना परचम लहराया. शाहरुख, सुहाना खान, गौरी खान, आर्यन खान, अब्राम खान पूरी फैमिली, टीम के साथ सेलिब्रेट करती नजर आई. गौरी खान ने शाहरुख खान के साथ ट्रॉफी लेते हुए फोटो भी शेयर की. लेकिन वहीं दूसरी तरफ मैच हारने के बाद काव्या मारन अपनी आंखों के आंसू नहीं रोक पाईं. इस पर अमिताभ बच्चन ने भी अफसोस जाहिर किया है.अमिताभ ने केकेआर और एसआरएच के बीच हुए मैच पर अपनी राय शेयर करते हुए अपने ब्लॉग पर लिखा, आईपीएल फाइनल खत्म हो गया है और केकेआर ने बहुत ही शानदार जीत हासिल की है. एसआरएच को आसानी से मात दी गई. ये कई मायनों में निराशाजनक है, क्योंकि एसआरएच एक अच्छी टीम है. इससे पहले के बाकी के मैच में उन्होंने बहुत शानदार परफॉर्मेंस दी है. लेकिन सबसे ज्यादा इमोशनल खूबसूरत यंग लेडी, एसआरएच की ओनर को अपने आंसू छुपाते हुए देखना था.

**कोई बात नहीं डियर**

अमिताभ ने काव्या के लिए लिखा, स्टेडियम में मौजूद एसआरएच की ओनर हार के बाद इमोशनल हो गई और फूट-फूट कर रोने लगीं. उन्होंने कैमरों से अपना चेहरा फेरा और दूसरी तरफ कर लिया. ताकि वो अपने इमोशन को जाहिर न होने दे सके. मुझे उनके लिए बुरा लगा. कोई बात नहीं डियर, कल फिर एक और दिन है. काव्या का जो वीडियो सामने आया है. उसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैसे काव्या मारन दर्शकों की तरफ हाथ हिलाते हुए अपने आंसू नहीं रोक पा रही हैं. उनके इस रिएक्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

# रणबीर-आलिया

## से सलमान खान तक, अनंत-राधिका के दूसरे प्री-वेडिंग के लिए इटली रवाना हुए ये सितारे



पिछली बार अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग का आयोजन गुजरात के जामनगर में हुआ था. जहां पर मेहमानों का तांता लगा था. शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान को स्टेज पर परफॉर्म करते देखा गया था. इसके साथ ही दिलजीत दोसांझ से लेकर इंटरनेशनल पॉप सिंगर रिहाना तक, कई बड़े कलाकारों ने परफॉर्मेंस दी थी. प्री-वेडिंग के कई वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे. मार्च के बाद अब एक बार फिर महफिल सजने वाली है. इस बार सेकंड प्री-वेडिंग 28 मई से शुरू होकर 1 जून को होने जा रहा है.इस बार ग्रैंड इवेंट एक खास अंदाज में इटली में होने जा रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक कई स्टार्स जैसे सलमान खान, आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अपनी बेटी राहा कपूर के साथ, रणवीर सिंह और एमएस धोनी पत्नी साक्षी धोनी और बेटी जीवा के साथ इटली के लिए रवाना हो गए हैं. सभी को एयरपोर्ट पर देखा गया है. यानी इस बार भी बॉलीवुड स्टार्स का जमावड़ा देखने को मिलेगा. मेहमानों की देखरेख और बेहतर हॉस्पिटेलिटी के लिए 600 लोगों का स्टाफ मौजूद होगा.



**प्री-वेडिंग स्पेशल प्रोग्रम**

अनंत और राधिका की प्री वेडिंग में करीब 800 गेस्ट शामिल होंगे. 28 मई को सभी मेहमानों को एक लग्जरी क्रूज पर शानदार सफर कराया जाएगा. ये इटली से शुरू होकर साउथ फ्रांस तक का खूबसूरत सफर होगा. इसके बाद 29 मई को प्रोग्राम की शुरुआत लंच के साथ होगी. फिर 'स्टारी नाइट' थीम के साथ शाम का जश्न मनाया जाएगा. इसके बाद सभी मेहमान 30 मई को इटली के रोम में एक दिन के लिए घूमेंगे. उसके बाद एक डिनर पार्टी और एक आफ्टर-पार्टी होगी जो रात 1 बजे शुरू होगी. सेलिब्रेशन 1 जून को इटली में ही खत्म होगा.

**राधिका मर्चेंट की ड्रेस**

प्री-वेडिंग की एक और दिलचस्प बात ये है कि इसका पूरा सेलिब्रेशन स्पेस थीम पर बेस्ड होगा. इसी को ध्यान में रखते हुए राधिका मर्चेंट का आउटफिट तैयार किया गया है. वो कस्टम-मेड ग्रेस लिंग कॉउचर पीस पहनेंगी, जो 3ष्ठ होगी.